रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 348
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 22.2
न्यून. 0.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 नीरज ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रूम रवाना


# युद्ध नशे विरुद्ध 2.0

## दूसरे चरण की शुरुआत



स.भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

## पिंडां दे पहरेदार

## पंजाब का हर व्यक्ति अब बन सकता है अपने गाँव और समाज का रक्षक

### पिंडां दे पहरेदार की भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ

- जहाँ नशा बेचा या सप्लाई किया जाता है, उसकी सूचना देना
- यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो उसे नज़दीकी नशा मुक्ति केंद्र (ओ.ओ.ए.टी केंद्र) लेकर जाना

## फेज 1: 300 दिन में असल नतीजे

- **29,978 एफ.आई.आर** एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज
- **43,276 गिरफ्तारियाँ** राज्यभर में
- **30,595 किलोग्राम** नशा ज़ब्त

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## खबर संक्षेप

### जीरामजी को लेकर झूठ फैला रही कांग्रेस : बड़ौली

**चंडीगढ़/नलवा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली नलवा पहुंचे और विधायक रणधीर पणिहार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जीरामजी योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जीरामजी योजना गरीब, मजदूर लोगों के लिए रोजगार की पक्की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जीरामजी योजना को लेकर कांग्रेस जो झूठ फैला रही है उसे जनता ने नकार दिया है।

### खाली पदों को नहीं भर रही सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सैलजा ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर युवाओं के साथ विश्वासघात करने और आरक्षण विरोधी रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार को सभी भर्तियों में संविधान प्रदत्त आरक्षण नियमों को सख्ती से लागू करते हुए प्रदेश में लंबे समय से खाली पड़े लगभग 2 लाख सरकारी पदों को तुरंत भरना चाहिए। सैलजा ने बयान में कहा कि प्रदेश में कौशल विकास योजना के अंतर्गत लगभग 1 लाख 20 हजार युवा वर्षों से कार्यरत हैं। सरकार ने इन युवाओं को भविष्य में नियमित सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक न तो उन्हें नियमित किया गया और न ही नियुक्तियों में आरक्षण नियमों का पालन किया गया। युवा रोजगार को लेकर परेशान हो रहे है।

### कार की टक्कर से 7 वर्षीय बच्ची की मौत




**सोनीपत।** गांव जाजी के पास हादसे में बच्ची की मौत हो गई। गांव जाजी निवासी ताजुदीन ने बताया कि वह कंपनी में काम करते हैं और उनके पास तीन बेटियां है। वह अपनी छोटी बेटी जिया (7) के साथ एक कंपनी में आयोजित कंबल वितरण समारोह में गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वह बेटी के साथ सडक़ पार कर रहे थे तभी सोनीपत की ओर से आ रही स्विफ्ट कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बेटी घायल हो गई। चालक कार सहित भाग गया। वह बेटी को अस्पताल में लेकर पहुंचे तो बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मोहाना थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्री-बजट संवाद : मुख्यमंत्री ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में की बैठक

# कृषि आय बढ़ाने पर फोकस, मुख्यमंत्री ने बजट के लिए किसानों से मांगे सुझाव

■ जिन किसानों के सुझाव बजट में शामिल होंगे, उन्हें सत्र में बुलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार किसानों की समस्याओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर प्रभावी नीतियां तैयार कर रही है और कृषि क्षेत्र को बजट में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को जीवंत बनाए रखने में कृषि क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर बजट-पूर्व परामर्श बैठक में संबोधन दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने किसानों और हितधारकों से आग्रह किया कि वे आगामी 8 से 10 दिनों के भीतर अपने और सुझाव सरकार के चैटबॉट के माध्यम से साझा करें। उन्होंने कहा कि जब वे विधानसभा में बजट पेश करेंगे तो जिन हितधारकों के सुझाव बजट में शामिल किए जाएंगे, उन्हें बजट भाषण सुनने के लिए विशेष आमंत्रण भेजा जाएगा, ताकि वे स्वयं इस प्रक्रिया के साक्षी बन सकें।




#### ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

हरियाणा के समग्र कृषि विकास, किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कृषि विशेषज्ञों, प्रगतिशील किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों से आगामी बजट 2026-27 के लिए सुझाव लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि असली भारत गांवों में बसता है और हरियाणा की पहचान दूध-दही, मेहनतकश किसानों और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी हुई है, इसलिए हरियाणा के आगामी बजट में कृषि और सबंध क्षेत्रों के लिए विशेष ध्यान रखा जाएगा।

#### पिछले बजट में 161 में से 99 सुझाव शामिल किए

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह बैठक उनके लिए भावनात्मक रूप से भी विशेष है, क्योंकि वे स्वयं किसान के बेटे हैं और खेती-बाड़ी की कठिनाइयों को नजदीक से समझते हैं। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसान केवल अन्न उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता का संवाहक भी है। मुख्यमंत्री ने पिछली बजट-पूर्व परामर्श बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले वर्ष 9 जनवरी को आयोजित बैठक में किसानों और विशेषज्ञों द्वारा 161 बहुमूल्य सुझाव दिए गए थे, जिनमें से 99 महत्वपूर्ण सुझावों को बजट 2025-26 में शामिल किया गया। इन सुझावों के आधार पर सरकार ने कृषि क्षेत्र में कई ऐतिहासिक और व्यावहारिक निर्णय लिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि नकली बीज की रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाने की दिशा में कदम उठाए गए है। मोरनी क्षेत्र के लिए विशेष कृषि एवं बागवानी कार्य योजना तैयार की गई, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं को और सशक्त किया गया तथा मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के अंतर्गत अनुदान राशि बढ़ाई गई।

## सिरसा में किन्नू जूस प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जाएगा : राणा



■ वार्षिक प्रसंस्करण क्षमता लगभग 22 000 मीट्रिक टन होगी

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन और हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ (वीटा) मिलकर सिरसा जिले में एक आधुनिक किन्नू जूस प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना करेंगे।

कृषि मंत्री ने बताया कि यह संयंत्र पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत स्थापित किया जाएगा, जिसकी वार्षिक प्रसंस्करण क्षमता लगभग 22,000 मीट्रिक टन होगी। इस प्लांट में किन्नू के साथ-साथ अमरुद , अनार समेत अन्य फलों का भी प्रसंस्करण किया जाएगा, जिन्हें वीटा ब्रांड के तहत पैक और विपणन किया जाएगा। श्याम सिंह राणा ने कहा कि तैयार उत्पादों का विपणन हर -हित तथा वीटा स्टोर्स के माध्यम से किया जाएगा, जिससे किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलेगा और बागवानी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। यह परियोजना विशेष रूप से किन्नू उत्पादक किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और फलों की बर्बादी को कम करने में सहायक होगी।

## ग्रुप-डी के खाली पदों का विवरण मांगा

■ हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड पोर्टल पर अपलोड करने के निदेश

**चंडीगढ़।** सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को ग्रुप-डी कर्मचारियों के सुचारू समायोजन और पोस्टिंग की सुविधा के लिए हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड पोर्टल पर ग्रुप-डी के खाली पदों का विवरण तुरंत अपलोड करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी एक पत्र में, विभागों को एक सप्ताह के भीतर हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड पोर्टल रिक्विजिशन पोर्टल पर खाली पदों की जानकारी अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिन ग्रुप-डी कर्मचारियों ने अभी तक ज्वाइन नहीं किया है, उन्हें पोर्टल पर पहले से जमा की गई उनकी पोस्ट प्राथमिकताओं के अनुसार बिना किसी परेशानी के समायोजित या दोबारा पोस्ट किया जा सके।

## 64 दंत चिकित्सक भर्ती होंगे, हिसार के आजाद नगर में अस्पताल खुलेगा

■ मुख्यमंत्री ने भर्ती व अस्पताल निर्माण को दी मंजूरी

■ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना सरकार का लक्ष्य : आरती

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सकों की किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में 64 दंत चिकित्सकों की भर्ती शीघ्र की जाएगी, जिसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इस भर्ती से प्रदेश में दंत चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा तथा आम नागरिकों को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध होगा। उधर , स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री ने हिसार के आजाद नगर में 50 बेड का अस्पताल /पॉलिक्लिनिक के निर्माण को भी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि जहां भी आवश्यकता होगी वहां पर नए स्वास्थ्य संस्थान निर्मित किये जाएंगे। मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## प्रदेश से 1446 फैक्ट्रियां या तो बंद हुई या फिर पलायन कर गई : हुड्डा

■ सरकार की गलत नीतियों से उद्योगों का बुरा हाल



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के चलते हरियाणा से लगातार उद्योग पलायन कर रहे हैं। बीजेपी शासनकाल में औद्योगिक क्षेत्र की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 से अब तक हरियाणा में 1446 फैक्ट्रियां या तो बंद हो गई हैं या पलायन कर गई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के डेटा के आधार पर यह जानकारी दी है। जिसके कारण हरियाणा में बेरोजगारी, नशा, अपराध और पलायन बढ़ रहा है। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले 5 सालों में हरियाणा के औद्योगिक क्षेत्र में 12.2% की गिरावट आई है। क्योंकि, सत्ता में बैठी बीजेपी इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही। जबकि, कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में 6 नई आईएमटी बनवाए थे।

## गोल्डन ऑवर में घायलों को उपचार उपलब्ध करवाने में मदद करेगा 'संजया' एप : डीजीपी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस सड़क सुरक्षा और इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए परिवर्तनकारी पहल शुरू कर रही है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान चन्नई के सहयोग से विकसित संजया एप और बेसलाइन सर्वे एप की सहायता से अब सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण, अस्पतालों की कार्यकुशलता, गोल्डन ऑवर के भीतर उपचार उपलब्धता और ब्लैक स्पॉट सुधार की प्रक्रिया एकीकृत डिजिटल प्रणाली के माध्यम से संचालित की जाएगी। यह पहल सड़क सुरक्षा को लेकर राज्य में एक नई कार्यप्रणाली स्थापित करेगी, जिसमें डेटा और तकनीक दोनों का उपयोग तेज, पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा।

### आईआईटी चेन्नई के सहयोग से ब्लैक स्पॉट सुधरेंगे



डीजीपी अजय सिंघल ने ने कहा कि पुलिस ने सड़क सुरक्षा को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी मानते हुए इसे मिशन मोड में लागू करेगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल दुर्घटनाओं को कम करना नहीं, बल्कि राज्य में सड़क दुर्घटना मृत्यु दर को काम करना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 तक हरियाणा में एक ऐसा तंत्र स्थापित किया जाएगा जिसमें दुर्घटना की सूचना मिलते ही जल्द से जल्द आवश्यक चिकित्सा मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारा विज़न सड़क इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी मेडिकल रिस्पॉन्स को एक साथ मिलाना है।

## एसआईआर प्रक्रिया मार्च या अप्रैल में संभव



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने चंडीगढ़ में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा है कि हरियाणा में भले ही पहले चरण में एसआईआर नहीं हो रही है। लेकिन विभाग इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं, यहां पर भी मार्च या अप्रैल में इसकी पूरी पूरी संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी राजनेता के बयानों और आरोपों का जवाब तो नहीं देंगे लेकिन जब जब भी सवाल खड़े किए गए हैं, मुख्य निर्वाचन अधिकारी आफिस की ओर से उनकी पड़ताल करने के बाद में सारा कुछ स्पष्ट कर दिया गया है। राजनेताओं द्वारा बिना तथ्यों के एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का जवाब देना उचित नहीं है।

## विधानसभा में हरियाणा युवा संवाद आज से

■ प्रदेश भर से 60 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे

■ विस स्पीकर कल्याण मुख्य अतिथि होंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा में 16 और 17 जनवरी को दो दिवसीय हरियाणा युवा संवाद का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण मुख्य अतिथि होंगे, जबकि शनिवार को समापन सत्र में विस उपाध्यक्ष डॉ.कृष्ण मिड्ढा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के लिए 60 से अधिकत प्रतिभागियों का चयन किया गया है। ये युवा प्रतिभागी हरियाणा के विकास पर अपने विचार और रचनात्मक समाधान प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन राजधानी युवा संसद के सहयोग से किया जा रहा है। इस युवा संवाद में शामिल होने वाले प्रतिनिधि अलग-अलग शैक्षणिक, व्यावसायिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि से संबंधित हैं।

## तय समय सीमा में प्लाट का कब्जा न देने पर एचएसवीपी पर जुर्माना

चंडीगढ़। हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने फरीदाबाद में विकास कार्यों की स्थिति से संबंधित एक मामले में यह स्पष्ट किया है कि प्लॉट की ई-नीलामी से पूर्व स्थल पर आवश्यक विकास कार्य पूर्णता अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि आवंटियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ई-नीलामी में शामिल किए जाने वाले प्लॉट्स पर सभी आवश्यक सुविधाओं का उपलब्ध होना आवश्यक है, जिससे आवंटी समय पर निर्माण कार्य आरंभ कर सकें। मामले में यह पाया गया कि 24 नवंबर 2023 को जारी आवंटन पत्र के साथ कब्जा प्रस्तावित किया गया, जबकि स्थल पर कुछ विकास कार्य शेष थे। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि आवंटन पत्र की शर्त संख्या–5 के अनुसार 30 दिनों के भीतर कब्जा न दिए जाने की स्थिति में ब्याज देय होता है। आयोग ने पांच हजार का जुर्माना भी लगाया।

## राहुल गांधी विदेशी ताकतों के हाथ में खेल रहे, वो क्या प्रशिक्षण देंगे : बेदी

■ मंत्री कृष्ण बेदी का कांग्रेस के कुरुक्षेत्र शिविर पर कटाक्ष

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मंत्री कृष्ण बेदी ने कुरुक्षेत्र में उत्तराखंड और हरियाणा कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर कहा कि कांग्रेस संगठन से पहले पार्टी नेता राहुल गांधी को प्रशिक्षण की सबसे ज्यादा जरूरत है। कृष्ण बेदी ने चुटकी ली कहा कि यह शख्स लगातार 99 चुनाव हार चुका है, वो कैसे ट्रेनिंग देगा। जिसको ये नहीं पता कि पार्टी को क्या दिशा देनी है, वो ट्रेनिंग क्या देगा, एक व्यक्ति जो विदेशी ताकतों के हाथ में खेल कर देश का अहित करता है, वो कैसे ट्रेनिंग देगा। बेदी ने कहा कि भाजपा से कांग्रेस का कोई मुकाबला नहीं है क्योंकि कांग्रेस का ना तो संगठन है, ना ही उनके कार्यकर्ता है. कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मान चुके हैं कि अब उनकी सरकार सपनों में बनेगी। कार्यकर्ताओं का भी कांग्रेस से मोहभंग होता जा रहा है। कांग्रेस अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। जनता जानती है कि कांग्रेस देश का भला नहीं कर सकती।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा का जनाधार बढ़ा : शर्मा

**पंचकूला।** भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा और पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल बरवाला मंडल के मट्टावाला गांव में आयोजित मंडल स्तरीय बैठक में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों का जायजा लेने पहुंचे। इस मौके पर कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए फणीन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि पंचकूला विधानसभा के ग्रामीण अंचल में पार्टी का जनाधार हाल के वर्षों में काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गांव की उन्नति और खुशहाली के लिए निरंतर काम कर रही है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा को प्रचंड जीत दिलवाने में हरियाणा के ग्रामीण मतदाताओं की बड़ी भूमिका रही।

## जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच सहभागिता बढ़ाने से लोकतंत्र मजबूत होगा : विस स्पीकर

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को नई दिल्ली पहुंच 28वीं राष्ट्रमंडल पीठासीन अधिकारी एवं स्पीकर कॉन्फ्रेंस में शिरकत की। संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अनेक राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों से मुलाक़ात भी की। उन्होंने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच सहभागति बढ़ने से लोकतंत्र मजबूत होगा। इस मौके पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर, जगदंबिका पाल सहित देशभर से आए वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### हरविन्द्र कल्याण ने 28वीं राष्ट्रमंडल स्पीकर कॉन्फ्रेंस में की शिरकत



इस कॉन्फ्रेंस में दुनिया भर के 61 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान लोकतंत्र, संसद की कार्यप्रणाली तथा प्रगतिशील लोकतांत्रिक संस्थाओं को और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य जन-प्रतिनिधियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग का समन्वय और निगरानी के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव से भी अवगत करवाया गया। जनता और संसद के बीच सहभागिता बढ़ाने के नए उपायों पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर सांसदों और सचिवालय कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी मंथन हुआ।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में गांव जाखन दादी में राजकीय आई.टी.आई. का निर्माण (स्ट्रीट लाइट और सिक्योरिटी लाइट का प्रावधान)। | 13.01.2026 21.01.2026 | 15.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में बहुस्तरीय बेसमेंट पार्किंग में फिनिशिंग का बकाया कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 74.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में बहुस्तरीय बेसमेंट पार्किंग में ट्राईमिक्स कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 115.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में नूह पलवल रोड (कि.मी. 15.75 से 32.00) (एसएच-13) (आईडी 3536) पर 40 मिमी बीसी और 80 मिमी आईपीबी सहित चौड़ा करने के प्रावधान द्वारा एस/आर (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत (एसएच एएनडीएमडीआर) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 21.01.2026 | 398.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में गांव तलाकौर राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण। | 14.01.2026 21.01.2026 | 25.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | रबी सीजन 2025-26 से पूर्व आरडी 0 से 39700 तक गगसीना माइनर की आंतरिक सफाई + 3 कार्य। | 13.01.2026 20.01.2026 | 5.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बिजोपुर, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल (जीडब्ल्यूएम) की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 13.01.2026 20.01.2026 | 239.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज रेवाड़ी | 3 अदद प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट्स (श्रेड्डर, बेलिंग, डस्ट रिमूविंग मशीन) की आपूर्ति। | 15.01.2026 21.01.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | कोहंड ब्लॉक घरौंडा में फिरनी की मरम्मत और पूरा करना। | 12.01.2026 22.01.2026 | 61.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ संरक्षण कार्य के लिए नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 14.01.2026 20.01.2026 | 31.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | खेदड़ : अग्रलिखित हेतु डीएनआईटी I) गांव खेदड़ में जलापूर्ति योजना का अपग्रेडेशन, 2.00 एमएलडी डब्ल्यूटीपी का निर्माण, 600 मिमी आई/डी आरसीसी एनपी2 आई/सी बिछाना, चारदिवारी की मरम्मत, 1 अदद आरसीसी सैंड्स टैंक 175×95×1.22 एम. का निर्माण, 3 अदद आरसीसी सीडब्ल्यूटी 16×10×1.22 एम. प्रत्येक का निर्माण, 335 एम. चारदिवारी का निर्माण, 120 एम. चारदिवारी का विखण्डन, पाइप लाइन बिछाना, क्षतिग्रस्त एच.एच. कनेक्शन की बहाली और नये जल कनेक्शन का प्रावधान II) सीवरेज प्रणाली का प्रावधान, 2.50 एमएलडी एसटीपी, एमपीएस का निर्माण, एसटीपी और एमपीएस पर स्टाफ क्वार्टर 440 वर्गफुट का निर्माण, सिंगल ब्रिक लेयर साइड लाइनिंग तालाब आकार 98×98×3.05 एम. का निर्माण, तालाब तक 350 मिमी आई/डी 20 मी. आरसीसी एनपी3 स्लज पम्प बिछाना, एचडीपीई पाइप 315 मिमी ओ/डी 1750 एम. बिछाना, सीवर लाइन 200 मिमी से 600 मिमी तक बिछाना, ब्रिक मेसनरी मैनहोल, 2 मकानों के कनेक्शन हेतु निरीक्षण चैम्बर समेत चारदिवारी, सीमेंट कंक्रीट पथ और रोड का निर्माण, हाउसहोल्ड सीवरेज कनेक्शन और गली इत्यादि का पुनरोद्धार, पम्पिंग मशीनरी, इलैक्ट्रिकल पैनल, पी/एम का स्पेशल्स, सभी प्रकार से पूर्ण ओ एवं एम और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य"। | 07.01.2026 03.02.2026 | 2786.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-246249 ee2hissar@gmail.com |
| 12 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में सेंट्रल लाइब्रेरी हेतु मेडिकल बुक्स के लिए निविदा। | 16.01.2026 02.02.2026 | 25.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | सीवर मैनहोल, आईपीएस, एमपीएस, सभी प्रकार से पूर्ण एसटीपीएस समेत गली से गली तक जीपीएस एनेबल्ड एप्लीकेशन एआरसीजीआईएस पर हिसार कस्बे के मौजूदा सीवरेज नेटवर्क की मार्किंग और जीआईएस आधारित डिजिटल सर्वे के लिए परामर्शदायी सेवाएं। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 7.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 14 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | हिसार शहर में सुपर सक्कर गाद निकालने की मशीन द्वारा विभिन्न आकार के सीवर लाइंस की सफाई। पी2 | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | 132.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 15 | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य संस्थान हरियाणा | एसआईएचएफडब्ल्यू हरियाणा में कैंटीन और कैफेटेरिया सेवाओं हेतु निविदा। | 15.01.2026 16.02.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 8284802103 admn.sihfwhry@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/340/42089/I/88/6 दि. 15.01.26

रोहतक
शुक्रवार 16 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 348
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 22.2
न्यून. 0.2

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 भारत के कई बड़े स्कोर को न्यूजीलैंड ने सफलतापूर्वक किया ध्वस्त

## खबर संक्षेप

### वित्तीय रिपोर्ट की निगरानी के लिए नई एआई पहल



**नई दिल्ली।** वित्तीय रिपोर्टों की गुणवत्ता पर नजर रखने और सरकारी कामकाज को तेज करने के लिए सरकार ने एक नई एआई पहल की है। इस पहल का नाम 'इंडिया एआई फाइनेंशियल रिपोर्टिंग कंप्लायंस चैलेंज' रखा गया है। इसका उद्देश्य एआई की मदद से ऐसे डिजिटल समाधान तैयार करना है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की जांच आसान बना सकें। यह पहल एनएफआरए और इंडिया एआई की साझेदारी से शुरू की गई है। *एजेंसी*

### मकर संक्रांति पर 91 लाख ने किया स्नान



**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर कड़कड़ाती ठंड पर आस्था भारी रही। भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेला प्रशासन के अनुसार शाम पांच बजे तक 91 करोड़ श्रद्धालुों ने मकर संक्रांति पर त्रिवेणी में स्नान किया। पूरे माघ मेले में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम रहे। एटीएस के साथ पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की गई। श्रद्धालु सिर पर गठरी, हाथों में बैग, झोला लिए पैदल संगम की ओर बढ़ते रहे। *एजेंसी*

## कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए सरकार ने आगे बढ़ाई छुट्टियां

# अब 19 से खुलेंगे स्कूल, शीतलहर की चपेट में प्रदेश, पारा 0.2 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी और उत्तर पश्चिमी हवाओं के चलने से हरियाणा के मैदानी इलाकों में न्यूनतम पारे में तेजी से गिरावट आई है। समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। इस बीच प्रदेश सरकार ने शीतलहर के कारण स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी है। डायरेक्ट्रेट ऑफ स्कूल एजुकेशन ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अब सभी स्कूल 17 जनवरी तक बंद रहेंगे। 18 जनवरी का रविवार है, ऐसे में सभी सरकारी और निजी स्कूल 19 जनवरी को खुलेंगे। वहीं, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के प्रैक्टिकल एग्जाम पहले की तरह ही चलते रहेंगे। प्रदेश में गुरुवार को हिसार इस सीजन में सबसे ठंडा रहा। हिसार का रात्रि पारा 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस कम है। हिसार में रात्रि पारा पिछले दो दिनों से एक डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। बुधवार को हिसार का न्यूनतम पारा 0.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। पारा शून्य के करीब पहुंचने से जमीन की सतह पर पाला जमने लगा है।

| न्यू. पारा | |
|---|---|
| हिसार | 0.2 |
| महेंद्रगढ़ | 0.8 |
| नारनौल | 1.5 |
| जींद | 2.6 |
| सोनीपत | 2.6 |
| मेवात | 2.9 |
| सिरसा | 2.9 |
| रोहतक | 3.8 |
| फरीदाबाद | 4.1 |
| पानीपत | 4.1 |
| चंडीगढ़ | 4.5 |
| करनाल | 4.8 |
| अंबाला | 5.0 |
| गुरुग्राम | 5.3 |



**प्रदेश में हिसार सबसे ठंडा, पारा जमाव बिंदु के नजदीक**

■

**अगले सप्ताह की शुरुआत में राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश की संभावना**

*मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी व 19 जनवरी रात्रि को आने से मौसम में बदलाव बने रहने की संभावना है, जिससे 17 व 18 जनवरी को आंशिक बादलवाई व एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी होने के आसार हैं, परंतु 19 जनवरी के बाद राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश की संभावना बन रही है।*

### हल्की बूंदों की तरह बरस रहा कोहरा

कड़ाके की ठंड के चलते गुरुवार सुबह के समय कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा। कोहरा हल्की बूंदों की तरह बरस रहा था। घने कोहरे के चलते दृश्यता भी काफी कम रही। इसके चलते लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों को सामना करना पड़ा। खेतों में पाला जमने की सूचना है। पाले ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। दोपहर में धूप खिलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली।



### बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए फैसला

शिक्षा विभाग का कहना है कि लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों की सेहत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सर्दियों की छुट्टी का फैसला लिया गया है। सभी स्कूल 17 जनवरी तक बंद रहेंगे। 18 जनवरी का रविवार है, ऐसे में अब सभी सरकारी और निजी स्कूल 19 जनवरी को खुलेंगे। इससे बच्चों को बहुत ज्यादा ठंड में स्कूल आने-जाने की दिक्कत नहीं होगी।

### ठंड-हादसों में 3 की मौत

▶▶। कुरुक्षेत्र के लाडवा में धुंध के कारण तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में 19 वर्षीय कराटे खिलाड़ी गांव जोगी माजरा निवासी एकांत की मौत हो गई।

▶▶। यमुनानगर के पांसरा रेलवे फाटक के पास नम्बरदार धर्मकांटा के सामने ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किशोर विक्रम की मौत हो गई।

▶▶। कैथल में 65 वर्षीय बुजुर्ग की ठंड लगने से मौत हो गई।

# कांग्रेस के पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप और बेटे के घर ईडी का छापा

### *आवास और ऑफिस का रिकॉर्ड खंगाला, 10 घंटे चली कार्रवाई*

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** फरीदाबाद जिले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह और उनके बेटे विजय प्रताप के सैनिक कॉलोनी स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। ईडी की टीम पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ उनके निवास पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। यह छापेमारी उनके कार्यालय पर भी चल रही है। ईडी की यह कार्रवाई किसी विशिष्ट मामले से जुड़ी मानी जा रही है। फिलहाल, टीमें उनके आवास और ऑफिस से रिकॉर्ड खंगाले। करीब 10 घंटे से ये कार्रवाई चलती रही। जब चौधरी महेंद्र प्रताप के बेटे विवेक प्रताप गेट से बाहर निकले, तब उनके साथ सीआरपीएफ की टीम ने धक्का मुक्की की और वे उन्हें मीडिया के सामने बोलने से रोकते हुए नजर आए।



महेंद्र प्रताप के बेटे विवेक प्रताप की सीआरपीएफ टीम के साथ धक्का मुक्की भी हुई। *फोटो : हरिभूमि*

**पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ दी दबिश, महेंद्र प्रताप 5 बार विधायक व दो बार कैबिनेट मंत्री रह चुके**

### सात माह पहले पूर्व मंत्री का फार्महाउस भी तोड़ा था

करीब सात माह पहले ही वन विभाग और नगर निगम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद के अरावली वन क्षेत्र में पूर्व मंत्री का फार्महाउस तोड़ दिया था। 6 जेसीबी मशीनें लगाकर यह कार्रवाई की गई थी। बता दें कि चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह हरियाणा कांग्रेस के प्रमुख चेहरे हैं। वे फरीदाबाद जिले के नवादा कोह गांव के रहने वाले हैं और 5 बार विधायक व दो बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। हाल ही में 2024 लोकसभा चुनाव में वे फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार थे, जहां उन्होंने भाजपा के कृष्णपाल गुर्जर के खिलाफ मजबूत मुकाबला लड़ा था। उनके बेटे विजय प्रताप भी दो बार चुनाव लड़ चुके हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी प्रिंसिपल को 20 वर्ष की कैद, 25 हजार जुर्माना

■ **चौथी कक्षा की छात्रा के साथ की थी दरिंदगी**

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रहास की फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी प्रिंसिपल को 20 वर्ष का कठोर करावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सदर थाना इलाका गांव की एक महिला ने दस अगस्त 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी दस वर्षीय बेटी गांव के ही निजी स्कूल मे चौथी कक्षा की छात्रा है। हर रोज की भांति उसकी बेटी स्कूल में गई थी। घर वापस लौटी तो उसके पेट तथा पैरों में दर्द था। परिजनों के पूछने पर बालिका से बताया कि वह स्कूल के कमरे में बैठी थी। उसी दौरान प्रचार्य यशपाल वहां आया और कमरे की खिड़की बंद करने के लिए कहा। जिसके बाद प्राचार्य उसे स्कूल का नया हाल दिखाने की बात कह कर उसे बाथरूम में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बारे किसी को बताने पर उसे धमकाया गया। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपित स्कूल प्राचार्य यशपाल के खिलाफ दुष्कर्म करने, बंधक बनाने यौन उत्पीड़न करने तथा छह पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया।






## खबर संक्षेप



### पूर्व विधायक रविंद्र आरएलडी में शामिल

**समालखा।** समालखा विधानसभा से पूर्व विधायक रविंद्र मच्छरौली ने दिल्ली में राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मंत्री जयंत के तुगलक रोड स्थित सरकारी आवास पर लोकदल का दामन थामा। रविंद्र समालखा हलके से निर्दलीय विधायक रह चुके है। वहीं, 2019 और 2024 में भी चुनाव लड़े थे, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था।

### बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले को 6 साल की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के दोषी सुरेन्द्र सिंह वासी गोहना जिला सोनीपत को 6 साल कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 22 अक्टूबर 2023 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना सदर पिहोवा निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसके घर पर रिक्शा में नामालूम अपाहिज व्यक्ति आया। घर पर आकर उसने रिक्शा में हवा भरने के लिए पम्प मांगा जब उसकी 8 साल की लड़की पम्प देने लगी तो उस व्यक्ति ने उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ की।

### केंद्रीय विवि में दाखिले को पंजीकरण शुरू

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में उपलब्ध स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया तीन जनवरी से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय में स्नातक कार्यक्रम में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए आगामी 30 जनवरी तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 में सीयूईटी के अंतर्गत कुल सात स्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन व अन्य विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगइन करें।

### फ्रेंचाइजी के नाम पर धोखाधड़ी, तीन काबू

**फतेहाबाद।** फ्रेंचाइजी के नाम पर हजारों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 हजार की नकद राशि भी बरामद की है। आरोपियों की पहचान अमर पुत्र मुख्तयार निवासी अलीके, जिला फिरोजपुर, पंजाब, अमन पुत्र नाथूराम निवासी बगवाली बस्ती, फिरोजपुर तथा सुखविंदर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी कंबोज नगर, फिरोजपुर के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार पुत्र छेलुराम निवासी गांव भुथन कलां, फतेहाबाद ने बताया कि उसने फेसबुक पर सेंसर कंपनी का एक विज्ञापन देखा था। आरोपियों ने फ्रेंचाइजी व प्रोडक्ट दिलाने के नाम पर उससे 61 हजार 749 की राशि ट्रांसफर करवा ली, लेकिन न तो कोई प्रोडक्ट उपलब्ध करवाया गया और न ही राशि वापस की गई।

## कोर्ट के आदेश पर गांव नडैल बना पुलिस छावनी

# जमीन नीलामी रुकवाने को किसान संगठन और पुलिस आमने-सामने

- आढ़ती के पैसे न चुकाने पर शुरू हुआ था 37 कनाल 13 मरले जमीन का विवाद, 17 दिसंबर को भी नहीं हो पाई थी बोली
- भारी विरोध और बोलीदाता के नहीं आने के चलते बैरंग लौटे अधिकारी



**फतेहाबाद।** गांव नडैल में नीलामी के विरोध में धरना देते किसान। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

जिले के जाखल खंड के गांव नडैल में एक किसान की जमीन नीलामी के लिए पहुंचे अधिकारियों का किसानों ने जमकर विरोध किया और सैकड़ों किसान गांव में धरना देकर बैठ गए। हालांकि किसानों के विरोध को देखते हुए पहले ही काफी पुलिस बल की गांव में तैनाती की गई थी। विरोध के चलते नीलामी करवाने आए अधिकारी दोपहर बाद वापस लौट गए। इससे पहले 17 दिसंबर को भी बोली नहीं हो पाई थी।

बता दें कि पिछले कई दिनों से चर्चित पैसों के लेनदेन के मामले में वीरवार को न्यायालय के आदेश पर नीलामी की प्रक्रिया को लेकर जाखल के नायब तहसीलदार रशविंदर सिंह व जाखल थाना प्रभारी सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे। नीलामी को लेकर किसान संगठनों के विरोध को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और गांव पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया। नीलामी प्रक्रिया से पहले ही भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां के आह्वान पर काफी संख्या में किसान भी विरोध के लिए गांव में पहुंच गए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

किसान संगठन ने बुधवार देर शाम को ही वीडियो जारी करते हुए किसानों को भारी संख्या में नडैल पहुंचने का आह्वान किया था। वीरवार को धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि किसान की जमीन को किसी भी सूरत में नीलाम नही होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान संगठन गांव के किसान के साथ मौके पर खड़ा है। दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक कोई भी बोलीदाता जमीन की बोली लगाने के लिए नहीं आया। किसानों के विरोध को देखते हुए नीलामी के लिए आए अधिकारी बैरंग वापस लौट गए।

**कोर्ट के आदेश के अनुसार आढ़ती भी पहुंचा :** इस मामले में कोर्ट के आदेश अनुसार जगदीश चंद आढ़ती भी नीलामी के समय मौके पर मौजूद रहा। कोर्ट के आदेश थे कि डिग्री धारक मौके पर उपस्थित होना चाहिए। बता दें कि जगदीश चंद द्वारा पहले से ही अपनी सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर मांग की गई थी। हालांकि वह भी इस कार्रवाई के दौरान मौके पर उपस्थित नजर आए।

### कोई बोली लगाने नहीं आया

कोर्ट के दिशा निर्देश अनुसार वीरवार को नीलामी की प्रक्रिया करने के लिए प्रशासन अपनी तरफ से पहुंचा हुआ था, परन्तु कोई भी बोलीदाता बोली लगाने के लिए नही पहुंचा जिसके चलते प्रशासन वापिस आ गया। रिपोर्ट न्यायालय को पेश की जाएगी।
- रशविन्दर सिंह, नायब तहसीलदार, जाखल



### यह है विवाद

यह नीलामी पैसों के लेन-देन से जुड़े मामले में किसान बलौर सिंह पुत्र नाहर सिंह निवासी नडैल की करीब 37 कनाल 13 मरला कृषि भूमि को लेकर की जानी थी। इससे पहले 17 दिसंबर को भी नीलामी नहीं हो सकी थी। पिछली नीलामी के दौरान नायब तहसीलदार द्वारा कार्रवाई में बाधा डालने और बंधक बनाए जाने के आरोप लगाए गए थे, जिस पर 14 किसानों को नामजद कर मामला दर्ज किया गया था।

# रामपाल की प्रशंसा पर विधायक वत्स को कानपुर से आई धमकी



**झज्जर।** पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स।

- फोन कर खुद को रामचंद्र यादव बताने वाले शख्स ने विधायक को दी गालियां व बम धमाके से जान से मारने की चेतावनी
- विधायक का दावा-18 से 20 नेताओं को मिल चुकी हैं धमकियां, डीजीपी से मुलाकात कर अवगत करवाएंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

बादली विधानसभा से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी गई है, जिसकी शिकायत विधायक ने पुलिस को दी है। इस संबंध में वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप वत्स ने बताया कि उन्हें मोबाइल पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाला खुद को कानपुर का बदमाश रामचंद्र यादव बता रहा है, जिसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की धमकियां सिर्फ उन्हें ही नहीं, बल्कि हरियाणा के 18 से 20 अन्य नेताओं को भी मिल चुकी हैं, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि कुछ रोज पूर्व गिरावड़ गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में रामपाल की प्रशंसा की थी, जिसके कारण वह नाराज बताया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि रामपाल की ओर से बादली विधानसभा क्षेत्र के किसानों को बरसाती पानी की निकासी के लिए कई करोड़ रुपये के पंप सेट उपलब्ध कराए गए थे। समाज और किसानों के हित में किए गए इस कार्य की वह आगे भी प्रशंसा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह इन धमकियों से डरने या झुकने वाले नहीं हैं। जल्द ही सीएम और डीजीपी से मिलकर भी मामले से अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी गई है।

### 9 सेकंड की क्लिप सुनाई

विधायक कुलदीप वत्स ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि उनकी आरोपी से 11 मिनट 27 सेकेंड तक बात हुई। विधायक कुलदीप का कहना है कि आरोपी पहले संपत सिंह और दिग्विजय चौटाला को भी धमकी मिल चुकी है। पीसी में विधायक ने एक 9 सेकेंड की ऑडियो भी सुनाई, जिसमें आरोपी कह रहा है कि ये जितने भी सांसद, विधायक है...इस देश का कल्याण तभी होगा, जब सबको एक छत के नीचे बैठाकर बम मार दिया जाए।

# ऑनलाइन गेम की वजह से कर्ज में डूबे युवक ने की आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

ऑनलाइन गेम की लत ने पानीपत के एक युवक की जान ले ली। विकास नगर की गली नंबर नंबर एक निवासी अक्षय कुमार पुत्र राजेश कुमार ने अपने घर के कमरे में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। वहीं घटना की सूचना मिलने पर औद्योगिक हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच की।

इधर, पुलिस की जांच में अक्षय की पत्नी ने बताया कि उसका पति ऑनलाइन गेम एविएटर में लाखों रुपये हारने और भारी कर्ज में डूबने के कारण मानसिक तनाव में था। कर्ज के कारण मानसिक तनाव के चलते अक्षय ने फंदे पर लटक कर अपनी जीवनलीला खत्म कर ली। बताया जा रहा है कि अक्षय पर जल्दी अमीर बनने की धुन सवार थी। इसके चलते अक्षय अधिकांश समय ऑनलाइन सट्टेबाजी की गेम खेलता रहा था, जो धीरे-धीरे उसकी लत में तब्दील हो गया। हालांकि इस पूरे मामले की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। दूसरी ओर, हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस ने जांच के बाद अक्षय के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं, पुलिस अक्षय के मोबाइल फोन की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने किस-किस प्लेटफॉर्म पर कितनी धनराशि लगाई और ऋण देने वाले अक्षय को किस तरह परेशान कर रहे थे।

### ऐसा होता है गेम

एविएटर गेम पूरी तरह से एक जुए जैसा है, जिसमें स्किल कुछ नहीं है। जैसे ही आप ऑनलाइन शर्त लगाते हैं तो प्लेन उड़ान भरता है और वैसे ही रकम बढ़नी शुरू हो जाती है और किसी भी प्वाइंट पर अगर प्लेन क्रैश हो जाता है रकम डूब जाती है। खेलने वाले को प्लेन क्रैश होने से पहले रकम निकालनी होती है। ज्यादा मुनाफे के लालच में रकम डूब जाती है।

### युवक की हत्या कर शव फेंका, राजेश व भारती के डेबिट कार्ड मिले

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद थाना पुलिस के अंतर्गत दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-44 पर वीरवार सुबह एक युवक का अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद हुआ। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक की गर्दन के पास चोट का गहरा निशान था। आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर शव को फेंका गया है। सूचना पर शाहाबाद थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। साथ ही राजकीय रेलवे पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए एलएनजेपी अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवाया है। पुलिस के मुताबिक वीरवार सुबह कुछ राहगीर शाहाबाद के दंगल ग्राउंड से गुजर रहे थे। उन्होंने वहां शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। युवक की उम्र 30-35 साल लग रही है। उसने ब्लैक हुड्डी, ब्लू जींस और वाइट जूते पहने हुए थे। उसके पास दो डेबिट कार्ड बरामद हुए हैं। एक कार्ड पर राजेश पुत्र भीम लिखा है और दूसरे पर भारती शाह का नाम है।

## भिवानी के लोहारी जाटू गांव में शराब पीने के बाद युवक की मौत का मामला

# ठेके के पीछे से टीम ने जांच के लिए नमूने लिए

- तीन पीड़ितों को मिली अस्पताल से छुट्टी, अधिकारियों को मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा**

लोहारी जाटू गांव में देसी शराब पीने के बाद एक युवक की मौत मामले में दूसरे दिन भी ठेके के पास से टीम ने सैंपल लिए। तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती करवाए गए पांच में से तीन लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दी गई है,लेकिन दो युवक अभी निजी अस्पतालों में इलाज पा रहे है। उनकी हालत में भी सुधार बताया जा रहा है। मौत के कारणों पर अभी न तो पीड़ित मुंह खोल रहे हैं और पुलिस भी जवाब देने में कतरा रहा है। दूसरी तरफ इसी मामले को लेकर पुलिस, एफएसएल की टीम व एनफोर्समेंट की टीम गांव लोहारी जाटू पहुंची और शराब के ठेके के पास जिस जगह पर युवक बेसुध पड़े थे, उस जगह की जांच पड़ताल की। जिस जगह पर पीड़ितों ने उल्टियां की थी और मुंह से निकले झाग गिरे थे, उन जगहों पर मिट्टी के साथ इन चीजों के सैम्पल लिए ताकि मामले की तह तक जाया जा सके। दूसरी तरफ इस मामले में उपचार पाने के बाद घर लौटे युवकों को काफी कुरेदा गया,लेकिन वे मुंह खोलने को तैयार नहीं हैं। इसी तरह बवानीखेड़ा थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने भी इस बारे में कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि जब तक रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

मौके पर पहुंचे एनफोर्समेंट पीएसआई के अधिकारी रणवीर ने बताया कि मामला काफी संवेदनशील है। जांच के लिए सैंपल भेजे गए हैं जांच के बाद यह कहना मुनासिब हो पाएगा कि शराब के सेवन मृत्यु हुई है या कोई अन्य कारण रहा है।



**बवानीखेड़ा।** ठेके के पीछे की जगह को जांचते अधिकारी, उक्त जगह पर ही पीड़ित युवक अचेत गिरे हुए थे। फोटो : हरिभूमि

### ठेका करवाया बंद

मकर संक्रांति पर्व पर गांव लोहारी जाटू के बस अड्डे के नजदीक स्थित शराब के ठेके पास कुछ युवक पड़े हुए थे। जांच करने के बाद पता चला कि उनमें से एक युवक की मौत हो चुकी थी। बाकी की सांसें चल रही थी। उस वक्त सभी के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी। बाद में सभी को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। इनमें से एक युवक जितेंद्र की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शराब के ठेके को आबकारी विभाग को सूचना भेजकर सील करवा दिया था। अब शराब का ठेका बंद है। पुलिस उस पर नजर रखे हुए है और संचालक की तलाश जारी है।

# छापा मार साढ़े 4 हजार लीटर घी के सैंपल भरे

- टीम ने जांच के बाद पिल्लूखेड़ा में दुकान को किया सील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद**

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने धडौली रोड पिल्लूखेड़ा मंडी में श्री साई फूड प्रोडक्ट पर छापेमारी कर भारी मात्रा में बरामद घी व अन्य सामान के सैंपल लिए हैं। सैंपलों को जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल फैक्टरी को सील कर दिया गया है।

जिला खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को सूचना मिली थी कि धडौली रोड पिल्लूखेड़ा मंडी में श्री साई फूड प्रोडक्ट पर मिलने वाला घी संदिग्ध है। निरीक्षक डॉ. योगेश कादियान के नेतृत्व में टीम ने फैक्टरी पर छोमपरी की। टीम ने यहां से कुल साढ़े चार हजार लीटर घी के पांच सैंपल लिए हैं। जिनमें मोक्ष डेयरी 1633 लीटर, हरियाणा डेयरी के कुल 547 किलोग्राम सहित अन्य उत्पादों के लगभग साढ़े चार हजार लीटर घी के सैंपल लिए हैं। डॉ. योगेश कादियान ने बताया कि सूचना मिली थी कि धडौली रोड पर फैक्टरी में मिलावटी घी तैयार किया जा रहा है। सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल फैक्टरी को सील कर दिया गया है।




**जींद।** छापेमारी के बाद दुकान को सील करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ठगों को खाता देने वाले भाई-बहन पकड़े

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लबगढ़ की टीम ने एपीके फाइल भेज कर 35995 रुपये की ठगी करने के एक मामले में भाई व बहन को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-2 निवासी एक महिला ने शिकायत में बताया था कि उसने गूगल से ब्लिंकिट के कस्टमर केयर का नंबर लेकर संपर्क किया था। जवाब में आई एपीके फाइल डाउनलोड करते ही उसके पैसे कट गए। यह पैसे दिल्ली से सगे भाई-बहन की फर्म श्री श्याम कॉस्मेटिक लिमिटेड के खाते में भेजे गए थे। आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया है।

## उचाना से गर्भवती को किया रेफर, हुआ हादसा

# धुंध में ट्राली से टकराई एंबुलेंस, सास की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद**

गांव झांझ कलां के निकट जींद-पटियाला नेशनल हाईवे पर बुधवार रात स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस आगे चल रही गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली से जा भिड़ी। इसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। एंबुलेंस में प्रसव पीड़िता समेत छह लोग सवार थे। सदर थाना पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर एंबुलेंस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव खरकबूरा निवासी अजय की पत्नी सुमन (25) को प्रसव पीड़ा के चलते बुधवार देर रात उचाना नागरिक अस्पताल लाया गया था, जहां से उसे जिला मुख्यालय नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस सुमन, उसके पति अजय, सास कमलेश (52) व जेठानी सीमा को लेकर नागरिक अस्पताल ला रही थी। खटकड़ टोल प्लाजा से निकलते ही एंबुलेंस आगे चल रही गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। इससे कमलेश तथा सीमा को काफी चोटें आईं, जिन्हें दूसरी एंबुलेंस से नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान कमलेश की मौत हो गई। जबकि प्रसूता को रेफर कर दिया गया। जिसकी शहर के ही निजी अस्पताल में नार्मल डिलीवरी हो गई।



हादसे में दुर्घटनाग्रस्त हुई एंबुलेंस।

### पति ने लगाया आरोप ज्यादा थी स्पीड

मृतका के बेटे अजय ने बताया कि रात को धुंध बहुत ज्यादा थी। एंबुलेंस का चालक लापरवाही से चला रहा था। स्पीड भी ज्यादा थी। उन्होंने चालक को गाड़ी आराम चलाने के बारे में बोला था। टोल प्लाजा से निकल कर कुछ दूरी पर एंबुलेंस आगे चल रही गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली से जा भिड़ी। जिसमें उसकी मां की मौत हो गई, जबकि भाभी घायल हो गई। गाड़ी में चालक, सहायक समेत छह लोग सवार थे। वहीं चालक प्रदीप का कहना था कि मरीज की जान बचाना भी जरूरी है। धुंध ज्यादा थी। आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली दिखाई नही दी। टक्कर से किसी को चोट नहीं लगी बल्कि पीछे बैठे लोग झटके साथ आगे गिरने से चोट लगी है।

**परेशानी** फतेहाबाद में एसबीआई में तकनीकी खराबी की वजह से दहशत में रहे लोग

# चूहों ने बैंक में बजाई खतरे की घंटी, 3 घंटे घनघनाया सायरन

- सुबह पांच बजे सायरन बजने के बाद खुली लोगों की नींद, एक घंटे बाद पुलिस को दी सूचना
- करीब तीन घंटे बाद सिक्योरिटी गार्ड ने बैंक पहुंचकर सायरन बंद करवाए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

शहर के रतिया रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में वीरवार सुबह अचानक सायरन बजने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह करीब 5 बजे सायरन बजना शुरू हुआ, जोकि करीब 3 घंटे तक बजता रहा। बैंक के सायरन की आवाज सुनकर आसपास के क्षेत्र में रह रहे लोग किसी अनहोनी से दहशत में आ गए। करीब एक घंटे तक सायरन की आवाज आती रहने के बावजूद जब कोई गतिविधि नजर नहीं आई तो प्रोफेसर कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने सुबह करीब 6 बजे डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। इसके साथ ही रतिया चुंगी पुलिस चौकी को भी मामले से अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत बैंक शाखा पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बैंक अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। प्राथमिक जांच में सामने आया कि कई बार तकनीकी खामी और चूहों की वजह से भी खतरे की घंटी बज जाती है। पुलिस ने बैंक अधिकारियों को सही जांच करवाने को कहा है।

मिली जानकारी के अनुसार एसबीआई की रतिया रोड स्थित ब्रांच में वीरवार सुबह करीब 5 बजे अचानक सायरन बजने लगा। करीब एक घंटे तक भी जब सायरन बंद नहीं हुआ तो प्रोफेसर कॉलोनी के एक व्यक्ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और बैंक अफसरों के नंबर पता करके उन्हें सूचना दी। बैंक के अफसरों ने सिक्योरिटी गार्ड को सूचना दी। सुबह करीब सवा 8 बजे बैंक का सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंचा। पुलिस कर्मचारियों ने गार्ड से ब्रांच का ताला खुलवाया और अंदर जाकर जांच की। जांच के दौरान बैंक के भीतर किसी भी तरह की तोड़फोड़ या चोरी जैसी बात नहीं मिली। सभी सिस्टम और लॉकर पूरी तरह सुरक्षित पाए गए, जिससे सभी ने राहत की सांस ली।




**फतेहाबाद।** बैंक शाखा का ताला खोलते सिक्योरिटी गार्ड। फोटो : हरिभूमि

### सिस्टम की जांच करें

बैंक के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि कई बार तकनीकी खराबी या चूहों की वजह से भी सायरन एक्टिव हो जाता है। करीब तीन घंटे बाद सायरन को बंद किया गया, जिसके बाद पुलिस, बैंक अफसरों और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने बैंक प्रबंधन को तकनीकी सिस्टम की जांच कराने की सलाह दी है ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके।

रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

कठिन रास्ते खूबसूरत मंजिलों तक ले जाते हैं। विश्वास के साथ आगे बढ़ें।



5 मोदी ने संविधान सदन में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का किया उद्घाटन

## खबर संक्षेप

### ईयू के प्रेसिडेंट गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** भारत ने 77वें गणतंत्र दिवस के लिए मुख्य मेहमानों की घोषणा कर दी है। यूरोपियन काउंसिल के प्रेसिडेंट एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपियन कमीशन की प्रेसिडेंट, उर्सुला वॉन डेर लेयेन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) 2004 से रणनीतिक साझेदार हैं। पीएम मोदी ने दोनों नेताओं को समारोह में शामिल होने का न्योता दिया है। ये नेता 27 जनवरी को 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे।

### असम के छात्र पर जानलेवा हमला

**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (इग्नू) में असम के एक छात्र हिरोज ज्योति दास के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार, हॉस्टल में 4-5 छात्रों ने उससे पता और विभाग पूछा और असम का निवासी होने की जानकारी मिलते ही उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसकी नाक की हड्डी टूट गई और आंखों में चोटें आई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपी छात्रों को निष्कासित कर दिया है।



## आई पैक छापा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

# ममता को झटका, ईडी अफसरों पर दर्ज एफआईआर पर रोक

**शीर्ष कोर्ट ने कहा, एजेंसी के काम में रुकावट न डालें, सरकार दो हफ्ते के अंदर दे जवाब**

**ईडी के आरोप बेहद गंभीर, एजेंसी ईमानदारी से काम कर रही है तो उसे न रोका जाए**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आई-पैक रेड मामले में ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार से दो हफ्तों के भीतर जवाब मांगा और कहा कि केंद्रीय एजेंसी के आरोप गंभीर है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा कि सरकार ईडी के काम में दखल न डालें। एजेंसी को अपना काम करने दें। कोर्ट ने 3 फरवरी को अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर भी रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इस मामले में कुछ बड़े सवाल हैं, जिनका जवाब नहीं मिला तो अराजकता फैल सकती है। अगर केंद्रीय एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच के लिए ईमानदारी से अपना काम कर रही हैं, तो क्या उन्हें राजनीति करके रोका जा सकता है? ईडी ने 8 जनवरी को तृणमूल कांग्रेस के आईटी हेड और पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और कंपनी से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा था।



**▶▶ कोर्ट ने कहा-कुछ बड़े सवाल हैं, इनका जवाब नहीं मिला तो फैल सकती है अराजकता**

**▶▶ ममता बनर्जी पर आरोप-जांच के दौरान सारे सबूत अपने साथ ले गईं**

### अपराधियों को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने कहा, "हमें लगता है कि देश में कानून के शासन का पालन सुनिश्चित करने और प्रत्येक अंग को स्वतंत्र रूप से कार्य करने की अनुमति देने के लिए इस मुद्दे की समीक्षा करना आवश्यक है ताकि अपराधियों को किसी विशेष राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की छत्रछाया में संरक्षण न मिल सके।" उसने कहा, "इसमें बड़े सवाल शामिल हैं और उठाए गए हैं, जिन्हें अगर अनसुलझा छोड़ दिया जाए तो स्थिति और बिगड़ जाएगी तथा अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग संगठनों के शासन को देखते हुए किसी न किसी राज्य में अराजकता की स्थिति बनी रहेगी।"

### कोर्ट में हंगामे की घटना दुःखद

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी राजनीतिक दल के चुनावी काम में हस्तक्षेप करने की शक्ति किसी केंद्रीय एजेंसी के पास नहीं है लेकिन साथ ही यदि केंद्रीय एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच के लिए सद्भावना से काम कर रही हैं, तो सवाल उठता है कि क्या दलगत गतिविधि की आड़ में एजेंसियों को अपने कर्तव्य निभाने से रोका जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन फरवरी की तारीख तय की गई है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी की छापेमारी संबंधी मामले की सुनवाई के दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय में हुए हंगामे से वह अत्यंत व्यथित है।

### 2,742 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

ईडी ने कोयला तस्करी से जुड़े 2,742 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस को लेकर आई-पैक डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस पर छापा मारा था। सीबीआई ने इस मामले में 27 नवंबर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। ईडी ने 28 नवंबर 2020 को इसकी जांच शुरू की थी। यह मामला अब 5वें साल में है, लेकिन कार्रवाई ठीक उस वक्त सामने आई, जब बंगाल में मार्च-अप्रैल 2026 में चुनाव होने हैं। आई-पैक भारत की पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी है, जो राजनीतिक दलों के लिए बड़े स्तर पर चुनावी अभियानों का काम करती है। आरोप है कि 20 करोड़ हवाला के जरिए आई-पैक तक ट्रांसफर हुए। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया कि राज्य सरकार ने जांच में बाधा डाली और सबूत नष्ट किए।

# ईरान से भारतीयों को एयरलिफ्ट करेगी सरकार आज तेहरान से दिल्ली आएगा पहला विमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान में सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार ने वहां से भारतीयों को एयरलिफ्ट करने की तैयारी कर ली है। पहला विमान शुक्रवार तेहरान से नई दिल्ली के लिए रवाना होगा। जम्मू और कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने एक बयान में कहा, सभी छात्रों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। भारतीय दूतावास ने उनकी पर्सनल डिटेल और पासपोर्ट इकट्ठा कर लिए हैं। पहले बैच को सुबह 8 बजे तक तैयार रहने की जानकारी दे दी गई है। पहले बैच में गोलेस्तान यूनिवर्सिटी, शाहिद बहेश्ती यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज और तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के कुछ स्टूडेंट्स शामिल हैं। ईरान में करीब 10,000 भारतीय रहते हैं।




- ईरान में करीब 10,000 भारतीय
- 2500-3000 स्टूडेंट, जो मेडिकल की पढ़ाई कर रहे

### हेल्पलाइन नंबर और ईमेल जारी किया

एडवाइजरी में कहा गया है कि ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स हमेशा अपने पास तैयार रखें। इस संबंध में किसी भी मदद के लिए वे भारतीय दूतावास से संपर्क करें। दूतावास ने आपातकालीन संपर्क हेल्पलाइन भी जारी की हैं। +989128109115, +989128109109, +989128109102, +989932179359। ईमेलः **cons.tehran<\@>mea.gov.in**। ईरान में मौजूद वे सभी भारतीय नागरिक जिन्होंने अभी तक भारतीय दूतावास में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे इस लिंक (**https://www.meaers.com/request/home**) के माध्यम से रजिस्टर्ड करें। यह लिंक दूतावास की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। यदि ईरान में इंटरनेट बाधित होने के कारण कोई भारतीय नागरिक पंजीकरण करने में असमर्थ है, तो भारत में उनके परिवार के सदस्यों से अनुरोध है कि वे उनकी ओर से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

**घने कोहरे के कारण हादसा**

### एअर इंडिया का प्लेन बैगेज कंटेनर से टकराया, इंजन को नुकसान

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह 5:25 बजे एअर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस ए 350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई। हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस ए 350 की फ्लाइट एआई101 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। बताया कि दाहिने इंजन को नुकसान पहुंचा।

**पार्किंग के लिए ले जाते समय कोहरे के कारण हादसा यात्री-क्रू सुरक्षित**

**130 से 150 सीटें मिलने का अनुमान**

### बीएमसी चुनाव : एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को बहुमत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में गुरुवार को वोटिंग खत्म हो गई है। मतदान के बाद आए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के 3 एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान है। भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 130 से 150 सीटें मिल सकती हैं। बहुमत के लिए 114 की जरूरत है। वहीं, कांग्रेस गठबंधन को 60 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 5 से 7 सीटें आ सकती हैं। नतीजे शुक्रवार को आएंगे। स्टेट इलेक्शमन कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने कहा कि सभी नगर निगम में शाम 5:30 वोटिंग खत्म हुई। करीब 50% मतदान का अनुमान है हालांकि अंतिम आंकड़े बाद में जारी होंगे।

**उद्धव की शिवसेना को मिल सकती हैं 60 सीटें**

**समय से पहले आईएसएस से धरती पर लौटे, नासा ने कहा, सेहत सबसे ऊपर**

## पहली बार तबीयत खराब होने पर वापस लौटे 4 अंतरिक्ष यात्री

एजेंसी ▶▶| केप केनवरल

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी मिशन को समय से पहले मेडिकल कारणों से समाप्त कर दिया गया। स्पेसएक्स के क्रू-11 मिशन के तहत स्पेस स्टेशन पर मौजूद 4 अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया गया। नासा के माइक फिंके और ज़ीना कार्डमैन, जापान के किमिया यूई और रूसी कॉस्मोनॉट ओलेग प्लाटोनोव की धरती पर सुरक्षित वापसी हुई।



सुरक्षित लौटे चारों अंतरिक्ष यात्री

स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर 15 जनवरी को कैनिफोर्निया के तट के पास प्रशांत महासागर में उतरा। भारतीय समयानुसार दोपहर 2:11 बजे ड्रैगन कैप्सूल की लैंडिंग हुई। आईएसएस से ड्रैगन कैप्सूल के अनडॉकिंग से लेकर लैंडिंग तक के बीच में लगभग 10.5 घंटे का समय लगा। सुरक्षित लैंडिंग के बाद अंतरिक्ष यात्री प्रफुल्लित नजर आए। नासा ने कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों की सेहत और सुरक्षा हमारे लिए सबसे पहले है। जीना कार्डमैन ने कहा कि घर वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमें सुरक्षित ले जाने और वापस लाने वाली सभी टीमों के लिए दिल से धन्यवाद। अगस्त में शुरू हुए इस मिशन का यह अप्रत्याशित अंत था, जिसके बाद आईएसएस में केवल एक अमेरिकी और दो रूसी ही शेष रह गए हैं।

### साई हॉस्टल में मिले दो महिला खिलाड़ियों के शव

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोल्लम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) हॉस्टल में गुरुवार को दो नाबालिग स्पोर्ट्स ट्रेनी के शव कमरे में फंदे से लटके मिले। पुलिस के मुताबिक, दोनों छात्राएं स्पोर्ट्स कोचिंग ले रहीं थी और हॉस्टल में ही रह रही थीं। मृत लड़कियों की पहचान कोझिकोड जिले की सैंड्रा (17) और तिरुवनंतपुरम जिले की वैष्णवी (15) के रूप में हुई है। सैंड्रा एथलेटिक्स की ट्रेनी थी और 12वीं में पढ़ रही थी, जबकि वैष्णवी कबड्डी खिलाड़ी थी और क्लास 10वीं की छात्रा थी। घटना से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना गुरुवार सुबह करीब पांच बजे सामने आई, जब हॉस्टल के बाकी साथी ट्रेनी स्पोर्ट्स प्लेयर्स ने देखा कि दोनों लड़कियां सुबह की ट्रेनिंग सेशन में नहीं आईं। दरवाजा बार-बार खटखटाने के बावजूद जवाब नहीं मिला तो हॉस्टल अधिकारी दरवाजा तोड़कर अंदर गए।

**केरल का मामला दोनों लड़कियों की उम्र 15-17 साल के बीच**

### पोरबंदर के पास सेना ने पकड़े पाक नाव में सवार 9 मछुआरे



**गांधीनगर।** इंडियन कोस्ट गार्ड ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने पर एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव को चालक दल के 9 सदस्यों समेत जब्त किया है। गुजरात रक्षा पीआरओ विंग कमांडर अभिषेक कुमार तिवारी ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि 14 जनवरी 2026 की रात अरब सागर में गश्त के दौरान भारतीय तटरक्षक बल के एक जहाज ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास भारतीय जलक्षेत्र में एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव को देखा। चुनौती दिए जाने पर नाव ने पाकिस्तानी जलक्षेत्र की ओर भागने की कोशिश की, लेकिन कोस्ट गार्ड्स ने उसे पकड़ लिया। अल-मदीना नाम की इस बोट को पोरबंदर लाया जा रहा है।

## तीसरे बड़े पैसेंजर-व्हीकल बाजार में पिछड़ गई अमेरिकी कंपनी

# गति नहीं पकड़ पाई एलन मस्क की टेस्ला 600 ने बुक कराई, खरीदी सिर्फ 227 ने

***भारत में शुरुआती कीमत करीब 60 लाख रुपये, मेंटेनेंस भी काफी महंगा पड़ता है***

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जब 'टेस्ला ने पिछले साल के मध्य में' भारत में अपनी कार की ब्रिकी शुरू की तो उसकी उम्मीदें काफी ऊंची थीं। एलन मस्क के नेतृत्व वाली यह इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी लंबे समय से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े पैसेंजर-व्हीकल बाजार भारत में प्रवेश के संकेत देती रही थी। एक समय तो स्थानीय विनिर्माण संयंत्र लगाने की संभावना भी जताई थी। अभी एक साल से भी कम समय हुआ है और टेस्ला की शुरुआत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एक मूल्य-संवेदनशील लेकिन तेजी से विकसित होते बाजार में प्रीमियम आयातित ईवी बेचना कितना चुनौतीपूर्ण है। सुस्त मांग के कारण कंपनी द्वारा भेजी गई लगभग 300 यूनिट्स में से करीब 73 एसयूवी बिना बिके पड़ी हैं। इन्वेंटरी कम करने के लिए टेस्ला 2 लाख रुपये तक की छूट दे रही है, हालांकि ये ऑफर ग्राहकों तक चुपचाप पहुंचाए जा रहे हैं। टेस्ला को भारत में लगभग 600 बुकिंग्स मिली थीं, लेकिन इन ऑर्डर्स का एक बड़ा हिस्सा वास्तविक डिलीवरी में तब्दील नहीं हो सका। रजिस्ट्रेशन डेटा के अनुसार 2025 में टेस्ला के केवल 227 वाहनों को भारत में रजिस्टर किया। कार की शुरुआती कीमत लगभग 70,000 डॉलर (करीब 60 लाख रुपये) है।

### टेस्ला के मजबूत प्रतिद्वंद्वी




- टेस्ला की कमजोर शुरुआत के विपरीत कई वैश्विक कंपनियों ने भारत में बेहतर प्रदर्शन किया है।
- 200% तक वृद्धि हुई है बीएमडब्लू की ब्रिकी में'
- 3,700 वाहनों की ब्रिकी की उसने इस अवधि में, 88% की वृद्धि हुई बीवाईडी की ब्रिकी में पिछले साल।
- 5,400 से अधिक रही रही उसके ईवी की ब्रिकी, बीवाईडी के सीलॉयन 7 जैसे मॉडल टेस्ला से कम कीमत में अधिक फीचर्स देते हैं।

### ईवी बाजार की रफ्तार

- ▶▶ 16.37% की वृद्धि हुई 2025 में कुल ईवी खुदरा ब्रिकी में।
- ▶▶ 77% बढ़कर 99,975 से 1,76,817 हो गई इलेक्ट्रिक पैसेंजर कारों की ब्रिकी।
- ▶▶ इसमें टाटा मोटर्स, महिंद्रा और एमजी जैसे मास-मार्केट निर्माताओं ने किफायती कीमतों, बेहतर उत्पाद गुणवत्ता और सरकारी प्रोत्साहनों के चलते बाजी मारी।

**सर्विस भी है बड़ी समस्या :** भारत में टेस्ला के कुछ ही शोरूम हैं और स्थानीय मैन्यूफैक्चरिंग न होने के कारण कंपनी को वह एक्सपोजर नहीं मिलता जो स्थापित लक्जरी ब्रांडों को मिलता है। सर्विस ढांचा भी बहुत कम है, जिससे रखरखाव और मरम्मत भी बड़ी समस्या है।



## चिंतन

# अनावश्यक दबाव न बनाएं कानून को काम करने दें

केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अक्सर निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ये एजेंसियां विपक्षी दलों के निशाने पर रही हैं। सर्वोच्च अदालत भी ईडी की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर कर चुकी है। मगर हाल ही में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जो घटना हुई, उसमें न केवल ईडी, बल्कि राज्य सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। केंद्रीय एजेंसी की ओर से एक राजनीतिक परामर्श फर्म के दफ्तर पर छापे के दौरान खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वहां पहुंचकर हस्तक्षेप करना निस्संदेह कई सवाल खड़े करता है। इस घटना को लेकर ईडी और मुख्यमंत्री के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर इस तरह की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। दरअसल, ईडी ने आईपैक मामले में कोलकाता में छापेमारी की थी। इस दौरान राज्य की ममता बनर्जी मौके पर पहुंची और ईडी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कुछ फाइलें अपने साथ ले गईं। अब इस मामले में गंभीरता से विचार करने वाली बात यह है कि क्या कोई मुख्यमंत्री या मंत्री सीधे केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई में हस्तक्षेप कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि आप एक राज्य की मुख्यमंत्री हो सकती हैं, लेकिन कानून से ऊपर नहीं। जांच एजेंसी पर अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता। कोई भी मुख्यमंत्री या मंत्री एजेंसियों की कार्रवाई में बाधा नहीं बन सकता। ममता द्वारा ईडी के अधिकारियों के खिलाफ कोलकाता में दर्ज करवाए गए केस भी किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहे जा सकते। सभी को चाहिए कि कानून को अपना काम करने दें। जांच एजेंसियों पर किसी भी सूरत में अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका देते हुए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को स्थगित कर दिया और ममता बनर्जी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है और इसकी गहन जांच की जानी चाहिए। इस विवाद के कई पहलू हैं। ममता ने ईडी की कार्रवाई को जहां राजनीतिक बदला बताया है, वहीं ईडी ने इसे जांच में बाधा डालने का मामला कहा है। अब यह विवाद संवैधानिक मुद्दा बन गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच अधिकारों का टकराव हो रहा है। इसके गंभीर परिणाम दिखाई देंगे। ईडी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी ने जांच में बाधा डाली है, जबकि ममता बनर्जी ने इसे जांच की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। ईडी का कहना है कि जब देश के उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोग सरेआम जब्त किए गए सबूत छीनते हैं और उनका मीडिया में प्रदर्शन करते हैं, तो यह सीधे तौर पर संविधान और कानून के शासन का अपमान है। इस तरह की घटनाएं जांच एजेंसियों के कामकाज को कमजोर करती हैं और कानून के पालन में बाधा बनती हैं। एजेंसी ने पश्चिम बंगाल पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हुए दावा किया कि बंगाल पुलिस ने एफआईआर के नाम पर उन सीसीटीवी कैमरों को जब्त कर लिया, जिनमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अधिकारियों द्वारा जांच में बाधा डालने की पूरी रिकॉर्डिंग मौजूद थी। एजेंसी ने इसे साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश करार दिया और कहा कि केंद्रीय अधिकारियों को डराने और भविष्य में जांच से रोकने के लिए उनके खिलाफ झूठी और कई एफआईआर दर्ज की जाती हैं, ताकि वे दबाव में आकर अपना काम न कर सकें।

# भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां



**इस्लामिक नाटो**
कांतिलाल मांडोत

> हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

दुनिया की राजनीति इस समय एक गहरे बदलाव के दौर से गुजर रही है। शीत युद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब धीरे-धीरे ढीली पड़ती दिख रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने स्तर पर नए सुरक्षा विकल्प तलाश रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। यह महज तीन देशों की आपसी नजदीकी का मामला नहीं है, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर डालने वाली प्रक्रिया का संकेत भी है। भारत के संदर्भ में यह विषय इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत के अधिकतर इस्लामिक देशों के साथ लंबे समय से कूटनीतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। खाड़ी देशों में करोड़ों भारतीय काम करते हैं और वहां से आने वाला धन भारतीय अर्थव्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ है। अब तक भारत ने इन देशों के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद व्यावहारिक और संतुलित संबंध बनाए रखे हैं।

अगर इस्लामिक देशों का कोई औपचारिक सैन्य संगठन अस्तित्व में आता है तो इस संतुलन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच सितंबर 2025 में हुआ रक्षा समझौता इस पूरी चर्चा की बुनियाद है। इस समझौते में यह प्रावधान रखा गया कि अगर दोनों में से किसी एक देश पर हमला होता है, तो उसे दूसरे देश पर हमला माना जाएगा। यह विचार पश्चिमी सैन्य गठबंधन की तर्ज पर है, जिसमें सामूहिक रक्षा की अवधारणा शामिल होती है। पाकिस्तान की खासियत यह है कि वह इकलौता इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु हथियार है। यही कारण है कि सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के लिए पाकिस्तान का साथ रणनीतिक रूप से आकर्षक बन जाता है। तुर्किये की संभावित भागीदारी इस गठजोड़ को और मजबूत रूप दे सकती है, क्योंकि तुर्किये के पास आधुनिक सैन्य तकनीक, प्रशिक्षित सेना और यूरोप तथा एशिया को जोड़ने वाली भौगोलिक स्थिति है। हालांकि यह भी सच है कि इस्लामिक देशों के बीच एक मजबूत और एकजुट सैन्य संगठन बनाना आसान नहीं है। इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि मुस्लिम देशों ने पहले भी इस तरह की कोशिशें की हैं, लेकिन वे अक्सर कागजों से आगे नहीं बढ़ पाईं। सऊदी अरब की पहल पर बना आतंकवाद विरोधी इस्लामिक सैन्य गठबंधन हो या इस्लामिक सहयोग संगठन के भीतर संयुक्त सुरक्षा बल का प्रस्ताव, ये सभी योजनाएं आपसी मतभेदों और राजनीतिक असहमति के चलते ठंडे बस्ते में चली गईं। शिया और सुन्नी विभाजन, क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा और बाहरी शक्तियों से जुड़े हित इन प्रयासों की सबसे बड़ी बाधा रहे हैं। मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति इस बहस को और जटिल बना देती है। इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। कई इस्लामिक देशों पर हुए



हमलों के बाद अरब दुनिया में यह भावना गहरी हुई है कि उनकी सुरक्षा केवल बाहरी शक्तियों के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। तेल संपन्न खाड़ी देशों के पास धन की कमी नहीं है, लेकिन परमाणु या अत्याधुनिक रणनीतिक हथियारों के मामले में वे कमजोर हैं। ऐसे में पाकिस्तान जैसे देश के साथ खड़ा होना उन्हें एक तरह की सुरक्षा ढाल का एहसास देता है। भारत के लिए यह परिदृश्य चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान लंबे समय से इस्लामिक मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए करता रहा है। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठकों में उठाया जाना और आतंकी घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिशें इसका उदाहरण हैं। विदेश मामलों के जानकार डॉ. राजन कुमार का मानना है कि भारत कभी नहीं चाहेगा कि इस्लामिक देशों के बीच कोई औपचारिक सैन्य संगठन बने, खासकर तब जब उसमें पाकिस्तान जैसी भूमिका हो। पाकिस्तान का परमाणु दर्जा उसे इस्लामिक दुनिया में एक अलग तरह की हैसियत देता है, जिसका इस्तेमाल वह अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कर सकता है। अगर भविष्य में इस्लामिक नाटो जैसा कोई संगठन बनता है और उसमें सामूहिक रक्षा का सिद्धांत लागू होता है, तो भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी संभावित संघर्ष का दायरा बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित न रहकर बहुपक्षीय रूप ले सकता है। तुर्किये पहले ही कई मौकों पर पाकिस्तान के समर्थन में खुलकर सामने आ चुका है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी कूटनीतिक रणनीति को और व्यापक बनाया है। ग्रीस और साइप्रस जैसे देशों के साथ रक्षा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाना, इजराइल के साथ रिश्तों को और मजबूत करना, और पश्चिम एशिया में संतुलित नीति अपनाना इसी दिशा के कदम हैं। भारत की कोशिश रही है कि वह किसी एक खेमे में बंधने के बजाय सभी के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखे। बदलते हालात में यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

दूसरी ओर, यह भी समझना जरूरी है कि इस्लामिक नाटो की अवधारणा फिलहाल विचार और चर्चा के स्तर पर ही है। दोहा जैसी बैठकों में इसे सिद्धांत रूप में स्वीकार जरूर किया गया है, लेकिन कोई ठोस समयसीमा या स्पष्ट ढांचा सामने नहीं आया है। इस्लामिक देशों के आपसी मतभेद इतने गहरे हैं कि उन्हें एक मंच पर लाना ही बड़ी चुनौती है। मिस्र, जॉर्डन और कतर जैसे देश अभी भी अमेरिका के बड़े सहयोगी हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों की राजनीति और प्राथमिकताएं मध्य पूर्व से काफी अलग हैं। ऐसे में सभी का एकजुट होना आसान नहीं दिखता। फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच बढ़ती सैन्य और रणनीतिक नजदीकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है, जिसमें क्षेत्रीय शक्तियां अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्ते तलाश रही हैं। भारत के लिए यह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि भविष्य की चुनौतियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा, और अवसर इसलिए कि सक्रिय कूटनीति, मजबूत आर्थिक संबंधों और बहुपक्षीय संवाद के जरिए इन बदलावों को संतुलित किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि 'इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपनी रणनीति को समय के साथ ढाले और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

बाल मुकुन्द ओझा



# समाज की जटिल सच्चाई बन गए हैं बिखरते रिश्ते

परिवार के सम्बन्ध में देशभर से मिल रही ख़बरें बेहद चिंताजनक हैं। परिवार को हमारे समाज में सामाजिक और सार्वभौमिक संस्था के रूप में स्वीकारा गया है। अनुशासन, आपसी स्नेह और भाईचारा तथा मर्यादा, परिवार को एक खुशहाल परिवार बना देता है। बुजुर्गों का कहना है जिस परिवार में एकता की भावना होती है, उसी घर में ही सुख-शांति और सम्पन्नता का निवास होता है। यही सामाजिक संस्था आज खंडित होने की स्थिति में है। परिवार और बिखरते रिश्ते आज समाज की एक जटिल सच्चाई बन गए हैं। परिवार की व्यवस्था आज की नहीं है, बल्कि ऋषि-मुनियों की देन है। आज दरकते रिश्तों से परिवार व्यवस्था टूट रही है जो समाज के लिए ठीक नहीं है। आज भी देश और दुनिया, परिवार और संयुक्त परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली बहुत प्राचीन समय से ही विद्यमान रही है। वह भी एक जमाना था, जब भरा-पूरा परिवार हंसता-खेलता और चहकता था और एक-दूसरे से जुड़ा रहता था। बच्चों की किलकारियों से मोहल्ला गूंजता था। पैसे कम होते थे पर उसमे भी बहुत बरकत होती थी। आज परिवार छोटे हो गए हैं और टूटते जा रहे हैं। हमारे रिश्ते बिखरते जा रहे हैं। संयुक्त परिवार की आज के समय में महती आवश्यकता है। संयुक्त परिवारों के अभाव में भाईचारा एवं पारिवारिक वातावरण खत्म होने लगा है। परिवार में रिश्तों की नीरसता और संवादहीनता को दूर करने, परस्पर भाईचारे व तालमेल को बैठाने के लिए रिश्तों में सकारात्मक सोच को बढ़ाने की जरूरत है। परिवार के सभी छोटे हुए बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करें तथा दिनभर घटित होने वाली छोटी-छोटी बातों और दुख-सुख को आपस में बांटें। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 को अंतरराष्ट्रीय परिवार वर्ष घोषित किया था। समूचे संसार में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाने लगा है। आज बहुत से ऐसे परिवार हैं जिन्हें एक-दूसरे से खुलकर बात करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। आज के जमाने में लाइफ स्टाइल कितनी बदल गई है। बच्चे बहुत छोटी उम्र में ही स्कूल जाना शुरू कर देते हैं। बहुत से माता-पिता काम पर चले जाते हैं। जो थोड़ा-बहुत समय वे साथ होते भी हैं, वह भी टीवी-कंप्यूटर या फोन पर चला जाता है। बहुत से परिवारों में बच्चे और माता-पिता अजनबियों की तरह अपनी-अपनी जिंदगी जीते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिजनों से आपस में बात करने में जो खुशी और आनंद मिलता है, उसकी कल्पना शब्दों में नहीं की जा सकती। परिजनों से बात करने का सुख अब विरलों को ही मिल पाता है। इससे तनाव कम होने के साथ विभिन्न पारिवारिक दिक्कतों और समस्याओं का एक ही जाजम पर हाथों हाथ निपटारा हो जाता है। परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है, जो सबको एक साथ जोड़ कर रखता है। अक्सर देखा जाता है परिजन रहते एक छत के नीचे हैं, मगर उनमें आपसी बातचीत नहीं हो पाती है। इससे परिवार में घुटन और तनाव के साथ असुरक्षा का भाव रहता है। यदि एक दिन में एक घंटे भी परिजन साथ बैठकर बातचीत कर लें तो परिवार की खुशियां द्विगुणित हो सकती हैं। हमारा देश भारत, विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। सियासी प्रगति की अंधी दौड़ में हमने दुनिया को अवश्य अपनी मुट्ठी में कर लिया है, मगर परिवार नामक संस्था से विमुख होते जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि देश में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जिसका खामियाजा बच्चे से बुजुर्ग तक को उठाना पड़ रहा है। एक ही परिवार में धीरे-धीरे एक-दूसरे से आपसी बातचीत बंद होने से अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। समय रहते बातचीत का रास्ता नहीं खुला तो तनाव, घुटन और अवसाद का सामना करना पड़ सकता है। बातचीत और आपसी संवाद खुशियों का खजाना हैं जिससे मरहूम होना किसी भी परिवार के लिए संभावित व्याधि को आमंत्रित करना है। महानगरीय संस्कृति ने परिवार व्यवस्था को मटियामेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है फलस्वरूप मानव को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर परिवार विघटित होने से समाज व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सत्य की शक्ति सौ झूठ से बचाए



संकलित
**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।


## उत्साह के संचार की जरूरत



संकलित
**प्रेरणा**

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या? *- वीरेंद्र पाटिल, भिलाई*

## करंट अफेयर

### वर्क व पयर्टन वीजा पर नहीं लगाई गई है रोक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत ''उच्च-जोखिम' वाले 75 देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर लगाई गई ताजा रोक पर्यटक या कार्य वीजा पर लागू नहीं होती और इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो अमेरिका में स्थायी रूप से रहना चाहते हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ईरान, इराक और रूस सहित 75 देशों के नागरिकों के लिए प्रवासी वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की बुधवार को घोषणा की। उसने कहा कि इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिकी लोगों की कल्याणकारी योजनाओं का 'अस्वीकार्य दरों' पर लाभ लेते हैं। प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती के तहत उठाया गया यह ताजा कदम उन विदेशियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए है जिनके अमेरिका में रहते हुए सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की आशंका है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रवासियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहिए और अमेरिकियों पर वित्तीय बोझ नहीं बनना चाहिए। विदेश मंत्रालय सभी नीतियों, विनियमों और दिशानिर्देशों की पूर्ण समीक्षा कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च-जोखिम वाले इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिका में कल्याणकारी योजनाओं का उपयोग न करें।'



## ऑफ बीट

### चैटजीपीटी को धन्यवाद देना क्या ऊर्जा बर्बाद करना है

यदि आप अगली बार चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द हटा देंगे, तो आप अपने 'पृथ्वी' ग्रह को बचाने में मदद करेंगे।




ऑनलाइन बातचीत में कहा जाता है कि चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द का उपयोग न करने का मतलब 'पृथ्वी' को बचाने में मदद करना है। यह विचार सुनने में कुछ हद तक सही लगता है क्योंकि एआई सिस्टम टेक्स्ट को क्रमिक रूप से प्रोसेस करते हैं : लंबा प्रॉम्प्ट अधिक कम्प्यूटेशन मांगता है इसलिए अधिक ऊर्जा खर्च होती है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भी माना है कि अरबों प्रॉम्प्ट के पैमाने पर यह ऑपरेटिंग लागत बढ़ाता है। फिर भी, यह कहना कि एआई को शिष्टाचार के साथ इस्तेमाल करने से पर्यावरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है, सही नहीं है। कुछ अतिरिक्त शब्दों का असर उस ऊर्जा की तुलना में नगण्य है जो डेटा सेंटर के संचालन में लगता है। एआई का वास्तविक पर्यावरणीय प्रभाव कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़े डेटा सेंटर पर निर्भर करती है, जिनमें उच्च-घनत्व कंप्यूटिंग अवसंरचना होती है। ये केंद्र भारी बिजली का उपयोग करते हैं, लगातार ठंडे रखे जाते हैं, और ऊर्जा आपूर्ति, जल और भूमि उपयोग जैसे व्यापक सिस्टम में जुड़े होते हैं।

## X ट्रेंड f

### युवाओं का योगदान



भारत का भविष्य ऐसे युवाओं पर निर्भर है जो वैज्ञानिक सोच रखते हों, ज़िम्मेदारी से कार्य करें और निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। मेरा सभी युवाओं से अनुरोध है कि आप जो भी कार्य चुनें, यह सुनिश्चित करें कि आपका योगदान राष्ट्र को सुदृढ़ बनाएगा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करेगा।
- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना



नारी शक्ति का विकास कहने से नहीं, उन्हें सच्चा प्रतिनिधित्व देने से होगा। हम 'आधी आबादी' अर्थात हर बच्ची, युवती, नारी, महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से समान सम्मान देने के लिए 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' लाएंगे।
- डिंपल यादव, सांसद, सपा

### 'फीता काटने' का इंतजार



जयपुर में आने वाली बसों का ट्रैफिक शहर से बाहर ही रोकने के लिए बनाया हीरापुरा सैटेलाइट बस टर्मिनल पिछले 2 साल से बनकर तैयार है, लेकिन सरकार के 'फीता काटने' के इंतजार में ताला बंद पड़ा है।
- अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### विरासत ध्वस्त



भोंडे सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर आपने बनारस के मणिकर्णिका घाट में बुलडोजर चलवाकर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करा दिया है। आप चाहतें हैं कि इतिहास की हर धरोहर को मिटाकर बस अपना नेम-प्लेट चिपका दिया जाएँ।
-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com


बृहन्मुंबई नगर पालिका

आज होगी मतगणना

बीएमसी समेत सभी नगर निगमों में वोटिंग खत्म

# ...3.30 बजे तक 41.08 फीसदी लोगों ने किया मताधिकार का उपयोग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीएमसी समेत महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो गई है। राजनीतिक पार्टियों को अब शुक्रवार को नतीजे का इंतजार है। मुंबई में बीएमसी चुनाव 2026 के लिए 3.30 बजे तक कुल 41.08 फीसदी मतदान हुआ। इसमें पुरुष मतदाता 23,27,033, महिला मतदाता 19,22,500 और अन्य 180 मतदाता शामिल हैं। कुल मिलाकर अब तक 42,49,713 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान कई दिग्गजों ने वोट डाले, जिनमें नेता- अभिनेता भी शामिल रहे।

पुरुष मतदाता अधिक

## पुणे में कुछ ईवीएम में आई तकनीकी दिक्कत


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत कई दिग्गज अंगुली की स्याही दिखाते हुए

ईवीएम मशीनों में तकनीकी खराबी की खबरें भी आईं। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि जहां भी मशीनों में समस्या आई, वहां नियम के अनुसार तुरंत नई मशीनें लगाई गईं। एनसीपी (एसपी) नेता रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम क्षेत्रों में कुछ ईवीएम बंद हो गई थीं। कुछ मशीनों में समय करीब 15 मिनट पीछे चल रहा था।

### कई फिल्मी सितारों ने भी किया मतदान

फिल्म निर्देशक सुभाष घई ने बीएमसी चुनाव में मतदान करने के बाद कहा कि मैंने वोट डाला और मुझे महाराष्ट्र पर बहुत गर्व है। मैं जो भी हूं मंबई की वजह से हूं इसलिए मेरा कर्तव्य है और सबका कर्तव्य है कि वो वोट देने जरूर आएं। फिल्म अभिनेता आमिर खान और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने भी बीएमसी चुनाव के लिए वोट किया और मतदान में हिस्सा लेने की अपील की।

### डिप्टी सीएम शिंदे ने किया मतदान



शिवसेना प्रमुख और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि लोगों में काफी उत्साह है। काफी लोग मतदान करने आए हैं। सभी को अपने शहर के विकास के लिए मतदान करना चाहिए। मुंबई में भी लोग बदलाव चाहते हैं।

बीएमसी चुनाव में स्याही विवाद

### राज ठाकरे ने लगाए धांधली के आरोप

मनसे नेता राज ठाकरे ने मतदान में इस्तेमाल की जा रही स्याही पर सवाल उठाए हैं। राज ने कहा कि जो स्याही पहले इस्तेमाल की जा रही थी, उसे नए पेन से बदल दिया गया है और इस पेन को लेकर कई शिकायतें मिली हैं।



### उद्धव ने की ईसी के इस्तीफे की मांग

यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे ने भी धांधली के आरोप लगाए और इसे लोकतंत्र की हत्या की कोशिश बताया। राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमरे के इस्तीफे की भी मांग की। उद्धव ने निकाय और सरकार में साठगांठ के भी आरोप लगाए। रोहित पवार ने धांधली के आरोप लगाए हैं।



### अंगुली से स्याही मिटने की जांच की जाएगी

महाराष्ट्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि इन वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। चुनाव आयोग मामले की पूरी पड़ताल करेगा और अगर कोई गड़बड़ी पाई गई तो जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

**महाराष्ट्र सरकार के मंत्री भी हुए परेशान**

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गणेश नाइक भी नवी मुंबई निगम चुनाव में मतदान के लिए परेशान हुए।

## खबर संक्षेप

### आनंदा डेयरी में छापा मोबाइल-कंप्यूटर जब्त

**बुलंदशहर।** यहां के स्याना नगर के गढ़ मार्ग स्थित आनंदा डेयरी प्लांट पर गुरुवार सुबह सात बजे दिल्ली व उत्तर प्रदेश नंबर की गाड़ियों से आए आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम ने छापा मारा। प्लांट का गेट बंद कर जांच की गई। इस दौरान टीम ने डेयरी से तमाम फाइलों, कंप्यूटर और मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।



### सीबीएसई पत्र लेखन में आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को यूपीयू 2026 अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन स्पर्धा में आवेदन आमंत्रित किया है। प्रथम स्थान वाले छात्र को 50,000 रुपए का पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उत्तम पत्र अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। 'डिजिटल दुनिया में मानवीय जुड़ाव क्यों महत्वपूर्ण है' विषय है।



### मानहानि मामला: वीसी से पेश हुईं कंगना रनौत

**बठिंडा।** भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में गुरुवार को बठिंडा की अदालत में अहम सुनवाई हुई। यह मामला3कृषि कानूनों के विरोध के दौरान बुजुर्ग महिला महिंदर कौर को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। रनौत अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुईं।



### डिजिटल ठगी मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की यूनिट ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े इंटर-स्टेट साइबर गिरोह का खुलासा किया है। यह गैंग खुद को पुलिस, सीबीआई और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराता था। गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।



14 से 16 जनवरी तक किया जा रहा सीएसपीओएस का आयोजन

पीएम मोदी ने संविधान सदन में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का किया उद्घाटन

# कहा- भारत ने डाइवर्सिटी को डेमोक्रेसी की ताकत बना दिया

*इस हाई-लेवल कॉन्फ्रेंस में 42 कॉमनवेल्थ देशों के 61 स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारी, साथ ही चार सेमी-ऑटोनॉमस संसदों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं*


प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करते हुए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कॉमनवेल्थ के स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों के 28वें कॉन्फ्रेंस (सीएमपीओसी) 2026 का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस स्थान पर आप सभी बैठे हैं वो भारत की डेमोक्रेटिक जर्नी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। गुलामी के आखिरी वर्षों में जब भारत की आजादी तय हो चुकी थी, उस समय इसी सेंट्रल हॉल में भारत की संविधान की रचना के लिए संविधान सभा की बैठकें हुई थी। भारत की आजादी के बाद 75 वर्षों तक यह इमारत भारत की संसद रही और इसी हॉल में भारत के भविष्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय और अनेक चर्चाएं हुई।

इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय 'इफेक्टिव डिलीवरी ऑफ पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी'


पीएम मोदी, ओम बिरला सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि

***यह चौथा अवसर है, जब कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसिडिंग ऑफिसर्स की कॉन्फ्रेंस भारत में हो रही***

***डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशन और डेमोक्रेटिक प्रोसेसेज डेमोक्रेसी को स्टेब्लिटी स्पीड और स्केल तीनों देते हैं***

### भारत में डेमोक्रेसी का अर्थ-लास्ट माइल डिलीवरी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में डेमोक्रेसी का अर्थ, लास्ट माइल डिलीवरी है। हमने लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव से काम कर रहे हैं। और इसी लोक कल्याण की भावना के कारण बीते कुछ वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत हर ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर ग्लोबल साउथ के हितों को पूरी मजबूती से उठा रहा है। अपनी जी 20 अध्यक्षता के दौरान भी भारत ने ग्लोबल साउथ की चिंताओं को वैश्विक एजेंडे के केंद्र में रखा है। आज भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। आज भारत दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। आज भारत में दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। आज भारत में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। आज भारत में दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है।

### इस कॉन्फ्रेंस में कई देशों के प्रतिनिधिमंडल ले रहे हिस्सा

इस कॉन्फ्रेंस में कनाडा, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं, साथ ही नामीबिया, त्रिनिदाद और टोबैगो, टोंगा, कैमरून और मलेशिया के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई हाई कमीशन का प्रतिनिधित्व हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कर रहा है। कॉन्फ्रेंस में प्रमुख समकालीन संसदीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जिनका मकसद लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करना और विधायी प्रथाओं का आधुनिकीकरण करना है। मुख्य विषयों में स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों की बदलती भूमिका, संसदीय कामकाज में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के उपाय शामिल हैं।

### ये हैं निधारित चर्चाएं

निर्धारित चर्चाओं में 'संसद में एआई: इनोवेशन, निगरानी और अनुकूलन में संतुलन' पर सत्र शामिल हैं, जिसका नेतृत्व मलेशिया करेगा। 'सोशल मीडिया और सांसदों पर इसका प्रभाव' जिसे श्रीलंका प्रस्तुत करेगा और 'संसद की सार्वजनिक समझ और मतदान से परे नागरिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए अभिनव रणनीतियां' जिसमें नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका का योगदान होगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(Human Resources Division -11)
(मानव संसाधन प्रभाग -11)

जे. एन. स्टेडियम परिसर, पूर्व द्वार सं. 10,
लोदी रोड, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003
JN Stadium Complex, East Gate. No. 10,
Lodhi Road, CGO Complex, New Delhi-110003

फा. सं. 01-04006/24/2025-एचओ कार्मिक प्रभाग   दिनांक: 09-01-2026

**भारतीय खेल प्राधिकरण में भर्ती - प्राचार्य**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, प्राचार्य के 01 पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह पद शैक्षणिक वेतन स्तर-14, रुपये 1,44,200-2,18,200 (पीबी-4, रुपये 37.400-67,000 + रुपये 10,000/- ग्रेड पे) में है, जिसके साथ रुपये 3,000 प्रति माह का विशेष भत्ता देय होगा। नियुक्ति नियमित आधार पर 05 वर्षों की अवधि के लिए या अधिवार्षिक आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो (यूजीसी दिशानिर्देश 2018 के अनुसार), की जाएगी। यह पद SAI लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, करियावट्टम, तिरुवनंतपुरम के लिए है। पात्र अधिकारी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों के साथ, उप निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग-II), कक्ष संख्या 211, भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्यालय, गेट संख्या 10 (पूर्वी गेट), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेज सकते हैं। आवेदन डाक द्वारा हार्ड कॉपी के माध्यम से अथवा ई-मेल द्वारा **recruitment.cell.sai@gov.in** पर निम्नलिखित विषय पंक्ति के साथ भेजे जा सकते हैं: "SAI में प्राचार्य पद हेतु आवेदन" आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 09-02-2026 को सायं 05:00 बजे तक है।

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, प्रपत्र (प्रोफार्मा) एवं निर्देश SAI की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।

CBC-47103/12/0017/2526

**HORTICULTURE DEPARTMENT (HARYANA)**
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdesundrah@gmail.com,
Ph:-01285-244076

**ई-निविदा सूचना**

उप निदेशक उद्यान, IHDC, सुन्दरह, द्वारा बागवानी विभाग हरियाणा के सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ में स्थित एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह में जॉब रोल बेसिस पर मेनियल व अन्य कार्यों के लिए दर अनुबंध हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आयोजन की महत्वपूर्ण तिथियां निम्नलिखित हैं:-

| क्रमांक | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारंभ तिथि | 17.01.2026 | दोपहर 12.00 बजे |
| 2. | बोली जमा करने और ईएमडी की अंतिम तिथि | 02.02.2026 | अप. 05.00 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली का खुलना | 03.02.2026 | सुबह 11.00 बजे |
| 4. | वित्तीय बोली का खोलना | 04.02.2026 | सुबह 11.00 बजे |

ईएमडी राशि 50000/- रूपए (केवल पचास हजार रूपए) होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को सुरक्षित इलैक्ट्रॉनिक गेटवे की सेवा का उपयोग करके अनिवार्य रूप से 1180/- रूपए (एक हजार एक सौ अस्सी रूपए मात्र) का ई-सेवा शुल्क (वापसी योग्य नहीं) और 1000/- रूपए (एक हजार रूपए मात्र) का निविदा दस्तावेज शुल्क (वापसी योग्य नहीं) ऑनलाइन भुगतान करना होगा। विस्तृत विवरण नियम और शर्तें ई-टेंडर पोर्टल यानी https://etenders.hry.nic.in पर दिनांक 17.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे से उपलब्ध निविदा दस्तावेजों में निर्दिष्ट हैं।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (महेन्द्रगढ़)
पीआरडीएच-1149/11/1028/2026/42078/88/6 दि. 15.01.26

**HORTICULTURE DEPARTMENT (HARYANA)**
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdesundrah@gmail.com,
Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह महेन्द्रगढ में वर्मीकम्पोस्ट युनिट में केचुएं खरीदने के लिए कोटेशन आंमत्रित**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में वर्मीकम्पोस्ट युनिट के लिए केचुओं की आवश्यकता है जिसकी व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। केचुओं का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Sr. No. | Particulars | Specifications | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1. | Earthworm | **Species:-** Eisenia Fetida **Stage:-** Mature, breeding stage capable of rapid worms reproduction **Length:-** 6-10 cm per worm | 100 किलोग्राम |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 20.01.2026 सांय 03 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 9828499793 पर संपर्क करें।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (महेन्द्रगढ़)
पीआरडीएच-1149/11/1027/2026/42077/88/6 दि. 15.01.26

उत्तराखंड के चमोली में आग

## नंदा देवी वन में लगी आग पर काबू पाने हेलीकॉप्टर तैनात

एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड के चमोली जिले में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच स्थित पथरीले इलाके में जंगल में आग लगने के बाद जिला प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच चट्टानी क्षेत्र में लगी जंगल की आग को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। क्षेत्र की दुर्गमता को देखते हुए, हेलीकॉप्टर का उपयोग करके हवाई टोही और अग्निशमन के लिए एक योजना तैयार की गई है। जिला मजिस्ट्रेट गौरव कुमार की पहल पर हेलीकॉप्टर से सर्वेक्षण की अनुमति दे दी गई है। डीएफओ सर्वेश दुबे ने बताया कि घाटी और हेमकुंड साहिब सुरक्षित हैं। जमीनी टीमें हेलीकॉप्टर और ड्रोन की निगरानी से आग बुझाने का काम कर रही हैं।



### नीट-पीजी में माइनस 40 कटऑफ करना प्रवेश परीक्षा नहीं सीट सेल मॉडल

**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया)ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन(एनबीई) द्वारा नीट-पीजी 2025 की क्वालिफाइंग कटऑफ को अभूतपूर्व रूप से माइनस (-40) तक घटाए जाने पर गहरी आपत्ति दर्ज की है। डीएमए इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित व्यास, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. शुभ प्रताप सोलंकी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. भानु कुमार एवं राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ सचिव डॉ. प्रियांशु शर्मा ने इस विषय पर माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है। डीएमए ने कहा कि नीट-पीजी लंबे समय से ज्ञान, मेहनत और रैंक का प्रतीक रहा है।

### मायावती ने 70वें जन्मदिन पर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शॉर्ट सर्किट से अफरा-तफरी



**लखनऊ।** अपने जन्मदिन पर लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सभी सरकारें बसपा द्वारा ही चलाई जा रही योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं। विरोधियों ने भ्रम फैलाकर बसपा को तोड़ने की कोशिश की है। कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में 5वीं बार बसपा की सरकार बनानी है। ब्राह्मणों को साधने का प्रयास किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाइट IREPS पर मौजूद है। ई-नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी कैटलॉग सं.: UMB-Ctg-01-26 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: 28.01.2026 को 12:00 बजे**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-MET-GMU-177-26-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (आकार 10'X 6') स्टॉल नं.-2, सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफार्म संख्या-1, मलेरकोटला (MET) रेलवे स्टेशन पर। | 28.01.2026 को 12:30 बजे |
| 2. | Catg-UMB-BXC-GMU-176-26-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (आकार 10'X 6') सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफार्म संख्या-1, बरवाला (BXC) रेलवे स्टेशन पर। | 28.01.2026 को 12:40 बजे |
| 3. | Catg-UMB-ANSB-SMU-163-25-1 (खान पान-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (आकार 10'X 6') स्टॉल संख्या-02 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म संख्या-01, आनंदपुर साहिब (ANSB) रेलवे स्टेशन पर। | 28.01.2026 को 12:50 बजे |

**नीलामी कैटलॉग सं.: UMB-Mix-04-26 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: 29.01.2026 को 12:00 बजे**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-BTI-SMU-175-25-1 (खान पान-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (आकार 2.51 x 3.42 वर्ग मीटर) स्टॉल संख्या-01, अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के लिए सर्कुलेटिंग क्षेत्र के बठिंडा (BTI) रेलवे स्टेशन पर। | 29.01.2026 को 12:30 बजे |
| 2. | HyB-OnB-132321-26-1 (Hybrid NFR-On-board Hybdrid) ट्रेन संख्या 52459/52460 में कालका-शिमला नैरो गेज रेल खंड के बीच अंबाला डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में 3 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न खानपान वस्तुओं (खाद्य पदार्थ, एरेटेड ड्रिंक और पीडीडब्ल्यू आइटम सहित) की ट्रे साइड वेंडिंग। | 29.01.2026 को 12:50 बजे |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ   165/2026

गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# शिक्षा: समाज और राष्ट्र की सेवा का साधन

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को पंजाब के अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि औपचारिक शिक्षा पूरी करने के बाद छात्र अलग-अलग दिशाओं में अपनी यात्रा शुरू करेंगे। कुछ सरकारी या निजी क्षेत्र में सेवा करेंगे, कुछ उच्च शिक्षा या अनुसंधान करेंगे, जबकि कई अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करेंगे या शिक्षण में अपना भविष्य बनाएंगे। शिक्षा का उपयोग कठिन परिस्थितियों में भी नैतिक मूल्यों, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी का दृढ़ पालन, परिवर्तन को अपनाने का साहस, और आगे बढ़ने का संकल्प का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित के लिए करना है।

## छात्र शिक्षा को केवल आजीविका का साधन न बनाएं



### युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन दें विवि

हाल के वर्षों में पंजाब में मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य, बल्कि समाज के सामाजिक, आर्थिक और नैतिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर रही है।

### निस्वार्थ सेवा और जिम्मेदारी को समझें

उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण में अगले दो दशक अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है, जो वैज्ञानिक सोच रखते हैं, जिम्मेदारी से कार्य करते हैं और निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




## खबर संक्षेप

### एक्स पर नहीं बनेंगे अश्लील डीपफेक

**नई दिल्ली।** एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक पर लगाम लगाने का फैसला कर लिया है। 'एक्स' ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक को अवैध रूप से आपत्तिजनक कपड़ों में लोगों की तस्वीरें बनाने से रोकने के लिए टेक्निकल उपाय लागू किए हैं। यह कदम एआई चैटबॉट द्वारा बनाई गई अश्लील डीपफेक तस्वीरों को लेकर भारी विरोध का सामना करने के बाद उठाया गया है। एक्स ने अपने आधिकारिक सेफ्टी अकाउंट पर जानकारी दी कि यह बैन पेड ग्राहकों सहित सभी यूजर्स पर लागू होता है।




### सिंगापुर के नेता प्रतिपक्ष से हटाए गए प्रीतम सिंह

**सिंगापुर।** सिंगापुर में पंजाब मूल के प्रीतम सिंह को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा दिया गया है। यह फैसला पीएम लॉरेंस वोंग ने गुरुवार को लिया और वर्कर्स पार्टी से नए सांसद के नामांकन की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, प्रीतम सिंह को संसद की कमिटी के समक्ष झूठी गवाही देने का दोषी ठहराया गया था, और संसद ने 14 जनवरी 2026 को उन्हें इस पद के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया था।




**ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध की आशंका:** युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पश्चिम एशिया की तरफ रवाना

# इस बार निशाना नहीं चूकेगा, ट्रंप पर हमले की तस्वीर शेयर कर ईरान ने दी सीधी धमकी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों और तनाव के बीच अमेरिका ने अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को दक्षिण चीन सागर से पश्चिम एशिया की तरफ रवाना किया है। सूत्रों के अनुसार युद्धपोत के पहुंचने में एक हफ्ते के करीब का समय लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी। इसके अलावा अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को निकालने को कहा गया है। अमेरिकी अधिकारी ने इसे तैनाती में बदलाव बताया है, न कि पूरा इवैक्यूएशन।



2024 में पेंसिल्वेनिया के बटलर में ट्रंप के कान को छूकर गोली निकली थी **फाइल फोटो**

### बातचीत के जरिए सुलझाएं तनाव

*वहीं, ईरान ने सरकारी टीवी चैनल पर राष्ट्रपति ट्रंप को जान से मारने की धमकी जारी की है। यह धमकी पर्शियन में थी। इस धमकी में पेंसिल्वेनिया के बटलर में 2024 में ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की फुटेज दिखाई गई। जिसके साथ एक संदेश था 'इस बार गोली निशाने से नहीं चूकेगी'। यह ट्रंप के खिलाफ तेहरान की अब तक की सबसे सीधी धमकी है। वहीं ईरान ने चेतावनी दी है कि अमेरिका जून वाली गलती न दोहराए। साथ ही ईरान ने बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद सुलझाने की बात कही और कहा कि अमेरिका हमेशा कूटनीति और बातचीत से बचता रहा है।*

### ईरान ने बंद किया हवाई क्षेत्र

*ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, जिससे भारत समेत कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं। गुरुवार को अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर सभी कंपनियों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है।*

### रेजा के नेतृत्व पर आपत्ति नहीं: ट्रंप

ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरानी विपक्षी नेता रेजा पहलवी उन्हें काफी अच्छे लगते हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर अनिश्चितता जताई कि उन्हें ईरान के भीतर समर्थन मिल पाएगा और वे नेतृत्व संभाल पाएंगे। ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वे अपने देश में कैसे व्यवहार करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थिति अभी उस स्तर तक नहीं पहुंची है।



रेजा पहलवी

### ईरान में फंसे 2000 कश्मीरी

जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) ने ईरान में फंसे करीब 2000 कश्मीरी छात्रों और अन्य भारतीय नागरिकों की बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर से तत्काल हस्तक्षेप कर भारतीय छात्रों सहित सभी नागरिकों की निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। जेकेएसए के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुएहामी ने एक बयान में कहा कि ईरान में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति ने चिंता पैदा कर दी है।

### दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है लिंकन

यूएसएस अब्राहम लिंकन निमित्ज श्रेणी का पांचवा युद्धपोत है। यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाला पोत है, जो दक्षिण चीन सागर में तैनात रहता है। इस युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना में 1989 में शामिल किया गया था। यह युद्धपोत 97 हजार टन वजनी है और इसकी फ्लाइट डेक करीब 4.5 एकड़ में फैली हुई है। इसकी लंबाई करीब 1092 फीट है। इसमें 4 हैंगर एलीवेटर हैं और यह अपने साथ 90 लड़ाकू विमान ले जा सकता है।

लश्कर कमांडर रऊफ का बड़ा कबूलनामा

# ऑपरेशन सिंदूर से अल्लाह ने हमें बचाया, सब 'खत्म'



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हाफिज रऊफ **फाइल फोटो**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के कमांडर हाफिज अब्दुल रऊफ ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उसने माना है कि भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने मुरीदके में आतंकी संगठन के नर्व सेंटर को भारी नुकसान पहुंचाया। इतना ही नहीं उसने कबुल किया कि 6-7 मई की रात को मरकज-ए-तैयबा (आतंक का हेडक्वार्टर) को पूरी तरह से तबाह कर दिया। बता दें रऊफ को अमेरिका ने ग्लोबल आतंकवादी घोषित किया है। रऊफ ने माना कि यह बहुत बड़ा हमला था। भारत की इस कार्रवाई ने आतंकी कॉम्प्लेक्स को पूरी तरह मलबे में बदल दिया था। रऊफ ने कहा कि 6-7 मई को जो हुआ, वह जगह अब नहीं रही। आज हम वहां बैठ भी नहीं सकते।

**दावा: भारत ने बहुत बड़ा हमला किया था**

### लश्कर का कमांडर है हाफिज रऊफ

*रऊफ लश्कर का ऑपरेशनल कमांडर रहा है। उसने आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने और उन्हें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तानी सेना द्वारा स्पॉन्सर किए गए लॉन्चपैड से लॉन्च करने में शामिल था। रऊफ ने ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमलों में मारे गए आतंकवादियों की जनाजे की नमाज पढ़ाई थी, जिसकी तस्वीरें उस समय वायरल हो गई थीं। अब, महीनों बाद उसके कबूलनामे से इस बात की सीधी पुष्टि होती है कि भारत के ऑपरेशन ने अपने तय टारगेट पर हमला किया था।*

**9 आतंकी ठिकानों पर हमला:** मई 2025 में भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए। इनमें एलईटी का मुख्यालय मुरिदके (लाहौर के पास) और जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर में मुख्यालय शामिल थे।




*Best-in-class power in Air/Oil cooled 160cc class | #Finance at the sole discretion of the financier | ^Ex-showroom price of Apache RTR 160 Black Edition | ^^Bonus up to ₹ 4000 with TVSCS-T&C Apply.

IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TVS CREDIT | HDB FINANCIAL SERVICES | TATA CAPITAL | HDFC BANK We understand your world

**FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL** corporatecustomersupport@tvsmotor.co.in **Authorised Main Dealer: Rohtak:** S.K. Jain TVS, Near Jaat Bhawa: 9215551228, **Mansarovar Park:** 9215536902, **Bhiwani Chungi:** Tulsi Lok TVS, Bhiwani Road: 9215650603 / 0614 **Jind:** Panwar TVS: 8929592506 **Narwana:** Laj TVS, Patiala Road: 9034404321 / 9306668701 **Gohana:** Gohana TVS: 8929163001 **Bahadurgarh:** Rathi TVS: 8929592575 **Karnal:** Green TVS, Old G.T. Road: 9812029009 / 9416127919 **Karnal:** Krishna TVS, New Grain Market Gate, G.T. Road: 8607777735 **Panipat:** Singhla TVS, Gohana Road, 7082996680. Sohum TVS, Subhash Colony, Tehsil Camp Mod, G.T. Road: 8607586075 **Rewari:** GYS TVS: 7988388081 / 9991131900 **Narnaul:** Rohit TVS, Nizampur Road: 9416248898 **Sonipat:** Sunrise TVS: 8569970007 **Hisar:** Garg TVS, Auto Market: 7027418101 / 02 / 03 / 04 / 05. Shree Balaji TVS, Kaimeri Road, Sector-15: 8168821611, 8168633056 **Sirsa:** N.M.P. TVS, Elina City Mall: 8685000988, 8685000711 **Fatehabad:** Shakti TVS: 9215610688 **Tohana:** Guru kirpa TVS: 8929592539 **Bhiwani:** Arya TVS, Dinod Gate: 9416058748. **Ambala:** Akaya Motors, 9992525641, Surabhi TVS 9034542487, 9728720482, **Panchkula:** Ekam TVS, 9417307700, 9467718986, **Jagadri:** Aggarwal TVS, 9416093842, **Kaithal:** Bharat TVS, 9812329258, **Yamunanagar:** Harsh TVS, 7206703001, **Kurukshetra:** Shankar TVS, 8278293771, **Nuh:** Parashar TVS, 8930313148.

रोहतक
शुक्रवार 16 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 348
पृष्ठ 16 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 22.2
न्यून. 0.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 कोको व वीनस भिड़ सकती हैं दूसरे दौर में




**SHOWROOMS: HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838.

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 22.2 डिग्री
न्यूनतम 0.2 डिग्री

9 नॉर्थ जोन महिला टेनिसः पंजाब यूनिवर्सिटी..


10 एचएसवीपी सेक्टरों में खाली प्लॉट बने मुसीबत...


## गणतंत्र दिवस से पहले शहर में सघन जांच अभियान, आम दिनों में सुरक्षा पर सवाल

# 26 जनवरी व 15 अगस्त जैसी सुरक्षा व्यवस्था रोजाना हो तो सच में क्राइम फ्री हो जाएगा शहर, लोग बोले-सिर्फ चालान काटकर खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा

**रोहतक।** अगर 26 जनवरी और 15 अगस्त जैसी सुरक्षा व्यवस्था रोजाना हो जो शहर सच में क्राइम फ्री हो जाएगा। ऐसा लोगों का मानना है। लोगों का कहना है कि पुलिस को सिर्फ चालान काटकर खानापूर्ति करने की बजाय ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करना होगा। फिर सिर्फ कुछ मौकों पर ही अचानक चेकिंग अभियान चलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और शहर भी सुरक्षित रहेगा। राष्ट्रीय पर्व आते ही सड़कों पर नाके लग जाते हैं, वाहनों की जांच शुरू हो जाती है और संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जाती है। लेकिन जैसे ही ये दिन गुजरते हैं, वहीं सख्ती और सतर्कता भी गायब हो जाती है। पिछले कुछ दिनों से रोहतक में हत्या, लूट, चोरी, मोबाइल स्नैचिंग, ऑनलाइन ठगी और फिरौती जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। आम दिनों में पुलिस की मौजूदगी सवालों के घेरे में है। क्या अपराध केवल राष्ट्रीय पर्वों पर ही होते हैं, या फिर बाकी दिनों में पुलिस की निगरानी कमजोर रहती है।

### हत्या, लूट और रंगदारी मांगने की घटनाएं बढ़ीं कई मामलों को तो ट्रेस ही नहीं कर पाई पुलिस



26 जनवरी और 15 अगस्त से पहले शहर की तस्वीर अचानक बदल जाती है। सड़कों पर नाके लग जाते हैं, पुलिस की गाड़ियां लगातार गश्त करती दिखती हैं और आम नागरिकों को भी सख्त चेकिंग का सामना करना पड़ता है। लेकिन जैसे ही राष्ट्रीय पर्व संपन्न होते हैं, वही सड़कों पर पुलिस की सक्रियता सामान्य हो जाती है। देखने में आ रहा है कि रोहतक में हत्या, लूट, चोरी और रंगदारी मांगने की घटनाएं बढ़ी है। अब तक कई मामलों को तो पुलिस ट्रेस ही नहीं कर पाई। सरेआम चेन स्नेचिंग की घटनाएं सामने आती है और पुलिस मूकदर्शक बन जाती है। ऐसे में सिर्फ खास दिनों पर ही नहीं, सामान्य दिनों में भी पुलिस को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। तभी शहर सुरक्षित होगा।

### वाकई क्राइम फ्री है शहर?

पिछले कुछ महीनों में शहर में लूट, चोरी, मोबाइल स्नैचिंग, ऑनलाइन ठगी, फिरौती और मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। व्यापारियों से रंगदारी मांगने के मामले भी चिंता बढ़ा चुके हैं। इन घटनाओं के बाद यह दावा करना मुश्किल हो जाता है कि शहर पूरी तरह अपराध मुक्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपराधी भी पुलिस सिस्टम को समझ चुके हैं। उन्हें पता है कि कब चेकिंग होगी और कब ढील मिलेगी। यही वजह है कि राष्ट्रीय पर्वों के दौरान वे सतर्क रहते हैं, जबकि बाकी दिनों में बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देते हैं।

### क्या रोज चेकिंग जरूरी नहीं

शहर के सामाजिक संगठनों और व्यापार मंडलों का मानना है कि यदि पुलिस रोजाना सीमित स्तर पर भी चेकिंग और पेट्रोलिंग करे, तो अपराध पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। उनका कहना है कि नियमित नाकेबंदी से अपराधियों में डर बना रहेगा, संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते रोक लगेगी, आम नागरिक खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस करेगा, पुलिस और जनता के बीच भरोसा मजबूत होगा, वर्तमान हालात में पुलिस की सक्रियता अक्सर किसी बड़ी वारदात के बाद ही नजर आती है, जो चिंता का विषय है।

### एसपी का दावाः रोज कर रहे चेकिंग

इन सवालों पर जब पुलिस अधीक्षक से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में रोजाना चेकिंग और पेट्रोलिंग की जाती है, लेकिन राष्ट्रीय पर्वों पर इसे और सघन किया जाता है। एसपी ने बताया कि जिले में अलग-अलग टीमों को नियमित गश्त और चेकिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है और अपराध नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। हालांकि, आम नागरिकों का कहना है कि अगर चेकिंग वास्तव में रोज होती है, तो उसकी मौजूदगी जमीन पर साफ नजर आनी चाहिए।

### व्यवस्था 365 दिन ऐसी रहे

शहर की सुरक्षा तभी मजबूत मानी जाएगी जब यह व्यवस्था साल के 365 दिन प्रभावी रूप से लागू हो। पुलिस रोजाना ईमानदारी से चेकिंग और पेट्रोलिंग करे, तो अपराधियों के हौसले खुद-ब-खुद टूट सकते हैं। असली सवाल यह है कि क्या आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर पा रहा है।

### आम दिनों में भी सुरक्षा अहम

शहरवासियों का मानना है कि पुलिस की मौजूदगी सिर्फ कागजी दावों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जब तक पुलिस हर रोज सड़कों पर सक्रिय रूप से नजर नहीं आएगी, तब तक अपराधियों पर लगाम लगना मुश्किल है। लोगों का कहना है कि पुलिस का काम केवल त्योहारों, वीआईपी मूवमेंट या विशेष आयोजनों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि आम दिनों में भी नागरिकों की सुरक्षा उतनी ही अहम है।

## शहर में आज

- मदवि नोर्थ जोन यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिताएं।
- मॉडल टाउन स्थित पीएम श्री स्कूल में एनएसएस शिविर।
- तिलयार स्थित आईएचएम में एआई आधारित कार्यक्रम का समापन।
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।

## बिजली कट

- सुबह दस बजे से दो बजे तकः लाढ़ौत रोड फीडर और 11 केवी हैफेड रोड पर बाबरिया वाली गली, टावर वाली गली, शास्त्री नगर, बसंत विहार, सूर्य नगर, लाढ़ौत रोड, केडी स्कूल के पीछे का एरिया, हैफेड रोड , उत्तम विहार, आजादगढ़, दिल्ली रोड, आसानियां वाली गली।

## खबर संक्षेप

### सरिता पदोन्नति के बाद बनी डिप्टी डीईओ

**महम।** महम की खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल को पदोन्नति मिली है। शिक्षा विभाग ने अब उनको डिप्टी डीईओ के पद पर पदोन्नत किया है। उन्हें सोनीपत का डिप्टी डीईओ बनाया गया है। सीनियर लेक्चरर महेश वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को वे अपना पदभार ग्रहण करेंगी।

### बुजुर्ग महिलाओं को कंबल वितरित किए

**रोहतक।** सर्दी के इस मौसम में रोटरी क्लब ऑफ रोहतक ने फतेहपुर कॉलोनी, खोखरा कोट की बुजुर्ग महिलाओं को 300 कंबल वितरित किए। रोटेरियन डॉ. अपूर्व नरूला (संस्थापक सदस्य) एवं रोटेरियन साहिल अरोड़ा (अध्यक्ष) की उपस्थिति में यह नेक कार्य किया गया। अतिथियों ने इन कार्यों को समाज में सेवा और संवेदना की भावना को मजबूत करने वाला बताया।

## निगम का एक्शन, अतिक्रमण हटाओ व संपत्ति कर वसूली अभियान चलाया

# सड़कों से हटाया अवैध कब्जा बकायादारों की दुकानें की सील

**31 दुकानदारों के चालान काटकर 17,900 रुपये जुर्माना वसूला**

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

नगर निगम रोहतक द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और संपत्तिकर वसूली को लेकर सोमवार को एक व्यापक विशेष अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त कर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ संपत्तिकर बकायदारों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। अतिक्रमण हटाओ अभियान भू-अधिकारी संदीप बतरा की निगरानी एवं अतिक्रमण निरीक्षक गुरदेव के नेतृत्व में चलाया गया। नगर निगम की विभिन्न टीमों ने रेलवे रोड, गोहाना रोड, छोटूराम चौक, सिविल रोड और कैनाल रेस्ट हाउस चौक सहित आसपास के व्यस्त बाजार क्षेत्रों में सघन कार्रवाई की। इस दौरान सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया।

**सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, पिछले वर्षों का संपत्तिकर जमा नहीं करवाने वालों को नोटिस भेजे जा चुके**



### पांच ने मौके पर जमा करवाया टैक्स



कार्रवाई के दौरान करीब 31 दुकानदारों पर अतिक्रमण करने के आरोप में कुल 17,900 के चालान किए गए। निगम की टीम ने सबसे पहले हीरा-पन्ना कॉम्प्लेक्स में संपत्तिकर बकाया होने पर दो दुकानों को सील किया। पांच दुकानदारों ने बकाया संपत्तिकर के चेक निगम को सौंपे। गांव सुनारियां में टीम एक संपत्ति की सीलिंग की कार्रवाई के लिए पहुंची, जहां संबंधित संपत्ति मालिक ने 17,67,750 का बकाया संपत्तिकर का चेक मौके पर ही दे दिया।

### नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों से मांगा सहयोग

नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि शहर में अभी भी कई संपत्ति मालिक ऐसे हैं जिन्होंने पिछले वर्षों का संपत्तिकर जमा नहीं कराया है। उन्हें अंतिम नोटिस जारी किए जा चुके हैं और शीघ्र भुगतान न करने पर सीलिंग एवं कानूनी होगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।

### विकास कार्यों की गुणवत्ता पर निगम सख्त आयुक्त ने किया विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण



**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने शहर में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार सुखपुरा, कन्हेली और सुनारियां सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों, नालियों और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्यों में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता, सड़कों की मोटाई, लेवलिंग, इंटरलॉकिंग, सीसी और बिटूमिनस सड़क निर्माण की प्रक्रिया को बारीकी से देखा। नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि किसी भी कार्य में गुणवत्ता की कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार या एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्माण स्थलों पर नियमित निगरानी रखें। नगर निगम भविष्य में भी विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग और समय-समय पर निरीक्षण करता रहेगा। इस निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, नगर अभियंता मंदीप एवं सुनील शर्मा, कनिष्ठ अभियंता नरेश हुड्डा और हरदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीजीआई में होम्योपैथी की ओपीडी शुरू

# 57 नंबर कमरे में डॉ. अनिल शर्मा देखेंगे मरीज

**सप्ताह में एक दिन गुरुवार को करवा सकेंगे इलाज**



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओपीडी में होम्योपैथी ओपीडी शुरू हो गई है। कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. रूपसिंह, निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल, और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर इसका उद्घाटन किया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कहा कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार का प्रयास है कि एक ही छत के नीचे मरीजों को सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पीजीआईएमएस की ओपीडी में होम्योपैथी ओपीडी की शुरुआत करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक प्रयास है। होम्योपैथी एक प्रभावी और सुरक्षित चिकित्सा पद्धति है, जो मरीजों को कई बीमारियों से राहत दिला सकती है। डॉ.एचके अग्रवाल ने बताया कि मरीजों की सहूलियत को देखते हुए इस ओपीडी को शुरू करवाने का श्रेय चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल हो जाता है।

### हरिओम सेवा दल के सहयोग से दवाइयां फ्री


होम्योपैथी क्लीनिक के चिकित्सक डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि गुरुवार को कमरा नम्बर 57 में फ्री में ओपीडी चलाई जाएगी, जिसमें हरिओम सेवा दल के सहयोग से दवाइयां निशुल्क मिलेंगी। जिन लोगों को जोड़ों का दर्द, जैनेटिक्स डिस्आर्डर, बच्चों में एडीएचडी, ओटिज्म इत्यादि समस्याएं हैं वें इलाज करवा सकते हैं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. रूपसिंह, निदेशक डॉ.एस.के. सिंघल, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एम.जी. वशिष्ठ, डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ अनिल शर्मा, सीओएफ राजेश मनोचा, हरिओम सेवा दल से योगेश आदि मौजूद रहे।

## एएसजे शैलेंद्र सिंह की कोर्ट ने सुनाया फैसला

# युवती का उत्पीड़न करने के दोषी को उम्रकैद, पिता और दोस्त बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

**दोषी पर एक लाख 85 हजार जुर्माना भी लगाया**



एएसजे शैलेंद्र सिंह की कोर्ट ने एक युवती के उत्पीड़न मामले में दोषी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। जबकि इसी मामले में दो आरोपियों को बरी किया है। दोषी पर एक लाख 85 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। मामले के अनुसार, एक मार्च 2023 को एक युवती ने पुलिस को शिकायत दी कि वह रोहतक की एक कॉलोनी की रहने वाली है। उसकी उम्र 15 साल है। तकरीबन 3-4 माह पहले उसकी मुलाकात आशीष निवासी तेज कालोनी से हुई थी। इस दौरान आशीष ने उसे बहला फुसला कर शादी का वादा किया। वह धमकी देता था कि वह उसे नहीं मिली तो वह उसे भी मार देगा। वह अपने मां बाप से भी मिलवाने लेकर गया। वह उसे होटल भी लेकर गया, जहां दोस्त से मिलवाया। इस दौरान उसका उत्पीड़न जारी रहा। वह धमकी देकर भी उसे उसके घर से बाहर लेकर गया। वह उसे एक होटल में ले गया, जहां खाना खाने के बाद उसे अगले दिन ही होश आया। युवक ने धमकी दी कि उसने उसके साथ अनैतिक कार्य किया है। इसलिए उसे उसके साथ ही शादी करनी पड़ेगी। वह उसकी वीडियो और फोटो वायरल कर देगा। मौके पर आरोपी का पिता भी मिलने आया। इसके बाद भी उसके साथ मारपीट की गई और शादी के लिए दबाव बनाया गया। इस मामले में आशीष का दोस्त भी उसके साथ था। पुलिस ने आशीष, उसके पिता और दोस्त पर केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। कोर्ट ने आशीष को उम्र कैद की सजा सुनाई है जबकि अन्य दोनों आरोपियों को बरी किया है।

**30 लाख से ज्यादा ठगे**

### गिरोह में शामिल दूसरा आरोपी गिरफ्तार, अदालत में किया पेश

**रोहतक।** शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 30 लाख से अधिक की ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने ठगी गिरोह में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया जा चुका है, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना साइबर के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिमली निवासी कृष्ण की शिकायत पर इस मामले में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि 14 अप्रैल 2024 को पीड़ित कृष्ण के व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट में निवेश करने का संदेश आया था। इसके बाद पीड़ित को एफ21-स्टॉक बिजनेस स्कूल नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। आरोपियों ने एस्कॉर्ट सिक्योरिटी के नाम से लिंक भेजकर पंजीकरण कराया। आरोपियों के झांसे में आकर कृष्ण ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन से कुल 30 लाख 13 हजार ट्रांसफर कर दिए। जब राशि निकालने का प्रयास किया, तो उससे सात लाख और जमा कराने की मांग की गई। जांच में सामने आया कि फर्जी ऐप, जाली कागजात और फर्जी वेबसाइट के माध्यम से पीड़ित के साथ धोखाधड़ी की गई। जांच के दौरान 13 जनवरी को गिरोह में शामिल आरोपी अभिषेक पुत्र कनाराम निवासी सिक्कर, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

# शहर में अब तक 2500 की नसबंदी हुई, मृत कुत्तों की रिपोर्ट का इंतजार

## निगमायुक्त बोले, आगे की कार्रवाई रिपोर्ट आने के बाद

**शहर में इस समय लगभग 8000 आवारा कुत्ते मौजूद**

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और हाल ही में मिले मृत कुत्तों को लेकर प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। निगम के अनुसार शहर में इस समय लगभग 8000 आवारा कुत्ते मौजूद हैं, जिनमें से अब तक 2500 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। शेष कुत्तों की नसबंदी का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है ताकि आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण पाया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। निगम कमिश्नर डॉ आनंद शर्मा ने बताया कि हाल के दिनों में जिन कुत्तों की मौत हुई है, उनके सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। इन सैंपलों की रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कुत्तों की मौत किस कारण से हुई और इसके लिए आगे क्या कार्रवाई की जानी है। अधिकारियों का कहना है कि बिना जांच रिपोर्ट के किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। शहर में आवारा कुत्तों को लेकर लोगों में चिंता का माहौल है। कुछ क्षेत्रों में कुत्तों के झुंड घूमने से बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, हालिया घटनाओं के बाद लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

### सब जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम का ट्रायल 18 को होगा

**रोहतक।** 35वीं सब जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप के लिए हरियाणा राज्य की बालक व बालिका टीमों का ट्रायल 18 जनवरी को राजीव गांधी खेल स्टेडियम के खो-खो मैदान पर किया जाएगा। ट्रायल में हरियाणा की टीम का चयन किया जाएगा। रोहतक जिला खो-खो संघ के प्रधान सुभाष ने बताया कि 35वीं राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप 31 जनवरी से 4 फरवरी तक कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी। ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की जन्मतिथि 4 फरवरी 2012 के बाद की होनी चाहिए। ट्रायल के समय आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है ओर खिलाड़ियों का इंडेक्स 215 होना चाहिए। रोहतक जिला खो खो संघ के सचिव उपेंद्र नैन ने बताया कि चयन प्रक्रिया खिलाड़ियों की योग्यता व उसके खेल कौशल के आधारित होगी।

## नवंबर और दिसंबर में सबसे खराब रहती है हवा, सांस लेना भी हो जाता है दुश्वार

**मानसून सीजन को छोड़कर पूरे साल शहर में प्रदूषण की चादर तनी रहती है**

# छह साल में बिगड़ गई शहर की हवा, 2019 के नवंबर में प्रदूषण का स्तर 165.5 था, अब बढ़कर 249.6 तक पहुंचा, लोग हो रहे परेशान

अमरजीत एस गिल ⏭रोहतक

दस-ग्यारह साल से एनसीआर में लगातार खराब होती हवा को लेकर काफी हो-हल्ला हो रहा है। रोहतक शहर भी एनसीआर का हिस्सा है। वायु सबसे ज्यादा खराब नवंबर-दिसंबर में होती है। एक्यूआई पर नजर दौड़ाई जाए तो बीते छह साल में शहर की हवा लगभग दोगुना तक खराब हो चुकी है। वर्ष 2019 में जहां नवंबर का एवरेज पीएम 2.5, 165.5 था,जो अब बढ़कर 249.6 तक पहुंच चुका है। यानी के 84.1 अंक की वृद्धि हुई है। मालूम रहे कि मानसून की विदाई सितंबर में होने के बाद एनसीआर की हवा खराब हो जाती है। बीच-बीच में जब हवा की गति तेज हो जाती है तो पॉल्यूशन का लेवल एकाध दिन के लिए कम होता है। वरना तो मानसून सीजन को छोड़कर पूरे साल ही प्रदूषण की चादर तनी रहती है। ध्यान रहे कि अगर पीएम 2.5, 50 तक है तो वह सांस लेने के लायक है। 51 से 100 तक मध्यम दर्जे की, 101 से 150 तक संवेदनशील व्यक्तियों के लिए अस्वस्थ, 151 से 200 तक अस्वस्थ, 201 और 300 तक सही नहीं। 300 से अधिक है तो हवा पूरी तरह से खराब है।

| साल | सूचकांक |
|---|---|
| नवंबर 2019 | 165.4 |
| 2020 | 270.8 |
| 2021 | 331.7 |
| 2022 | 224.7 |
| 2023 | 229.5 |
| 2024 | 249.6 |
| 2025 | एक्यूआई स्टेशन खराब |

### ये है पीएम 2.5

हवा में मौजूद बेहद सूक्ष्म कण (2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास के) होते हैं, जो धुएं, धूल और राख से बनते हैं और सांस लेने पर फेफड़ों और रक्त प्रवाह में गहराई तक जाकर हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर, स्ट्रोक और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी गंभीर बीमारियां पैदा करते हैं। ये मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन के जलने और औद्योगिक उत्सर्जन से उत्पन्न होते हैं। सूक्ष्म कण हवा में तैरते ठोस और तरल कणों का मिश्रण होते हैं, जैसे धूल, कालिख और धुआं, जो इतने छोटे होते हैं कि मानव बाल से 30 गुना पतले होते हैं। वाहनों का धुआं, बिजली संयंत्र, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्य, जंगल की आग और घर में खाना पकाने से निकलने वाले धुंए से भी ये कण पैदा होते हैं।

### पीएम 10 के बारे में भी जानें

पीएम 10 हवा में मौजूद कणों के आकार को दर्शाते हैं। पीएम 10 का मतलब होता है कि हवा में मौजूद कण 10 माइक्रोमीटर से भी छोटे हैं, और जब पीएम 10, पीएम 2.5 का स्तर 100 से ऊपर पहुंचता है तो ये खराब श्रेणी को दर्शाता है। यानि हवा में धूल, मिट्टी, धुंध के कण ज्यादा मात्रा में मौजूद है। जो आसानी से सांस के जरिए आप के फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं।

### श्वसन प्रणाली पर असर

चिकित्सा जगत की मानें तो खराब हवा का श्वसन प्रणाली पर बहुत बुरा असर पड़ता है। जिससे खांसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में जलन जैसे तुरंत असर दिखते हैं। और लंबे समय में अस्थमा, फेफड़ों के संक्रमण, फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। क्योंकि प्रदूषक कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं और पहले से मौजूद बीमारियों को और गंभीर बना देते हैं। केंद्र सरकार ने गत दिनों संसद में बताया था कि 2022 के मुकाबले 2025 के धान की कटाई के मौसम में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 90 प्रतिशत की कमी आई है। इसके बावजूद प्रदूषण कम होने की बजाय बढ़ ही रहा है।

रोचक / शिखर चंद जैन

# पट-पट उछलने-कूदने वाला पॉपकॉर्न!





बच्चो, पॉपकॉर्न यानी भुने हुए मकई के दाने। मकई के दाने भूनते समय तुमने देखा होगा, कैसे पट.. पट.. करके उछलते-कूदते हैं। इन्हें देखकर बहुत मजा आता है। ये भूनते समय इस तरह क्यों उछलते-कूदते हैं? इन्हें इस तरह कब से खाए जाने की शुरुआत हुई, इनका क्या है इतिहास, इसका नाम पॉपकॉर्न कैसे पड़ा? पॉपकॉर्न से जुड़ी रोचक जानकारियां।

बच्चो, पॉपकॉर्न एक ऐसा स्नैक्स है, जो टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होता है। हल्की-फुल्की भूख के लिए पॉपकॉर्न एक बेहतरीन ऑप्शन है। तुम्हारा यह पसंदीदा पॉपकॉर्न दुनिया भर में पॉपुलर है। क्या तुम्हें पता है, पॉपकॉर्न की पसंद और इसके हेल्थ बेनिफिट्स को सेलिब्रेट करने के लिए 'पॉपकॉर्न-डे' भी मनाया जाता है। बच्चो, हर साल 19 जनवरी को अमेरिका में 'नेशनल पॉपकॉर्न-डे' मनाया जाता है।

**नया नहीं है पॉपकॉर्न:** कॉर्न (मकई) के एक विशेष प्रकार, जिसका वैज्ञानिक नाम 'जिया मेज एवर्टा' है, से पॉपकॉर्न बनाया जाता है। यह मकई



इस मायने में अलग है कि इसका पेरिकार्प यानी छिलका मोटा होता है। पॉपकॉर्न बनाने की शुरुआत 5000 साल से भी पहले हो चुकी थी। पेरू में 6700 साल पहले भी पॉपकॉर्न खाए जाते थे, इस बात के भी प्रमाण मिले हैं।

**कब हुआ पॉपुलर:** 1885 में चार्ल्स क्रेटर्स द्वारा मोबाइल पॉपिंग कार्ट के आविष्कार के बाद से पॉपकॉर्न पॉपुलर हुआ। इसके बाद से पॉपकॉर्न आसानी से तैयार किए और खरीदे-बेचे जाने लगे। धीरे-धीरे यह बच्चों और बड़े सभी का फेवरेट स्नैक्स बनता गया। खाने के साथ-साथ पेड़-पौधों की सजावट में भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज भी कई जगहों पर क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए पॉपकॉर्न का इस्तेमाल किया जाता है।



**उछलता है इसलिए नाम पड़ा 'पॉप' कॉर्न:** पॉपकॉर्न के दानों में 14 प्रतिशत तक नमी होती है। जब इन दानों को गर्म किया जाता है, तो पानी भाप बन जाता है। यह भाप जब दाने से बाहर आने का प्रयास करती है तो दाना पट-पट की आवाज के साथ उछलता है और फूट जाता है। जिससे ये पॉपकॉर्न बन जाते हैं। फूटते समय पॉपकॉर्न 3 फीट (लगभग 1 मीटर) तक उछल सकता है। इसके उछलने की प्रवृत्ति के कारण ही इसे 'पॉप' कॉर्न कहते हैं।

**तरह-तरह के पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न कई तरह के होते हैं। 'जिया मेज' की लगभग 25 विभिन्न किस्में हैं। इनमें से दो प्रमुख प्रकार हैं-राइस पॉपकॉर्न और पर्ल पॉपकॉर्न। मक्के की यह प्रजाति आमतौर पर छोटी होती है। इसके दाने का आवरण और बाहरी भ्रूणपोष बेहद सख्त होता है।

**दो तरह के मुख्य शेप:** पॉपकॉर्न मुख्य रूप से दो अलग-अलग शेप में फूटते हैं।

**स्नोफ्लेक:** यह आकार में बड़ा और ऊबड़-खाबड़ होता है। मूवी थिएटर में तुम यही पॉपकॉर्न खाते हो। यह दिखने में ज्यादा लगता है।

**मशरूम:** यह गोल और ठोस होता है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब पॉपकॉर्न पर चॉकलेट या कैरमल की परत चढ़ानी हो, क्योंकि यह आसानी से टूटता नहीं है।

**हेल्दी ब्रेकफास्ट है पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न खाने में मजा तो आता ही है, यह हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है। 19वीं सदी में इसे दूध और चीनी के साथ नाश्ते के रूप में खाया जाता था। आज भी इसे तरह-तरह से खाया जाता है। इसमें भरपूर फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही पॉपकॉर्न, मैंगनीज, फॉस्फोरस और जिंक का अच्छा स्रोत है। इसमें कैलोरी बेहद कम होती है और हार्मफुल ग्लूटेन नहीं पाए जाते। आजकल मल्टीप्लेक्स मूवी थिएटर्स में बड़े-बड़े स्टाइलिश डब्बों में तरह-तरह के मसालों से युक्त पॉपकॉर्न खूब बिकते हैं। *

### दुनिया का सबसे बड़ा पॉपकॉर्न बॉल

बच्चो, क्या तुम इमेजिन कर सकते हो कि एक पॉपकॉर्न बॉल कितना बड़ा हो सकता है? अमेरिका के आयोवा राज्य के सैक सिटी में साल 2016 में 9,370 पाउंड (लगभग 4250 किलोग्राम) वजन का पॉपकॉर्न बॉल बनाया गया। यह पॉपकॉर्न बॉल 24 फीट चौड़ी और 8 फीट से ज्यादा ऊंची है। इस पॉपकॉर्न बॉल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है।

### माइक्रोवेव की खोज में मददगार बना पॉपकॉर्न

बच्चो, एक इंटरेस्टिंग फैक्ट यह है कि तुम्हारे घर में रखे माइक्रोवेव ओवन का आविष्कार पॉपकॉर्न की वजह से ही हुआ था। साल 1945 में पर्सी स्पेंसर नाम के वैज्ञानिक एक मशीन पर काम कर रहे थे। उन्होंने देखा कि हीट की वजह से उनकी जेब में रखे पॉपकॉर्न के दाने अचानक फूटने लगे। इसी से उन्हें माइक्रोवेव बनाने का आइडिया आया।

पेंगुइन अपनी अनोखी शारीरिक संरचना के लिए जाना जाता है। इनकी ज्यादातर प्रजातियां लुप्त होने की कगार पर हैं। पेंगुइन पर मंडराते खतरे के कारण इनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन अवेयरनेस-डे' मनाया जाता है। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

# अजब-अनूठा पक्षी पेंगुइन

पक्षी जगत
मच्छिंद्र ऐनापुरे



पेंगुइन पक्षी का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में एक प्यारे-से, काले-सफेद रंग का पक्षी आ जाता है, जो बर्फ पर मजेदार ढंग से मटकते हुए चलता है। बच्चो, दुनिया में पेंगुइन की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

**एंपरर पेंगुइन:** यह पेंगुइन की दुनिया का राजा माना जाता है। एंपरर पेंगुइन सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई लगभग 3 फीट 7 इंच होती है। वजन 35 से 40 किलो तक होता है। ये अत्यंत ठंडे इलाके अंटार्कटिका में रहते हैं। एंपरर पेंगुइन शानदार तैराक होते हैं, ये गहरे समुद्र में गोते लगाकर तैरते हैं।



**यलो-आइड पेंगुइन:** यह पेंगुइन न्यूजीलैंड में पाया जाता है। इसकी पीली-पीली आंखें और सिर पर पीली धारियां होती हैं। इसकी शारीरिक विशेषताओं के आधार पर ही इसका नामकरण हुआ है।

**किंग पेंगुइन:** एंपरर पेंगुइन से आकार में थोड़े छोटे और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं-किंग पेंगुइन। इनके सिर के पास पानी की बूंद जैसा पीला निशान होता है। इनमें भी वे सभी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो एंपरर पेंगुइन में होती हैं। ये भी अंटार्कटिका में पाए जाते हैं।

**रॉकहॉपर पेंगुइन:** इनकी आंखों के ऊपर सुंदर-सी भौंहें होती हैं। ये चट्टानों पर उछल-कूद करते हुए चलते हैं। रॉकहॉपर पेंगुइन की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं। पहली, नॉर्दन रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें बड़ी और उभरी हुई होती हैं। दूसरी, सदर्न रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें थोड़ी छोटी होती हैं।

**मैकरॉनी पेंगुइन:** इस पेंगुइन का नाम (खाने वाली डिश मैकरॉनी) बड़ा मजेदार है न! इसका चेहरा काला, चोंच नारंगी और माथे पर पीले रंग की सुंदर कलगी होती है। यही इसकी पहचान है।



**लिटिल पेंगुइन:** नाम जैसा, आकार वैसा! ये दुनिया के सबसे छोटे आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई सिर्फ 12 से 13 इंच तक और वजन करीब 1.2 से 1.3 किलोग्राम तक होता है।

**गैलापेगोस पेंगुइन:** यह दुनिया की इकलौती पेंगुइन प्रजाति है, जो भूमध्य रेखा (इक्वेटर) के पास रहती है। यह गैलापेगोस द्वीप समूह में पाई जाती है।

**अफ्रीकन पेंगुइन:** ये पेंगुइन अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया देशों में पाए जाते हैं। इन पेंगुइन की आंखों के चारों ओर फर नहीं होते और छाती पर काली पट्टी होती है। *



### भारत में भी देखी जा सकती है पेंगुइन

बच्चो, तुम सोच सकते हो कि कि पेंगुइन सर्द प्रदेशों/स्थलों में पाया जाने वाला पक्षी है, इसे भारत जैसे गर्म देश में नहीं देखा जा सकता, लेकिन ऐसा नहीं है। तुम अपने देश में भी पेंगुइन को देख सकते हो। मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी संग्रहालय (रानी का बाग) में 18 पेंगुइन देखे जा सकते हैं। ये हंबोल्ट प्रजाति के पेंगुइन हैं, जो मूल रूप से पेरू और चिली से लाए गए हैं। साल 2016 में यहां सिर्फ 8 पेंगुइन थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हो गई है।

कविता / फहीम अहमद

## मखमली धूप

ठिठुर रहे तन को लगती है
मखमल-सी जाड़े की धूप।
धीरे से मन को छू जाती
कोमल-सी जाड़े की धूप।
मीठे गीत सुनाती रुनकी,
कोयल-सी जाड़े की धूप।

सबके दिल में घर कर जाती
चंचल-सी जाड़े की धूप।
ठिठुरन वाले सन्नाटे में
हलचल-सी जाड़े की धूप।
जब छत पर लेटें तो ओढ़ें
कंबल-सी जाड़े की धूप।
नानी की गोदी, अम्मा के
आंचल-सी जाड़े की धूप।



## बूझो तो जानें

1 भूरा-काला रुई-सा हल्का
मैं नभ में उड़ता जाता।
बरसातों का दूत बनूं मैं
गड़-गड़ गड़-गड़ शोर मचाता।



2 सड़क नहीं, आकाश सवारी
पंख लगे, पर नहीं हूं चिड़िया।
लोगों को सुदूर पहुंचाऊं
वायु भांति मेरी गति बढ़िया।

3 बत्ती नहीं, न कोई तेल
रातों को कर देता जगमग।
ज्यों नींद खुले सूरज की
मैं छुप जाता चलकर डगमग।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.बादल, 2.हवाई जहाज, 3.चंद्रमा

## जीके क्विज-188

1. दृष्टिबाधित लोगों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई है?
2. भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
3. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?
4. इन दिनों 53वें विश्व पुस्तक मेला का आयेजन किस शहर में किया जा रहा है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन सा है?
7. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन सा है?
10. 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-188 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-187 का उत्तर :** 1.दीप्ति शर्मा, 2. जापान, 3.काम्या कार्तिकेयन, 4.सारनाथ, 5.सी. राजगोपालाचारी, 6.ओडिशा, 7.विटामिन-ए, 8.मुंबई से ठाणे, 9.नाइक्रोम, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-187 का सही उत्तर देने वाले :** गौरव-कोरबा, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, कोमल-रोहतक, शुभम-रायपुर, रौनक-दुर्ग, कमल-बिलासपुर, सुमन-रायगढ़, शिप्रा-महासमुंद



कहानी
हरीश कुमार अमित

मयंक और उसके दादा जी ने एक दिन शर्त लगाई, कौन कितने देर बिना बोले रह सकता है, जो पहले बोलेगा, वह शर्त के अनुसार हर्जाना भरेगा। मयंक को लगा दादा जी शर्त हार गए, जबकि दादा जी को लगा मयंक हारा। लेकिन वास्तव में शर्त कौन जीता?

# लग गई शर्त

मयंक बहुत बातूनी है। लंबी-लंबी बातें करना उसे अच्छा लगता है। थोड़ी देर तक भी बिना बोले रहना उसके लिए मुश्किल है। आज मयंक के स्कूल की छुट्टी थी। वह दादा जी के कमरे में उनके पास बैठा उनसे बातें कर रहा था। बातों-बातों में दादा जी ने मयंक से शर्त लगा ली, कौन ज्यादा देर तक बिना बोले रह सकता है। शर्त के अनुसार उन दोनों में से जो पहले बोलेगा, वह शर्त हार जाएगा। दादा जी ने यह भी कहा कि अगर खुद वे शर्त हार गए तो मयंक को रेस्टोरेंट ले जाकर मसाला डोसा खिलाएंगे। और अगर मयंक शर्त हार गया तो वह पिछले दिनों अपने जन्मदिन पर मिले चॉकलेट के डिब्बे से पांच चॉकलेट दादा जी को देगा।

शर्त लगने के बाद दादा जी और मयंक दोनों एक-दूसरे से इशारों-इशारों में ही बातें करने लगे। घर में उस समय और कोई मौजूद नहीं था। मयंक के मम्मी-पापा कहीं गए हुए थे, उन्हें शाम तक ही घर लौटना था। मयंक को पूरा विश्वास था, वह शर्त जीत जाएगा।



थोड़ी देर बाद दादा जी के मोबाइल फोन पर मयंक के पापा का फोन आया। पापा ने यह बताने के लिए फोन किया था कि वे लोग शाम को आठ बजे तक ही वापस आ पाएंगे। दादा जी ने पापा की बात तो सुन ली, लेकिन खुद जो कहना था, वह टेक्स्ट मैसेज में लिखकर भेज दिया। साथ ही चुप रहने की शर्त के बारे में भी लिख दिया ताकि फोन पर उनके बात न करने के कारण पापा को कुछ अटपटा न लगे। थोड़ी देर बाद मयंक का जी करने लगा कि कुछ बोला जाए, लेकिन शर्त के कारण उसने अपने आपको रोके रखा। कुछ देर बाद अचानक मयंक को दादा जी की आवाज सुनाई दी। दादा जी की आवाज सुनते ही वह जोर से बोल उठा, 'मैं जीत गया! मैं जीत गया!' 'जीत तो मैं गया हूं, बेटा। तुम पहले जो बोल पड़े हो।' दादा जी ने हंसते हुए कहा।

'जीता तो मैं हूं, दादा जी! पहले आपकी आवाज सुनाई दी है!' मयंक ने दादा जी की बात का खंडन किया।

'आवाज से क्या होता है? बोले तो पहले तुम ही हो! इसलिए मैं शर्त जीत गया हूं।' दादा जी ने हंसते हुए जवाब दिया।

'कैसे, दादा जी? पहले आप बोले, तभी तो आपकी आवाज सुनाई दी।' मयंक ने दादा जी को समझाना चाहा।

'लेकिन मैं पहले बोला ही नहीं था। मैंने तो यह वीडियो चलाया था, जिसमें मेरी आवाज है।' कहते हुए दादा जी ने अपने कुर्ते की जेब से अपना मोबाइल फोन निकाल कर वह वीडियो फिर से चला दिया। यह वही वीडियो था, जो मयंक ने उनके फोन पर कुछ दिन पहले बनाया था। इस वीडियो में दादा जी मयंक को एक कहानी सुना रहे थे।

'पर यह तो चीटिंग है, दादा जी!' मयंक ने विरोध जताया।

'इसमें चीटिंग की क्या बात है? तुम्हें मेरी असली आवाज और वीडियो से आ रही आवाज का अंतर समझना चाहिए था।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोले।

दादा जी का यह तर्क सुनकर मयंक जवाब में कुछ न बोल सका। उसने अपनी हार मान ली और चुपचाप एक तरफ बैठ गया।

मयंक का उदास चेहरा देखकर दादा जी कुछ देर सोचते रहे और फिर हंसते हुए बोले, 'बेटा, मैं तो मजाक कर रहा था तुमसे! शर्त तो तुम ही जीत गए हो, क्योंकि मेरी आवाज पहले सुनाई दे गई थी। असल में सुबह से ही मेरा बहुत मन कर रहा था कि तुम्हारे साथ रेस्टोरेंट में जाकर गरमा-गरम मसाला डोसा खाया जाए। इसीलिए मैंने तुम्हारे साथ यह शर्त लगाई थी, और मैं जान-बूझकर शर्त हार भी गया ताकि मसाला डोसा खाने की मेरी इच्छा पूरी हो सके।' दादा जी के मुंह से यह सब सुनकर मयंक मन ही मन बहुत खुश हो गया। दादा जी आगे बोले, 'तुम्हारे मम्मी-पापा को तो कई घंटे बाद घर लौटना है। तब तक हम दोनों चलते हैं रेस्टोरेंट में मसाला डोसे का आनंद उठाने। तुम तैयार हो जाओ फटाफट।'

यह सुनकर मयंक के चेहरे की उदासी मिट गई और वह खुशी-खुशी दादा जी के साथ रेस्टोरेंट जाने के लिए तैयार होने लगा। उसे दादा जी के साथ मसाला डोसे का आनंद जो लेना था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# रोचक-प्रेरक कहानी


बच्चो, दुनिया भर में बच्चों के लिए बहुत अच्छी-अच्छी किताबें लिखी जा रही हैं। ये किताबें तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिए, क्योंकि ये तुम्हारा एक नए प्रकार का मनोरंजन करेंगी। इन किताबों को पढ़कर तुम जानोगे कि दुनिया कितनी मजेदार है, अद्भुत कल्पनाओं और रोमांच से भरी है। ऐसी ही एक किताब है 'स्टोरी ऑफ डॉक्टर डूलिटिल' यानी पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी। यह एक ऐसे डॉक्टर की कहानी है, जो था तो इंसानों का डॉक्टर, लेकिन जानवरों का इलाज करने लगा। यह डॉक्टर जानवरों की बोलियां समझता ही नहीं था, उनके साथ बात भी करता था। यह सब उसे पोलेसेनिया नाम के एक तोते ने सिखाया था। जब डॉक्टर डूलिटिल पशु-पक्षियों से बात करके उनकी समस्याओं को जानकर उनका इलाज करने लगा तो उसके सभी बीमार पशु-पक्षी जल्दी-जल्दी स्वस्थ होने लगे। इस तरह वह डॉक्टर, इंसानों के इलाज के लिए ही नहीं, पशु-पक्षियों के इलाज के लिए भी बहुत मशहूर हो गया। फिर डॉक्टर डूलिटिल को अफ्रीका से एक संदेश मिला कि वहां के बंदरों में एक जानलेवा बीमारी फैली है, जिससे वे तेजी से मर रहे हैं। फिर क्या था, डॉक्टर डूलिटिल अफ्रीका के लिए निकल पड़े। इसके बाद क्या हुआ, यह जानने के लिए बच्चो, तुम्हें इस किताब को पढ़ना होगा। इस किताब के लेखक हैं ह्यु लॉफ्टिंग, जिन्होंने सन 1920 में इसे लिखा था। यह किताब इतनी लोकप्रिय हुई कि डॉक्टर डूलिटिल की एक के बाद एक रोचक कहानियों वाली 12 किताबें प्रकाशित हुईं। इन पर कई फिल्में भी बनीं। दुनिया भर की अनेक भाषाओं में इन किताबों का अनुवाद भी हुआ है। ये किताबें विश्व बाल साहित्य की धरोहर हैं। *




**किताब :** पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी (फैंटेसी उपन्यास), **लेखक :** ह्यु लफ्टिंग, **अनुवाद :** आलोक कुमार, **मूल्य :** 199 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां अपने क्यूट से डॉगी के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सभी छह अंतर खोजकर बताओ-



उत्तर: 1. बाईं तरफ लड़की के बालों की लट खुली हुई नहीं है। 2.लड़की ने दाएं हाथ में ब्रेसलेट पहना हुआ है। 3.लड़की की टी-शर्ट पर फूल बना हुआ है। 4.लड़की का बायां हाथ खुला हुआ है। 5.डॉगी की आंखें बंद हैं। 6.डॉगी की जीभ अंदर है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां दो तरह की मछलियों के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ, किस मछली की संख्या कितनी है?



## खबर संक्षेप



### डिपो में रोडवेज कर्मियों ने रखी भूख हड़ताल

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर वीरवार को डिपो में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश सिवाच ने की जबकि संचालन डिपो सचिव जयकुंवार दहिया ने किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को राज्य महासचिव सुमेर सिवाच, राज्य उपप्रधान जयकुंवार दहिया, राज्य कार्यालय सचिव सतबीर मुंडाल सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' ऐतिहासिक व सैद्धांतिक परिवर्तन : कर्नल

**रोहतक।** ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में आया एक ऐतिहासिक और सैद्धांतिक परिवर्तन था। यह उद्गार कर्नल अनिल गोरसी ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा भारतीय थल सेना दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष ऑनलाइन व्याख्यान में व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि 7 मई 2025 की सुबह अंजाम दिया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध भारत की सैन्य क्षमता, रणनीतिक स्पष्टता और राजनीतिक दृढ़ इच्छा शक्ति का सशक्त प्रदर्शन था।

### प्राइवेट बस संचालकों पर नियंत्रण करे सरकार: मांडौठी

**रोहतक।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूपसिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने कहा कि सरकार ने ना तो बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन बढ़ाई और ना ही प्राइवेट बसों में किराए में मिलने वाली छूट का प्रावधान लागू करवा रही है। किराए को लेकर निजी बसों के परिचालक सीनियर सिटीज़नों व विद्यार्थियों से संवेदनहीन व्यवहार करते हैं।

### हरियाणवी व बालीवुड डांस सीखेंगी छात्राएं

**सांपला।** कस्बे के सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय की छात्राएं हरियाणवी और बालीवुड डांस का अभ्यास करेंगी। महिला प्रकोष्ठ की और से गुरुवार को प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्राचार्य डॉ संतोष हुड्डा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं की सर्जनात्मक क्षमता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। टीम वर्क अनुशासन एवं नेतृत्व कौशल को सुदृढ़ करना है। परिक्षक नागेन्द्र यादव और द्रष्टि मितल छात्राओं का मार्ग दर्शन करेंगे।







## मदवि में प्रतियोगिता का शानदार समापन, दिल्ली यूनिवर्सिटी बनी उपविजेता

# नॉर्थ जोन महिला टेनिसः पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ बनी चैंपियन

### चंडीगढ़ की खिलाड़ी सायरा को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला टेनिस प्रतियोगिता का वीरवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते दिल्ली यूनिवर्सिटी को हराकर खिताब अपने नाम किया, जबकि दिल्ली यूनिवर्सिटी उपविजेता रही। प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ ने तीसरा स्थान हासिल किया, वहीं मेजबान एमडीयू की टीम चौथे स्थान पर रही। पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाली पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की खिलाड़ी सायरा को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालयों में खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं।

एमडीयू खेल परिषद की अध्यक्ष डॉ. राजवंती ने कहा कि एमडीयू खेलों के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खेल निदेशक एवं खेल परिषद की सचिव डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, प्रशिक्षकों, तकनीकी स्टाफ और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समन्वयन सहायक खेल निदेशक डॉ. तेजपाल और टेनिस कोच श्रवण कुमार ने किया।




### पहरावर में खेल प्रतियोगिताएं हुईं

**रोहतक।** पहरावर में यूथ क्लब के सदस्यों ने एक अनूठी पहल करते हुए गांव के विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया है। जिसमें 100 और 800 मीटर की रेस, रस्साकशी और कबड्डी की प्रतियोगिता करवाई गई । बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### कुमाऊं विवि नैनीताल ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय को 8 विकेट से हराया



**रोहतक।** मदवि के खेल परिसर में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत वीरवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय को 8 विकेट से पराजित किया। गढ़वाल विश्वविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते 19 ओवर में 74 रन बनाए। टीम की ओर से रोशनी रॉय ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में कुमाऊं विवि की नंदिनी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते कुमाऊं विवि ने 15 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। लक्ष्मी बसेरा ने 42 रन की नाबाद पारी खेली। दूसरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश विवि शिमला ने कुरुक्षेत्र विवि को 7 विकेट से हराया। कुरुक्षेत्र विवि ने पहले बल्लेबाजी करते 19.4 ओवर में 57 रन बनाए। जवाब में हिमाचल प्रदेश विवि, शिमला ने 8.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 58 रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरे मुकाबले में जीएनडीयू अमृतसर की टीम ने एलपीयू फगवाड़ा को 25 रनों से हराया। शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच आयोजित किए जाएंगे। पहला सेमीफाइनल मैच एमडीयू और एचपीयू शिमला के बीच व दूसरा मैच कुमाऊं विवि नैनीताल और जीएनडीयू, अमृतसर के बीच खेला जाएगा। निदेशक खेल डॉ. शकुंतला बेनीवाल, सहायक निदेशक खेल डॉ. तेजपाल व क्रिकेट कोच मुकेश गोयल मौजूद रहे।

### मातुराम ब्लास्टर्स इलेवन ने गोयल क्रिकेट क्लब को दी मात

**रोहतक।** विश्वकर्मा क्रिकेट ग्राउंड पर वीरवार को खेले गए गोयल विंटर क्रिकेट कप 2026 के लीग मुकाबले में मातुराम ब्लास्टर्स इलेवन ने रोमांचक प्रदर्शन करते गोयल क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से पराजित कर दिया। यह मुकाबला दर्शकों के लिए अंत तक बेहद रोमांचक बना रहा। टॉस जीतकर इलेवन ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्लब की टीम ने 18 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। दीपांशु ने शानदार बल्लेबाजी करते मात्र 23 गेंदों पर 43 रन बनाए।

## वर्तमान समय में वेल्यू एजुकेशन अत्यंत आवश्यक : रश्मि देशवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्राह्मणवास में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'वेल्यू एजूकेशन' विषय पर 15 जनवरी को एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और जीवन मूल्यों के विकास हेतु प्रभावी शिक्षण विधियों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल, उपप्रधानाचार्य अमित तथा विशेषज्ञ वक्ता अमित और नीलम कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान विशेषज्ञों ने वेल्यू एजूकेशन की वर्तमान आवश्यकता, उसके सामाजिक महत्व और कक्षा-कक्ष में व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला।

गतिविधि-आधारित शिक्षण, उदाहरणों और समूह चर्चाओं के माध्यम से शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित प्रभावी उपाय बताए गए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल ने कहा कि वर्तमान समय में वेल्यू एजूकेशन अत्यंत आवश्यक है, ताकि विद्यार्थी शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त बन सकें। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण अत्यंत सरल, रोचक और प्रेरणादायक रहा। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया।



## खरावड़ : भतीजे की मौत से आहत ताऊ ने भी चंद घंटों में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

### कुछ दिन पहले हादसे में पिता की हुई थी मौत

गांव खरावड़ में सोमवार का दिन कभी न भूलने वाला बन गया। एक ही परिवार में कुछ ही घंटों के अंतराल में दो मौतों ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया। देर रात युवक सहिल की हार्ट अटैक से अचानक मौत हो गई, तो सुबह बीमारी के चलते उसके ताऊ धर्मबीर ने भी दम तोड़ दिया। इससे पहले इसी परिवार पर दुखों का पहाड़ तब टूटा था, जब कुछ दिन पहले सहिल के पिता की एक सड़क हादसे में मौत हो चुकी थी। लगातार तीन मौतों से परिवार पूरी तरह टूट चुका है और गांव में हर आंख नम है।

#### अचानक बिगड़ी साहिल की तबीयत

परिवार के अनुसार सहिल पूरी तरह स्वस्थ था और रोजमर्रा की तरह अपना कामकाज निपटा कर रात को सोया था। देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी। परिजन उसे संभलने का मौका भी नहीं दे पाए कि हार्ट अटैक ने उसकी जान ले ली। युवक की अचानक मौत की खबर फैलते ही मोहल्ले में कोहराम मच गया। जिस घर में कुछ ही दिन पहले पिता की मौत का मातम था, उसी घर में फिर से चीख-पुकार गूंज उठी।

#### उठीं दो अर्थियां

सोमवार को गांव खरावड़ में ऐसा मंजर देखने को मिला, जिसने हर किसी का दिल दहला दिया। सहिल और धर्मबीर का अंतिम संस्कार एक ही दिन किया गया। श्मशान घाट तक पहुंचते-पहुंचते हर आंख भर आई।

#### परिवार और ग्रामीण बढ़ा रहे ढांढस

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले सहिल के पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उस हादसे से परिवार अभी उबर भी नहीं पाया था। घर में शोक का माहौल था, रिश्तेदार और ग्रामीण सांत्वना देने आ-जा रहे थे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों का अपडेट जाना

**रोहतक।** एडीसी नरेंद्र कुमार ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य आयोजन के लिए सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूर्ण करें। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जाए। इसको लेकर सभी अधिकारी राष्ट्रीय पर्व के अनुरूप तैयारियां सुनिश्चित करें।

### मकर संक्रांति पर वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित



**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित ओमेक्स सिटी में मकर संक्रांति पर वृद्ध सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ओमेक्स सिटी के पूर्व प्रधान जे. एस. बूरा ने किया। समारोह का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की मूल भावना, बुजुर्गों के प्रति सम्मान और आदर को समाज में पुनः सशक्त करना रहा। भौतिकवाद की दौड़ में परिवारों से बुजुर्गों को वह सम्मान नहीं मिल पा रहा, जिसके वे अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि समाज में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस बदलाव का गंभीर संकेत है। उन्होंने बताया कि युवाओं को अपनी संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। इसी सोच के तहत ओमेक्स सिटी में 75 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया।

### गुरु रविदास जयंती समारोह 31 जनवरी को



**रोहतक।** भाजपा रोहतक के जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती सम्मान के साथ मनाएगी। उन्होंने कहा कि बताया कि समारोह 31 को कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

## जीवन सफल बनाने के लिए सुनें भागवत कथा : वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



जनता कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास सुनील वशिष्ठ ने कहा कि संतों का आगमन इस बात का संदेश देता है कि यह दुर्लभ मानव जीवन केवल भगवत भक्ति के लिए ही मिला है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा इतनी दिव्य है कि इसे सुनने के लिए स्वयं देवी-देवता भी रूप बदलकर कथा स्थल पर पहुंचते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपना जीवन सफल बनाने के लिए भागवत कथा अवश्य सुननी चाहिए। कथा व्यास सुनील वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि इन लीलाओं को जितनी बार सुना जाए, उतनी ही बार कम है, क्योंकि हर बार भगवान की नई झलक और नया रस प्राप्त होता है। उन्होंने माता यशोदा को पुत्र प्रेम में भगवान का रस चखाने, माता देवकी-वासुदेव को साक्षात दर्शन देने, पुतना वध, माखन चोरी, गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर इंद्र का मान भंग करने, कंस वध, रुक्मणी विवाह सहित अनेक दिव्य लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया।

**योजना** टेंडर की फाइल अधिकारियों की टेबल पर पहुंची, जिप ने शुरू की प्रक्रिया

# 9.38 करोड़ से गावों में गलियां होंगी पक्की, चौपाल की मरम्मत और स्कूल के कमरों का भी होगा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला परिषद की गत बैठक में जिन कार्य का अनुमोदन पार्षदों द्वारा किया गया था, उन पर काम शुरू करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। कार्य कराने के लिए टेंडर की फाइल अधिकारियों की टेबल पर पहुंच चुकी है। 9.38 करोड़ रुपये गांवों में गली पक्की करने, पशु अस्पताल, स्कूल कमरों का नवीनीकरण, सरकारी स्कूल का गेट बनाने, चौपाल की मरम्मत, शेड बनवाने, पशुओं के लिए खटकड़ समेत कई और दूसरे कामों पर खर्च किए जाएंगे। जिला परिषद की अगली बैठक संभवत फरवरी में हो सकती है। तब तक ये काम शुरू हो जाएंगे।

इसके अलावा जो काम पिछली बैठक में सदन स्वीकृत किए थे, वे इस समय करवाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर जिला परिषद में राजनीतिक उठा-पटक नहीं है। ये गांवों के लिए काफी राहत वाली बात है। उम्मीद है कि हाउस की अगली बैठक फरवरी में हो सकती है। ध्यान रहे कि गांवों में कार्य तीन पंचायती राज संस्थाओं में द्वारा कराए जाते हैं। इनमें ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद है।

**-: प्रमुख कार्य :-**

| गांव का नाम | खर्च राशि लाखों में | गांव का नाम | खर्च राशि लाखों में | गांव का नाम | खर्च राशि लाखों में |
|---|---|---|---|---|---|
| फरमाणा खास | 16.9 | इंद्रगढ़ | 5.9 | रूड़की | 4.98 |
| भैणी भैरो | 15.86 | टिटौली | 7.98 | बखेता | 17.02 |
| सैमाण | 20.76 | सुंदरपुर | 10.00 | किलोई दोपाना | 11.99 |
| सैमाण खास | 31.00 | चमारिया | 6.61 | भालौठ | 18.61 |
| अजायब | 35.00 | खिडवाली | 20.97 | हसनगढ़ | 20.72 |
| खरैंटी | 5.00 | घुसकानी | 40.93 | गांधरा | 7.00 |
| निंदाना तिगरी | 8.00 | धामड़ | 17.5 | भैसरू खुर्द | 7.1 |
| बैंसी | 11.00 | रिटौली | 13.6 | इस्माईला 11बी | 25.00 |
| गुगाहेड़ी | 4.00 | कबूलपुर | 12.00 | सुंडाना | 19.93 |
| चिड़ी | 11.00 | मकड़ौली कलां | 16.93 | कबूलपुर | 13.4 |
| घरौंठी | 12.95 | किलोई | 22.40 | रिटौली | 9.85 |
| | | हमायूंपुर | 5.00 | निगाना | 15.00 |
| | | किलोई खास | 13.29 | गिरावड़ | 9.56 |

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया

**रोहतक।** नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से आठ दिवसीय ब्यूटी स्किल्स एवं सिलाई व कढ़ाई कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षक कविता व ब्यूटिशियन प्राची ने छात्राओं को व्यावसायिक कौशल, आत्मनिर्भरता व व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कीं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया।



### नेत्रहीन बच्चों को वितरित किया प्रसाद

**रोहतक।** भारत विकास परिषद युवा शाखा की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में सेवा सप्ताह पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसमें लोहड़ी के अवसर पर कपिल अंध विधयालय उदय फाउंडेशन घनीपुरा में 40 नेत्रहीन बच्चों को प्रसाद वितरण और मकर संक्रांति के अवसर पर चौ. लखी राम अनाथालय गोहाना रोड पर मूंगफली- रेवड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों कार्यक्रम रोटरी क्लब आफ प्रेसिडेंट डॉक्टर एसएल वर्मा के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित मित्तल , कोषाध्यक्ष अक्षय गोयल, सहसचिव अमित नागपाल ,श्रेया गोयल, अंजु गोयल, उमा मित्तल व पूजा मौजूद रही।



### पंडित श्रीराम शर्मा पार्क में किया ध्वजारोहण

**रोहतक।** स्वतंत्रता सेनानी एवं संविधान निर्माण सभा के सदस्य पंडित श्रीराम शर्मा पार्क में एसडीएम एवं एचएसवीपी संपदा अधिकारी आशीष शर्मा मुख्य अतिथि की मौजूदगी में पंडित राम शर्मा के पौत्र अंशु शर्मा, दोहता कुलदीप शर्मा, दोहता प्रवीण शर्मा द्वारा तिरंगा झंडा का ध्वजारोहण किया गया। पंडित राम शर्मा विचार मंच के अध्यक्ष डॉ अशोक दीक्षित ने बताया 104 साल पहले पंडित राम शर्मा ने झज्जर टाउन हॉल से अंग्रेजी झंडा उतार कर तिरंगा झंडा फहराया था। उन्होंने बताया 35 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा फहराया गया। उपाध्यक्ष रणधीर भारद्वाज , ईश्वर मालिक, धर्म सिंह प्रजापति, अनूप डागर, सत्यवान राजा, चंद्रभान अत्री, सांसी समाज के प्रधान रमेश ठेकेदार, ज्ञानी राम भारद्वाज, नफे सिंह कौशिक, दुर्गा भवन के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा, डॉ सुरेश नांदल, पंडित राम शर्मा पार्क समिति के अध्यक्ष राजेंद्र तोमर, सतीश प्रकाश पहरावर, डॉक्टर अमित भारद्वाज, अमन भारद्वाज, रविंद्र दीक्षित, नवीन मसूदपुर, आशुतोष कौशिक, शहर के मुख्य व्यक्ति मौजूद थे।



### नौकरी देने वाला बनने की सोच विकसित करेंः प्रो. अमित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के प्रबंधन अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (इमसार) में वीरवार को विद्यार्थियों को उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चितकारा विवि पंजाब के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. अमित मित्तल ने आइडिया से एग्जीक्यूशन तक एक विद्यार्थी की उद्यमशील यात्रा विषय पर व्याख्यान दिया। कहा कि आज के दौर में नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनने की सोच विकसित करनी होगी। प्रो. मित्तल ने स्टार्टअप शुरू करने की पूरी प्रक्रिया, आइडिया, मार्केट वैलिडेशन, फंडिंग, क्रियान्वयन और विस्तार पर सरल शब्दों में जानकारी दी। उन्होंने वास्तविक स्टार्टअप अनुभवों के उदाहरण देते हुए नवाचार, जोखिम लेने, धैर्य और असफलताओं से सीखने के महत्व पर जोर दिया। निदेशक प्रो. प्रदीप के. अहलावत ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान से ही सफलता संभव नहीं है, इसके लिए व्यावहारिक अनुभव और गतिविधि-आधारित शिक्षा जरूरी है।

### 11 पूर्व सैनिक वीरता पदकों से सम्मानित

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने 14 जनवरी को 10वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस समारोह में 11 पूर्व सैनिकों को वीरता पदकों से सम्मानित किया। सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वीरता पदकों से अनु दहिया पत्नी स्वर्गीय मेजर राजीव दहिया शौर्य चक्र एवं सेना मेडल, धनकौर पत्नी स्वर्गीय मेजर के एस बुधवार सेना मेडल, संतोष पत्नी स्वर्गीय नायक रणधीर सिंह सेना मेडल, ब्रिगेडियर हरबीर सिंह सेना मेडल, ओ फ्लाइंग ऑफिसर महावीर सिंह पिता कर्नल परवीन वीर चक्र मेंशन इन डिस्पैच, बिग्रेडियर जेएस बुधवार सेना मेडल, हवलदार धर्मवीर सेना मेडल, मानद कप्तान रमेश कुमार सेना मेडल, हवलदार दिलबाग सिंह सेना मेडल, हवलदार ओम प्रकाश सेना मेडल एवं नायक जगबीर सिंह सेना मेडल से सम्मानित किए गए।



### मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**रोहतक।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समाजसेवा की एक सराहनीय मिसाल पेश करते माइक्रोन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सीएमडी एवं माइक्रोन पृथ्वी फाउंडेशन के चेयरमैन रोमेश विग ने किशनपुरा क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए। यह सेवा कार्य अभिनव टोली के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ठंड से प्रभावित गरीब एवं असहाय परिवारों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें सर्द मौसम में राहत मिल सके। इस अवसर पर अभिनव टोली के अध्यक्ष जगदीप जुगनू ने रोमेश विग का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और समाज के प्रति उनके निरंतर योगदान की सराहना की। जगदीप ने बताया कि अभिनव टोली में इन परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षण और प्रशिक्षण का कार्य किया जा रहा है।

### अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों कीः गुप्ता

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों को काबिलियत के हिसाब से उनके मुकाम तक पहुंचाने का आह्वान किया है। उपायुक्त आज उड़ान शिक्षा की, संकल्प शिक्षा का शिक्षण संवाद सशक्तिकरण एवं सम्मान महोत्सव 2025-26 में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल अच्छे अंक अथवा प्रतिशत तक सीमित नहीं रखना है बल्कि उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों की है। कहा कि शिक्षकों को चाहिए कि वे अपने विद्यार्थियों को न केवल उनके मुकाम तक पहुंचाए बल्कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यह अहसास भी अवश्य हो कि उसके शिक्षक ने उसे एक कदम आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

## खबर संक्षेप



### पुलिस कर्मचारियों ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**महम।** हरियाणा योग आयोग के सूर्य नमस्कार के प्रोजेक्ट चेयरमैन के निर्देश पर महम थाने में पुलिसकर्मियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। योग शिक्षक विकास सिवाच ने वीरवार को महम थाने में कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार करवाया और उनको योग और स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिए।

### कंपनी ज्वाइन कराने का लालच देकर ठगी

**सांपला।** कस्बे की एक महिला सुमन से ठगों ने घर बैठे हजारों रुपये प्रति दिन कमाने का लालच देकर 50 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने सुमन के बयान पर अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ठगी की शिकार हुई महिला ने बताया कि उसके पास वाट्सएप्प काल आई। उन्होंने कहा कि हमें कंपनी चला रखी है। आप हम से जुड़कर प्रति दिन एक से दो हजार रुपये कमा सकती हो। पहले उन्हें एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करने के बाद उन्होंने 50 हजार रुपये ठग लिए।

### सितेंद्र नहरा बने महम के खंड शिक्षा अधिकारी

**महम।** सितेंद्र नहरा को पदोन्नति के बाद महम का खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। वीरवार को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। सितेंद्र नहरा इससे पूर्व हांसी जिले के नारनौंद उपमंडल के गांव लोहारी राघो के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत थे।

### स्वयंसेवकों को एड्स के प्रति जागरूक किया

**रोहतक।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में चल रहे एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत स्वयं सेवकों ने प्रार्थना व योग से की। इसके बाद पीजीआई की डॉ. दीपाली ने स्वयंसेवकों को एड्स के प्रति जागरूक किया। महिलाओं से सबंधित बीमारियों और उनके उपचार के बारे में जानकारी दी।

---

### ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह ठप होने से बिगड़ रहे हालात

# एचएसवीपी सेक्टरों में खाली प्लॉट बने मुसीबत झाड़ियों व जलभराव से बीमारियों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के तहत आने वाले सेक्टरों में खाली पड़े प्लॉट अब आमजन के लिए गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। इन प्लॉटों की नियमित सफाई और देखरेख न होने के कारण वहां झाड़ियां, कंटीली बेलें और बड़ी-बड़ी घास उग आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन खाली प्लॉटों में जहरीले जीव-जंतु जैसे सांप, बिच्छू और मच्छर पनप रहे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है।

बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। खाली प्लॉटों में जलभराव होने से वहां गंदा पानी जमा हो जाता है, जो मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण बनाता है। इससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई सेक्टरों में ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, जिससे बारिश का पानी निकल नहीं पाता और हफ्तों तक प्लॉटों में भरा रहता है। लोगों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर एचएसवीपी अधिकारियों और संबंधित विभागों को कई बार शिकायतें दी गई हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया।



#### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

*सेक्टरवासियों ने मांग की है कि एचएसवीपी खाली पड़े प्लॉटों की नियमित निगरानी करे और जिन प्लॉट मालिकों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। साथ ही सेक्टरों के ड्रेनेज सिस्टम को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए ताकि बारिश के समय जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह भविष्य में एक बड़ी स्वास्थ्य और सुरक्षा समस्या का रूप ले सकती है।*

#### लिया जाएगा संज्ञान

*ड्रेनेज सिस्टम सेक्टरों का निगम के पास है। वहीं इसकी देखरेख करते है। हालांकि विभाग प्लाट मालिकों को नोटिस भी भेजता है। ताकि वह अपने प्लाट की मेटेंनेंस देख सकें। अगर फिर भी इस तरह की समस्या है तो इस पर जरूर संज्ञान लिया जाएगा। आमजन को परेशान नहीं किया जाएगा।*
*-जगमाल, कार्यकारी अभियंता, एचएसवीपी*

#### खाली प्लॉटों को लेकर क्या कहता है नियम

एचएसवीपी के नियमों के अनुसार, सेक्टरों में स्थित खाली प्लॉटों की साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित प्लॉट मालिक की होती है। नियमों में यह स्पष्ट किया गया है कि प्लॉट मालिक को अपने प्लॉट में झाड़ियां, घास और गंदगी नहीं जमा होने देनी चाहिए। यदि किसी प्लॉट से आसपास के लोगों को असुविधा होती है या स्वास्थ्य संबंधी खतरा पैदा होता है, तो एचएसवीपी उस प्लॉट की सफाई करवा सकता है और उसका खर्च प्लॉट मालिक से वसूल सकता है। इसके अलावा, बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्लॉट मालिकों को उचित जल निकासी की व्यवस्था करनी होती है। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा नोटिस जारी करने और जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है।

---

### जागरूकता अभियान, इन्फ्लूएंसर व गाने भी बेअसर, जमीनी हकीकत जस की तस

# आखिर कैसे सुधरेगी रैंकिंग, हर तरफ कूड़े के ढेर, सवालों के घेरे में सफाई व्यवस्था

**नगर निगम ने कूड़ा निपटान को लेकर हर स्तर पर प्रयास किए, डोर-टू-डोर कलेक्शन, जागरूकता अभियान, चालान और साफ-सफाई को लेकर लगातार अपीलें की, लेकिन धरातल पर परिणाम जीरो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। शहर के अनेक इलाकों में आज भी जगह-जगह कूड़े के ढेर दिखाई दे जाते हैं, जो न केवल शहर की सुंदरता पर दाग लगा रहे हैं बल्कि स्वच्छता रैंकिंग पर भी सीधा असर डाल रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि जब सड़कें, खाली प्लॉटों और कॉलोनियों के कोनों में कूड़ा जमा रहेगा तो शहर की स्वच्छता रैंकिंग आखिर कैसे सुधरेगी।

नगर निगम द्वारा कूड़ा निपटान को लेकर हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। डोर-टू-डोर कलेक्शन, जागरूकता अभियान, चालान की कार्रवाई और साफ-सफाई को लेकर लगातार अपीलें की जा रही हैं। निगम ने आमजन को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसरों का सहारा लिया, वहीं प्रसिद्ध सिंगर अमित सैनी रोहतकिया से स्वच्छता पर आधारित गाना भी शूट करवाया गया ताकि लोगों में साफ-सफाई के प्रति भावनात्मक जुड़ाव पैदा हो सके। इन तमाम प्रयासों के बावजूद कूड़े का समुचित निपटान अब तक पूरी तरह से नहीं हो पाया है। कई स्थानों पर कूड़ा उठाने की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंचतीं, तो कहीं लोग खुले में कूड़ा फेंकने से बाज नहीं आ रहे। खासकर बाजार क्षेत्रों, झुग्गी-झोपड़ी इलाकों और खाली प्लॉटों के आसपास कूड़े के ढेर आम समस्या बने हुए हैं। इससे बदबू, मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।



रोहतक। जगह-जगह कुछ इस तरह से बिखरा दिखाई देता है कूड़ा। फोटो : हरिभूमि

#### निगम बनाम नागरिक जिम्मेदारी

हालांकि नगर निगम का कहना है कि अकेले प्रशासन के प्रयासों से स्वच्छता लक्ष्य हासिल नहीं किए जा सकते। जब तक आमजन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेगा, तब तक शहर को साफ रखना मुश्किल है। निगम की ओर से कूड़ा फैलाने वालों पर जुर्माने भी लगाए जा रहे हैं, लेकिन यह कार्रवाई सीमित क्षेत्रों तक ही सिमटकर रह जाती है। अब जरूरत है कि निगम और नागरिक मिलकर जिम्मेदारी निभाएं, तभी शहर वास्तव में स्वच्छ बन पाएगा और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार संभव हो सकेगा।

#### नगर निगम की अब तक की राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग

| वर्ष | रैंक |
|---|---|
| 2016 | 288वीं |
| 2017 | 295वीं |
| 2018 | 89वीं |
| 2019 | 69वीं |
| 2020 | 35वीं |
| 2021 | 49वीं |
| 2022 | 38वीं |
| 2023 | 109वीं |
| 2024 | 25 वीं |

#### रैंकिंग पर सीधा असर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत होने वाली रैंकिंग में शहर की साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन और नागरिक सहभागिता को प्रमुख आधार माना जाता है। ऐसे में खुले में पड़े कूड़े के ढेर शहर की रैंकिंग को लगातार नीचे धकेल रहे हैं। जानकारों का मानना है कि जब तक कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तब तक जागरूकता अभियान और प्रचार-प्रसार केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगे।

#### मिला था 25वां रैंक

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में रोहतक शहर राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड 25वें स्थान पर पहुंच गया था। दूसरी तरफ प्रदेश के अंदर सबसे स्वच्छ शहर पहले स्थान से लुढ़क कर 5वें पायदान पर पहुंच गया। केंद्र की तरफ से स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 कराया गया था, जिसमें करीब 4 हजार 589 छोटे-बड़े शहरों को शामिल किया गया था। सर्वेक्षण में नगर निगम रोहतक ने राष्ट्रीय स्तर पर 84 अंकों की छलांग लगाते हुए 25वां व प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया था। जबकि 3 से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान मिला है। केंद्र सरकार की स्टार रेटिंग प्रणाली के तहत रोहतक को 1-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है और पहली बार इसे वाटर प्लस शहर के रूप में मान्यता मिली थी।

---

# जुलाहा चौक पर दूषित पेयजल से बढ़ी परेशानी

**पार्षद भी नहीं करवा पा रहे समस्या का समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के जुलाहा चौक क्षेत्र में दूषित पेयजल की आपूर्ति से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में कई दिनों से नलों में गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ दैनिक उपयोग में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि स्थानीय पार्षद भी इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं करवा पा रहे हैं, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नलों से कभी पीले तो कभी काले रंग का पानी आ रहा है। कई बार पानी में कीड़े और मिट्टी जैसी गंदगी भी दिखाई देती है। इसके बावजूद विभाग की ओर से केवल आश्वासन ही दिए जा रहे हैं। जनस्वास्थ्य विभाग का कहना है कि क्षेत्र की पाइपलाइन कई साल पुरानी हो चुकी है और इसी कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन को बदलने की योजना बनाई गई है, लेकिन अभी तक इस पर काम शुरू नहीं हो सका है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जुलाहा चौक क्षेत्र की पुरानी पाइपलाइन को जल्द से जल्द बदला जाए और तब तक स्वच्छ पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

#### दूषित पानी पीने से कई लोग बीमार



स्थानीय निवासी संतोष देवी ने बताया कि दूषित पानी पीने से कई लोग बीमार हो चुके हैं। बच्चों और बुजुर्गों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

#### केवल भरोसा मिला समाधान नहीं हुआ



कृष्णा देवी ने बताया कि कॉलोनी निवासी पानी की समस्या को लेकर वे पार्षद और विभागीय अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन हर बार केवल जल्द समाधान का भरोसा ही दिया जाता है। समस्या का जल्द समाधान होना चाहिए।

#### बाजार से खरीदना पड़ रहा पीने का पानी



रीटा देवी ने बताया कि दूषित पेयजल के कारण घरों में खाना बनाना भी मुश्किल हो गया है। मजबूरी में लोगों को बाजार से पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

---

### मासिक धर्म जागरूकता अभियान चलाया

*रोहतक। मेडिकल सर्विस सेंटर की टीम ने शहर के झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में 14 जनवरी को चोथी बार मासिक धर्म को लेकर जागरूकता अभियान एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान एमएससी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सचिन ने बताया कि झुग्गी बस्तियों की अधिकांश महिलाएं अभी भी माहवारी के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करती हैं, जिसके कारण संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि अब कई महिलाएं सेनेटरी पैड का उपयोग करने के लिए जागरूक हो रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा मासिक धर्म के समय साफ-सफाई बनाए रखने, सेनेटरी पैड के सही उपयोग और सुरक्षित निस्तारण के बारे में जानकारी दी गई।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### गाड़ी सवार 4 युवक नशीले पदार्थ सहित पकड़े

**रोहतक।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए गाड़ी सवार चार युवकों को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन, पांच मोबाइल फोन और 3750 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। एएनसी स्टाफ के प्रभारी पीएसआई मनोज ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक राजेश के नेतृत्व में एएनसी स्टाफ की टीम गांव भाली बस स्टैंड के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि चरखी दादरी निवासी कुछ युवक एक गाड़ी में अवैध नशीला पदार्थ लेकर रोहतक से कलानौर की ओर जाने वाले हैं। एक गाड़ी को शक के आधार पर रोककर उसमें सवार चार युवकों को काबू किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान अमित पुत्र रमेश और संदीप पुत्र प्यारेलाल निवासी गांव गामड़ी, जिला चरखी दादरी तथा मोनु पुत्र रामनिवास और योगेश पुत्र राजेश निवासी गांव लाम्बा कोहलास, जिला चरखी दादरी के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर गाड़ी चालक अमित के पास से एक आईफोन और 6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। वहीं संदीप, मोनु और योगेश के पास से एक-एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके अलावा गाड़ी से एक अतिरिक्त मोबाइल फोन, चांदी की पायल और 3750 रुपये नकद भी बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बहुअकबरपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके गिरफ्तार किया।

- **6 ग्राम हेराइन, 5 मोबाइल फोन व 3750 रुपये नकद बरामद**

# विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आमजन और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला यातायात पुलिस की ओर से भगवान महावीर जैन लाइब्रेरी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम और सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में आरटीए विरेंद्र सिंह एचसीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यातायात पश्चिम के प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए युवाओं और छात्रों को शुरू से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन और दूसरों की सुरक्षा के लिए किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सहायक उप निरीक्षक राजेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।

उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने और यातायात ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के निर्देशों की पालना करने पर विशेष जोर दिया। विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप निरीक्षक अमर कटारिया, यातायात स्टाफ से सहायक उप निरीक्षक राजेश, सुभाष गुप्ता तथा आईडीटीआर की टीम मौजूद रही।



**रोहतक।** विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना करने की शपथ दिलाते मुख्य अतिथि आरटीए विरेंद्र सिंह एचसीएस, यातायात प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह व सुभाष गुप्ता।

---

### कौन लेगा बुराई करने का जोखिम 98% से अधिक लोगों ने जताई पुलिस कार्यप्रणाली पर संतुष्टि

# क्यूआर कोड पर पुलिस को मिल रही वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आखिर पुलिस के खिलाफ शिकायत कौन करेगा। यह तो बिल्ली के गले में घंटी बांधने के समान होगा। इसलिए पुलिस को क्यूआर कोड पर वाहवाही मिल रही है। वहीं, पुलिस का दावा है कि थानों में लगाए गए पुलिस फीडबैक क्यूआर कोड से आमजन की आवाज सीधे एसपी कार्यालय तक पहुंच रही है और उनकी शिकायतों पर तुरंत एक्शन लिया जाता है। क्यूआर कोड 77 दिनों में 3,143 पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर अपनी राय दी है। जिसमें से 98% से अधिक लोगों ने पुलिस के कामकाज पर संतोष जताया है। एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि 31 अक्टूबर 2025 को रोहतक पुलिस ने यह फीडबैक क्यूआर कोड सिस्टम लागू किया गया था। इसका उद्देश्य थाने में आने वाले पीड़ितों के अनुभवों को जानना और पुलिसिंग को जनहितैषी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है।

#### 77 दिनों में 3,143 लोगों ने दी प्रतिक्रिया, एसपी तक पहुंच रही जनता की आवाज

एसपी सुरेन्द्र भौरिया के अनुसार सभी थानों व पुलिस चौकियों में फीडबैक क्यूआर कोड स्कैनर लगाए गए हैं। इसके माध्यम से थाने में आने वाला कोई भी पीड़ित या शिकायतकर्ता पुलिस के व्यवहार, कार्यप्रणाली, थाने के माहौल व शिकायत की पारदर्शिता को लेकर प्रतिक्रिया दर्ज कर सकता है। 31 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक कुल 3,143 व्यक्तियों ने क्यूआर कोड स्कैन कर फीडबैक दिया। इनमें से 98.24 प्रतिशत शिकायतकर्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली को संतोषजनक बताया, जबकि कई थानों और चौकियों में यह आंकड़ा 100 प्रतिशत तक पहुंच गया।

#### एसपी बोले, फीडबैक पर होती है तुरंत कार्रवाई

एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि फीडबैक सबमिट होते ही वह सीधे फीडबैक सेल, एसपी कार्यालय में पहुंचता है। वहां से संबंधित शिकायतकर्ता को वेरिफिकेशन के लिए कॉल की जाती है और सुझाव या शिकायत के आधार पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय हुई है और थानों में कामकाज के स्तर में भी सुधार देखने को मिल रहा है।

#### पारदर्शी पुलिसिंग की दिशा में बड़ा कदम

पुलिस का फीडबैक क्यूआर कोड सिस्टम पुलिस और जनता के बीच भरोसा मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। जिस तरह बड़ी संख्या में लोग फीडबैक दे रहे हैं और संतोष जता रहे हैं, उससे यह साफ है कि पुलिसिंग में सकारात्मक बदलाव महसूस किया जा रहा है।

#### इन थानों और चौकियों का रहा 100 प्रतिशत फीडबैक

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार थाना कलानौर, पुलिस चौकी किला रोड, टिटौली, मॉडल टाउन, सल्लारा मोहल्ला और सुखपुरा में आने वाले सभी शिकायतकर्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया। वहीं, सबसे अधिक फीडबैक देने के मामले में थाना सांपला पहले स्थान पर रहा, जहां 696 व्यक्तियों ने अपनी राय दर्ज कराई। थाना शिवाजी कॉलोनी में 528, आईएमटी में 351, सदर रोहतक में 225, महम में 234, पुरानी सब्जी मंडी में 216 और पुलिस चौकी टिटौली में 209 व्यक्तियों ने फीडबैक दिया।

#### यह है फीडबैक देने की प्रक्रिया

पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार फीडबैक प्रक्रिया पूरी तरह सरल और डिजिटल है। शिकायतकर्ता जैसे ही क्यूआर कोड स्कैन करता है, उसके मोबाइल पर एक गूगल डॉक फॉर्म खुलता है। इसके बाद थाने के वातावरण, सुरक्षा की भावना, पुलिसकर्मियों के व्यवहार और शिकायत निपटान की प्रक्रिया को 1 से 5 रेटिंग स्केल पर आंकना होता है। अंत में शिकायतकर्ता यह भी बता सकता है कि उसकी समस्या का समाधान उसकी उम्मीद के अनुसार हुआ या नहीं, साथ ही कोई सुझाव भी लिख सकता है।

### समाधान शिविरों से जनता का प्रशासन पर भरोसा बढ़ा




**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** सरकार की पहल पर प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त सचिन गुप्ता ने की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनते जा रहे हैं। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सरकारी एवं प्रशासनिक विभागों से जुड़ी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में एक-एक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के लिए तत्परता से कार्य करने को कहा। ध्यान रहे कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनी जाती हैं। वीरवार के शिविर में नगराधीश अंकित कुमार, सचिव आरटीए विरेंद्र सिंह ढुल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने नजमुल को अहम पद से हटाया, बीपीएल के दो मैच स्थगित

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को अपने वित्त समिति के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम को पद से हटाने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने के लिए इस अधिकारी के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। बीसीबी के अहम पद से नजमुल को हटाए जाने के बावजूद बृहस्पतिवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दो मैच स्थगित कर दिए गए। बीपीएल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी बीसीबी निदेशक के पद से नजमुल को तुरंत हटाने की अपनी मांग पर एकजुट थे। अगली सूचना तक बीसीबी अध्यक्ष ही वित्त समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह साफ नहीं है कि नजमुल बीसीबी के निदेशक बने रहेंगे या नहीं।

### नजमुल ने क्या कहा था?

यह विवाद नजमुल के उस बयान के बाद भड़का, जिसमें उन्होंने टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि अगर खिलाड़ी नहीं खेलते हैं तो आर्थिक नुकसान सिर्फ उन्हें ही होगा और बोर्ड इसकी भरपाई नहीं करेगा। इस बयान को मोहम्मद मिथुन ने पूरी तरह अस्वीकार्य बताया और कहा कि इससे खिलाड़ियों की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं।





### तमीम को नजमुल ने बताया भारतीय एजेंट

नजमुल के ये बयान टी-20 विश्व कप के आयोजन स्थल को लेकर भी आए थे। भारत-बांग्लादेश के बीच चल रहे गतिरोध में उनके बयान ने विवाद को और हवा दे दी थी। उन्होंने बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कह दिया था। तमीम ने बोर्ड से अपील की थी कि भारत में होने वाले विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर फैसला लेते समय भावनाओं की बजाय समझदारी से निर्णय लिया जाए।

### मैदान पर नहीं पहुंची दोनों टीमें

विवाद का असर सीधे मैदान पर दिखा। बांग्लादेश प्रीमियर लीग में नोआखली एक्सप्रेस और चटगांव रॉयल्स के बीच होने वाले मैच में टॉस तक नहीं हो पाया। वजह यह थी कि दोनों टीमें मैदान पर ही नहीं आईं। खिलाड़ियों ने साफ शब्दों में कहा था कि जब तक नजमुल इस्लाम इस्तीफा नहीं देते, वे किसी भी तरह का क्रिकेट नहीं खेलेंगे। खिलाड़ियों के इस कड़े रुख के बाद बीसीबी के पास नजमुल को हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

### खिलाड़ियों के लिए बीसीबी का संदेश

बीसीबी ने यह भी साफ किया कि क्रिकेटरों के हित उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। बोर्ड ने कहा कि वह खिलाड़ियों के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही, बीसीबी ने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी इस मुश्किल दौर में भी पेशेवर रवैया अपनाएंगे और बांग्लादेश क्रिकेट की भलाई के लिए खेलना जारी रखेंगे, खासकर बांग्लादेश प्रीमियर लीग में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## टी-20 वर्ल्ड कप : कनाडाई टीम की कमान संभालेगा महज 22 साल का खिलाड़ी

कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम अपने पहले वर्ल्ड कप अनुभव से सीख लेते हुए इस बार बड़ा प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेगी। कनाडा ने 22 साल के दिलप्रीत बाजवा को अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया है। दिलप्रीत ने कनाडा के लिए 17 टी20 मैच खेले हैं और 28.35 के औसत से 397 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 133 से ज्यादा का रहा है। उन्होंने अब तक 4 अर्धशतक लगाने का कारनामा किया है। बल्लेबाजी विभाग में कनाडा के पास आक्रामक बल्लेबाज निकोलस किर्टन मौजूद हैं। उनके साथ लेफ्ट हैंड बल्लेबाज युवराज समरा टीम को मजबूती देंगे, जिनका स्ट्राइक रेट 160.72 है।



### कनाडा का स्क्वॉड

दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), अजयवीर हुंदल, अंश पटेल, डिलन हाइलिगर, हर्ष ठाकर, जसकरनदीप बुट्टर, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, रविंदरपाल सिंह, साद बिन जफर, शिवम शर्मा, श्रेयस मूव्वा, युवराज समरा।

## खबर संक्षेप



### स्टीफंस ने किया ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई

**मेलबर्न।** स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो एक साल पहले मेलबर्न पार्क में शीर्ष रैंक वाली एरिना सबालेंका से पहले दौर में हारने के बाद उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन ने बाएं पैर की चोट से उबरने के बाद सत्र की पहली ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में 1,097वीं रैंकिंग के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने मेलबर्न पार्क में क्वालीफाइंग में लगातार तीन जीत हासिल की और बृहस्पतिवार को तीसरे दौर में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-5 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस 32 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग हासिल की थी।

### अभी सारा ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला पर: डोएशे

**राजकोट।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का कहना है कि अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप अभी 'काफी दूर' है और टीम का ध्यान फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय श्रृंखला पर है जो मेहमान टीम के यहां दूसरा मैच जीतने के बाद 1-1 से बराबर है। गत चैंपियन भारत सात फरवरी से शुरू होने वाले 20 टीम के टी20 विश्व कप की सह मेजबानी करेगा। वे न्यूजीलैंड के साथ एक कड़ी एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं जिसका निर्णायक मैच रविवार को इंदौर में होना है। डोएशे ने उन खिलाड़ियों को 'सुरक्षित' रखने की जरूरत पर जोर दिया जो टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ''आप उन खिलाड़ियों को बचाना चाहते हैं जो टी20 विश्व कप में खेलने वाले हैं और हम इसके बारे में सोच रहे हैं।'' भारतीय टीम के कई खिलाड़ी चोटिल हैं। टी20 विश्व कप टीम में शामिल तिलक वर्मा, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर चोटिल हैं।



### ग्रैंड टूर रोड रेस साइकिलिंग 19 से, धोनी होंगे दूत



**पुणे।** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को बजाज पुणे ग्रैंड टूर का दूत बनाया गया जो देश में पहली बार होने वाली यूसीआई 2.2 वर्ग की 'मल्टी-स्टेज' रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जनवरी तक यहां आयोजित की जाएगी जिसमें 35 देशों की 29 टीम के 171 राइडर हिस्सा ले रहे हैं। पुरुषों के लिए पांच दिन की 'कॉन्टिनेंटल रोड साइकिलिंग रेस' दक्कन पठार और सह्याद्री रेंज में 437 किमी के रास्ते से गुजरेगी जिसमें नुकीले मोड़ और चुनौतीपूर्ण चढ़ाई होगी। धोनी को इस प्रतियोगिता का दूत बनाया गया है।

## डब्ल्यूपीएल: सिवर और ब्रंट ने 65 रन बनाए

# हरलीन का अर्धशतक, मुंबई इंडियंस को हराकर यूपी ने चखा पहली जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

यूपी वॉरियर्स ने हरलीन देओल (नाबाद 64 रन) के नाबाद अर्धशतक की मदद से बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 11 गेंद रहते सात विकेट से हराकर इस सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। नटाली साइवर ब्रंट (65 रन, दो विकेट) ने अपने चिर परिचित अंदाज में खेलते हुए तेज अर्धशतक जड़ा जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए। हरलीन बुधवार को अच्छी बल्लेबाजी के बावजूद रिटायर्ड आउट हो गई थीं, उन्होंने 39 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े और क्लो ट्रायोन (नाबाद 27 रन) के साथ मिलकर टीम को 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 162 रन तक पहुंचाया जिससे यूपी वॉरियर्स की टीम लगातार तीन हार के बाद चौथे मैच में पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रही। वहीं मुंबई इंडियंस की चार मैच में यह दूसरी हार थी। हरलीन ने इच्छानुसार शॉट लगाए जिसमें शबनीम इस्माइल के एक ओवर में तीन चौके भी शामिल थे। इस भारतीय बल्लेबाज ने 15वें ओवर में ऑफ स्पिनर संस्कृति गुप्ता पर स्वीप शॉट से एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हरलीन ने इसी ओवर में दो चौके और जड़े जिससे टीम को 24 गेंद में 29 रन की दरकार थी। हरलीन ने ट्रायोन के साथ मिलकर बिना किसी परेशानी के जीत सुनिश्चित की। हालांकि यूपी वॉरियर्स के लिए शीर्ष क्रम में परेशानी जारी रही जिसमें कप्तान मेग लैनिंग (25 रन) और किरण नवगिरे (10 रन) तेज शुरूआत नहीं करा सकीं। इससे सात ओवर में यूपी वॉरियर्स का स्कोर दो विकेट पर 50 रन था। लेकिन लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था जिससे हरलीन ने टिककर खेलते हुए टीम को पहली जीत का स्वाद चखाया। हरलीन ने फोबे लिचफील्ड (25 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंद में 73 रन की साझेदारी निभाई। लिचफील्ड के जाने के बाद उन्हें ट्रायोन का अच्छा साथ मिला और दोनों ने 20 गेंद में 44 रन की अटूट भागीदारी की। नटाली साइवर ब्रंट ने दो जबकि अमेलिया केर ने एक विकेट झटका। इससे पहले मुंबई इंडियंस हालांकि धीमी पिच पर पहले 10 ओवर में रन गति नहीं बढ़ा सकी लेकिन नटाली साइवर ब्रंट ने 43 गेंद की पारी के दौरान नौ चौके और एक छक्का लगाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया।



## एक ओवर में डिएंड्रा, स्नेह और दीप्ति ने लुटाए सर्वाधिक रन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के 5वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वारियर्स को 9 विकेट से हरा दिया। यूपीडब्ल्यू से मिले 144 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने 12.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच में यूपी वारियर्स की गेंदबाज डिएंड्रा डॉटिन ने अपने एक ओवर में 32 रन लुटाए। यह डब्ल्यूपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर बन गया। आइए डब्ल्यूपीएल इतिहास के सबसे महंगे ओवरों पर नजर डालते हैं।

### डिएंड्रा डॉटिन: 32 रन बनाम आरसीबी 2026

इस सूची में यूपी वारियर्स की डॉटिन पहले नंबर पर हैं। उन्होंने आरसीबी की पारी के छठे ओवर में कुल 32 रन लुटाए। डॉटिन के इस ओवर में आरसीबी की बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने 3 छक्के और 3 चौके जड़कर कुल बल्ले से 30 रन बनाए। इसी तरह 2 रन नोबॉल और एक वाइड के रूप में आए। इस ओवर के बाद आरसीबी की टीम ने मैच पर पकड़ बना ली और आखिर में 9 विकेट से जीत दर्ज कर ली।





### दीप्ति शर्मा: 28 रन बनाम आरसीबी, 2025

सूची में यूपी वारियर्स की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने डब्ल्यूपीएल 2025 के 18वें मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ एक ओवर में कुल 28 रन खर्च किए थे। इस ओवर में आरसीबी की बल्लेबाज स्नेह राणा ने 2 चौके और 3 छक्के जड़कर कुल 26 रन बनाए थे। इसी तरह एक सिंगल और एक अतिरिक्त रन आया था।

### स्नेह राणा: 32 रन बनाम जायंट्स, 2026

दिल्ली की स्पिनर स्नेह राणा भी पहले पायदान पर हैं। उन्होंने रविवार (11 जनवरी) को गुजरात जायंट्स के खिलाफ पारी का छठा ओवर करते हुए कुल 32 रन खर्च किए। जीजी की सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने इस ओवर में आक्रामक रूख अपनाते हुए पहली 2 गेंदों पर लगातार चौके जड़े और फिर अगली 4 गेंदों पर लगातार छक्के जड़ते हुए कुल 32 रन अपने नाम किए। यह ओवर जीजी की जीत में अहम साबित हुआ।



## बीडब्ल्यूएफ ने आईजी खेल परिसर की समीक्षा की

### कहा विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए फिट है स्थल

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

बैडमिंटन की विश्व संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने इंदिरा गांधी खेल परिसर में सुविधाओं की समीक्षा की है जिसमें इंडिया ओपन का आयोजन हो रहा है और माना कि यह स्थल अगस्त में विश्व चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए सभी जरूरतों को पूरा करता है। इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दिनों में हवा के स्तर, बहुत अधिक ठंड, साफ-सफाई और स्थल पर आवारा जानवरों की मौजूदगी को लेकर शिकायतों का साया रहा। खेलने की स्थितियों की आलोचना के बीच बीडब्ल्यूएफ ने एक विस्तृत बयान जारी किया और उसने इन चिंताओं को स्वीकार किया। उसने इस बात को रेखांकित किया कि आयोजन के दौरान कौन से कदम उठाए गए हैं। विश्व संस्था ने बयान में कहा, ''बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के दौरान खिलाड़ियों और टीम के साथ मिलकर नयी दिल्ली में इंदिरा गांधी खेल परिसर की स्थितियों की समीक्षा की है।'' उसने कहा, ''जो प्रतिक्रिया मिली वो सकारात्मक और रचनात्मक दोनों हैं और ये इस टूर्नामेंट और भविष्य की चैंपियनशिप के लिए सबसे अच्छा माहौल बनाने में बहुत अहम हैं। हम खिलाड़ियों द्वारा साझा की गई प्रतिक्रियाओं और उसके बाद मीडिया कवरेज को भी स्वीकार करते हैं।'' दानिश खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने स्थितियों को 'स्वास्थ्य के लिए खराब' बताया जिससे सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना हुई और तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग उठी क्योंकि अगस्त में इसी परिसर में विश्व चैंपियनशिप का आयोजन होना है। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी राजधानी में खेलने की स्थितियों को लेकर चिंता जताई थी जिसमें बहुत ज्यादा प्रदूषण और ठंड के मौसम से प्रतिभागियों पर असर पड़ रहा था। इन मुद्दों पर बात करते हुए बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि मौसमी कारकों ने चुनौतियां पेश कीं। बयान में कहा गया, ''मुख्य रूप से मौसम की स्थितियों से संबंधित कारकों को प्रबंधित करने ने चुनौतियां पेश कीं जिसमें धुंध और ठंड का मौसम शामिल रहा जो स्थल के अंदर हवा के स्तर और तापमान को प्रभावित कर रहा है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन

# कोको और वीनस भिड़ सकती हैं दूसरे दौर में



एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

कोको गॉफ और वीनस विलियम्स रविवार से शुरु हो रहे टेनिस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में आमने सामने हो सकती हैं और यह मुकाबला फिर इतिहास में दर्ज हो सकता है।

पंद्रह साल की गॉफ ने जब ग्रैंड स्लैम में पदार्पण किया था तो उन्होंने विंबलडन में सात बार की मेजर विजेता वीनस को हरा दिया था। गॉफ ने 2019 में ऑल इंग्लैंड क्लब में उस जीत के बाद वीनस को अपने करियर के लिए बड़ी प्रेरणा बनने के लिए धन्यवाद दिया था और कहा था, 'अगर वह नहीं होतीं तो मैं यहां नहीं होती'। इसके बाद गॉफ ने 2020 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर में जीत हासिल की। अब वह तीसरी वरीय और दो बार की मेजर विजेता हैं। वहीं 45 साल की वीनस को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला और वह पांच साल बाद इसमें खेल रही हैं।

### कीज एडीलेड इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में बाहर

एडीलेड। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज बृहस्पतिवार को एडीलेड इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में कनाडा की विक्टोरिया म्बोको से हार गईं। कीज रविवार से ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव करने उतरेंगी और म्बोको ने उन्हें ग्रैंडस्लैम की तैयारी वाले इस टूर्नामेंट में 6-4, 4-6, 6-2 से मात दी। एडीलेड इंटरनेशनल की गत चैंपियन कीज इससे पहले पिछले हफ्ते ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरीना सबालेंका से हार गई थी। कीज ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता था। रविवार से शुरू होने वाले साल के पहले ग्रैंडस्लैम में कीज को पहले दौर में यूक्रेन की ओलेक्सांड्रा ओलिनिकोवा से भिड़ना है। वहीं म्बोको ऑस्ट्रेलिया की एमर्सन जोन्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## नीरज ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रम रवाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने अपने चुने हुए स्थल दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में सत्र पूर्व ट्रेनिंग शुरू कर दी है। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने नए कोच जय चौधरी के साथ उनके 32 दिवसीय शिविर को मंजूरी दे दी है। नीरज ने पिछले हफ्ते चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी से कोच के तौर पर अलग होने का फैसला किया और चौधरी के साथ जुड़ने का फैसला किया जो उनके शुरुआती कोच थे। ज्ञात हो कि कोर समूह के खिलाड़ियों की संख्या अभी 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं।




### पांच फरवरी तक रहेंगे ट्रेनिंग स्थल पर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के एक सूत्र ने बताया कि यह 28 वर्षीय खिलाड़ी पांच फरवरी तक पोटचेफस्ट्रूम में रहेगा जो दुनिया भर के भाला फेंक के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख ट्रेनिंग स्थल है और उनके लिए कुल स्वीकृत सहायता राशि 11 लाख 80 हजार रुपये है। ट्रेनिंग शिविर में नीरज की सहयोगी टीम में लंबे समय से उनके फिजियोथेरेपिस्ट इशान मारवाहा भी शामिल हैं।

## विजय हजारे ट्रॉफी: सेमीफाइनल में आज पंजाब और सौराष्ट्र के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

आखिरी ग्रुप मैच में मुंबई की मजबूत टीम पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल करने के बाद पंजाब आज शुक्रवार को यहां सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी सेमीफाइनल में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। उस रोमांचक जीत ने पंजाब को जिस तरह का आत्मविश्वास दिया वह क्वार्टर फाइनल में टीम की मध्य प्रदेश के खिलाफ एकतरफा जीत में दिखा। अब एक युवा और प्रतिबद्ध सौराष्ट्र की टीम उसके रास्ते में खड़ी है। मैच दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा।

**पंजाब की कप्तानी करेंगे प्रभसिमरन**

करिश्माई भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खेलने की संभावना कम है इसलिए विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के पंजाब की कप्तानी करने की उम्मीद है। उनकी अगुआई में पंजाब ने 345 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 183 रन से हराया। पंजाब की टीम कप्तान प्रभसिमरन के अनुभव पर निर्भर करेगी जो चार अर्धशतक के साथ टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।



## रोमांचक मैचों में हासिल किए सबसे बड़े लक्ष्य

# भारत के कई बड़े स्कोर को न्यूजीलैंड ने सफलतापूर्वक किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम को 7 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल की। राजकोट में खेले गए इस मैच में न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस बीच भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड द्वारा सफलतापूर्वक हासिल किए गए सबसे बड़े लक्ष्यों के बारे में जानते हैं।

### 2020 में हैमिल्टन का मुकाबला

भारत को 2020 में हैमिल्टन में खेले गए सीरीज के पहले वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट से हार मिली थी। उस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों के बाद 347/4 का स्कोर बनाया था। मेहमान टीम से श्रेयस अय्यर ने शतक (103) लगाया था। जवाब में मेजबान टीम ने 48.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था, जिसमें रॉस टेलर का शतक (109*) शामिल था।



### 2022 में ऑकलैंड मैच

न्यूजीलैंड ने 2022 में ऑकलैंड वनडे में जीत के लिए मिले 307 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाए थे। मेहमान टीम से अय्यर (80), शिखर धवन (72) और शुभमन गिल (72) ने अर्धशतक लगाए थे। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम से टॉम लैथम ने 104 गेंदों में नाबाद 145 रन बनाए थे।

### 2020 में माउंट माउंगानुई मैच

2020 में माउंट माउंगानुई में हुए वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को 5 विकेट से हराया था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296/7 का स्कोर बनाया था। भारत से केएल राहुल ने 113 गेंदों में 112 रन बनाए थे। अपनी शतकीय पारी में उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के लगाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्टिन गुप्टिल (66) और हेनरी निकोलस (80) ने अर्धशतक लगाए थे।

### 2026 में राजकोट मैच

राजकोट वनडे में शुभमन गिल ने अर्धशतक (54) लगाया। वहीं, रोहित शर्मा (24) और विराट कोहली (23) अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। मध्यक्रम में केएल राहुल (112*) ने शतक लगाकर टीम को 284/7 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में न्यूजीलैंड से निकोलस (10) और डेवोन कॉनवे (16) सस्ते में आउट हुए। इसके बाद यंग (87) और डेरिल मिचेल (131*) ने बड़ी पारियां खेलते हुए जीत में अहम योगदान दिया। ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 32 रन बनाए।

सेना दिवस पर जनरल द्विवेदी बोले

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने स्थापित किया न्यू नॉर्मल, आत्मनिर्भरता पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने एक नया न्यू नॉर्मल स्थापित किया है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर समन्वय और सटीक कार्रवाई की क्षमता को दर्शाता है। यह एक परिपक्व, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार सैन्य बल की तस्वीर पेश करता है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम है।



थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

सेना प्रमुख ने यह बातें सेना दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। सेनाध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सेना की सोच में स्पष्ट बदलाव आया है। अब सेना केवल वर्तमान चुनौतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी गंभीरता से काम कर रही है। इसी दिशा में नई संरचनाएं विकसित की जा रही हैं, जिन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुसज्जित और प्रशिक्षित किया जा रहा है।

*सेनाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय सेना भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी गंभीरता से काम कर रही है। इसी दिशा में नई संरचनाएं विकसित की जा रही हैं, जिन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुसज्जित और प्रशिक्षित किया जा रहा है*

### ▶▶ स्वदेशी लक्ष्य नहीं रणनीतिक आवश्यकता

### ▶▶ आगामी वर्षों में डेटा नेटवर्किंग पर फोकस

### *परेड में परंपरा और परिवर्तन का संगम*

*जयपुर में आयोजित सेना दिवस परेड में परंपरा और ट्रांसफॉर्मेशन का सुंदर संगम देखने को मिला। नेपाल आर्मी बैंड ने दोनों देशों के पुराने और मजबूत संबंधों को दर्शाया, जबकि नई सैन्य इकाइयों की भागीदारी ने भारतीय सेना की बढ़ती ताकत को रेखांकित किया।*

### जवानों को दी शुभकामनाएं

सेनाध्यक्ष ने भारतीय सेना के सभी जवानों, सिविलियन कर्मचारियों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और आयोजन के लिए राजस्थान सरकार व जयपुर के नागरिकों का आभार जताया।

### *द्वि-उपयोगी संसाधनों पर विशेष जोर*

*सेना प्रमुख ने कहा कि द्वि-उपयोगी संसाधनों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिनका उपयोग सेना और नागरिक-दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सके। उन्होंने कहा कि सेना के लिए विकसित इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन देश के समग्र विकास में भी योगदान दें, यही प्रयास किया जा रहा है।*

### नई सैन्य इकाइयों से बढ़ी ताकत

*जनरल द्विवेदी ने बताया कि इस परिवर्तन प्रक्रिया के तहत भैरव बटालियन, अशनि प्लाटून, शक्तिबान रेजीमेंट और दिव्यास्त्र बैटरी जैसी नई इकाइयां खड़ी की गई हैं। ये इकाइयां भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप एक चुस्त, तत्पर और मिशन-केंद्रित भारतीय सेना के निर्माण का प्रतीक हैं। सेना के इस परिवर्तन की आधारशिला आत्मनिर्भरता है। इसकी झलक सेना दिवस परेड के दौरान ‘मेड इन इंडिया’ उपकरणों में देखने को मिली। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अब केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता बन चुका है। भविष्य में सेना को ऐसे हथियार और उपकरण चाहिए, जो भारत में ही डिजाइन और डेवलप किए गए हों।*

### फ्यूचर-रेडी सेना की ओर कदम

*जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना एक फ्यूचर-रेडी फोर्स के रूप में आगे बढ़ रही है, जहां बेहतरीन प्रशिक्षित सैनिक, आधुनिक सिस्टम और मल्टी-डोमेन ऑपरेशन्स की क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग जवानों को और अधिक सक्षम बनाने के लिए किया जा रहा है। अब तक की प्रगति को आगे बढ़ाते हुए अगले दो वर्षों को नेटवर्किंग और डेटा-केंद्रितता के वर्ष घोषित किया गया है, भारतीय सेना को एक डेटा-आधारित, नेटवर्क-सक्षम और पूर्णतः एकीकृत बल में बदला जा सके।*

## खबर संक्षेप

### अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 का आगाज

**नई दिल्ली।** अमेजन हर साल 26 जनवरी के मौके पर एक सेल आयोजित करता है। इस साल भी अमेजन सेल की शुरुआत 16 जनवरी 2026 से शुरुआत हो रही है। अमेजन की इलेक्ट्रॉनिक सेल में लैपटॉप पर सबसे ज्यादा 75 फीसद की छूट दी जा रही है। साथ ही एबीआई कार्ड पर 10 फीसद की अतिरिक्त छूट दी जा रही है। साथ ही 5 फीसद की अतिरिक्त डिस्काउंट मिल रहा है। अगर आप एक नया विंडो लैपटॉप खरीदने की सोच रहे हैं, तो अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल एक अच्छा ऑप्शन हो सकती है।



### बंगाल: जेईई मेन की 23 जनवरी की परीक्षा टली

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल जेईई मेन 2026 को लेकर बंगाल में बदलाव हुआ है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने छात्रों की मांग और सांस्कृतिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पश्चिम बंगाल में 23 जनवरी को होने वाली जेईई मेन सेशन-1 की परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया है। सरस्वती पूजा के कारण परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग कर रहे थे।



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत तेज, केंद्रीय वाणिज्य सचिव ने दिए संकेत

# टैरिफ के बावजूद सरकार को व्यापार समझौते की ‘उम्मीद’

बाजार पहुंच, सेवाओं का व्यापार और निवेश नियमों पर हो रही चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में जारी व्यापारिक तनाव के बीच भारत और अमेरिका एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा हे कि दोनों देश सक्रिय रूप से व्यापार वार्ता कर रहे हैं और एक सकारात्मक नतीजे की उम्मीद है। सरकार की ओर से यह ऐलान ऐसे समय पर किया गया है जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को साफ किया कि अमेरिका की ओर से लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बावजूद, अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में सकारात्मक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष व्यापार वार्ता में लगे हुए हैं और दोनों पक्षों को लगता है कि एक व्यापार समझौता संभव है।



### निर्यात आधारित रोजगार सृजित होंगे

भारत और अमेरिका के बीच यदि यह व्यापारिक समझौता धरातल पर उतरता है, तो इसका सीधा प्रभाव कई प्रमुख क्षेत्रों पर पड़ेगा। भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमसएमई) के लिए अमेरिकी बाजार के द्वार और अधिक सुगमता से खुलेंगे, जिससे निर्यात आधारित रोजगार सृजित होंगे। आईटी सेवा क्षेत्र और दवा निर्यात को इस समझौते से नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह समझौता व्यापारिक नियमों में स्पष्टता लाएगा, जिससे दोनों देशों के निवेशकों के बीच विश्वास बढ़ेगा।

### पिछले महीने में उच्च स्तरीय संवाद हुआ था

विशेषज्ञों का मानना है कि यह इजाफा भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अमेरिकी बाजार में उनकी बढ़ती मांग के बारे में बताता है। इस व्यापारिक सौदे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने ही इस दिशा में उच्च स्तरीय संवाद हुआ है। दिसंबर में केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर के बीच एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक बाधाओं को दूर करना और द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए रोडमैप तैयार करना था। यह वार्ता केवल टैरिफ कटौती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बाजार पहुंच, सेवाओं का व्यापार और निवेश नियमों के सरलीकरण जैसे महत्वपूर्ण पहलू भी शामिल होने की संभावना है।

### बड़े आर्थिक गठजोड़ के मिल रहे संकेत

वाणिज्य सचिव के बयान से साफ है कि भारत अब केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि अमेरिकी बाजार में मौजूद चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए तैयार है। हालांकि व्यापार वार्ता से जुड़ी बातचीत के विवरण आने अभी शेष हैं, लेकिन दोनों पक्षों की सकारात्मक भावना एक बड़े आर्थिक गठजोड़ का संकेत है। आने वाले महीनों में होने वाली बैठकों में जो समझौते होंगे वे भविष्य की रुपरेखा तय करेंगे।

भागीरथपुरा में पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

## 17 को राहुल ने कांग्रेस समर्थित पार्षदों से लेकर नेता प्रतिपक्ष तक को बुलाया

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित उपवास कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे के दौरान वे भागीरथपुरा में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे और मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित उपवास कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रदेश कांग्रेस इस दौरे को प्रदेश के नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी के रूप में देख रही है, जहां पार्टी अपनी रणनीति को मजबूत करने की कोशिश करेगी। राहुल गांधी का दौरा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में हाल की घटनाओं से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे, जहां सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन होगा। 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास आयोजित किया जाएगा। यह उपवास मनरेगा के नाम बदलने के विरोध में होगा।

### आनंद माथुर सभागृह में करेंगे संबोधित

दौरे के जरिए कांग्रेस नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी में जुट गई है। मध्य प्रदेश के कांग्रेस समर्थित सभी नगरीय निकायों के अध्यक्षों, नगर पालिका अध्यक्षों, पार्षदों और नेता प्रतिपक्ष को इंदौर बुलाया गया है। राहुल गांधी उन्हें आनंद माथुर सभागृह में संबोधित करेंगे, जहां चुनावी रणनीति, स्थानीय मुद्दों और पार्टी की एकजुटता पर जोर दिया जाएगा। इस संबोधन को हर जिले के उपवास स्थलों पर लाइव टेलीकास्ट करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कार्यकर्ता और नेता सीधे जुड़ सकें।

### जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास दिखे संदिग्ध पाक ड्रोन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू सेक्टर में गुरुवार शाम को पाकिस्तान से लगी सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास दो संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान मंडराते हुए नजर आए। सेना ने ड्रोन से निपटने के लिए जवाबी कार्रवाई की है। पिछले पांच दिनों में ड्रोन दिखने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले, 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में दो बार संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए थे। इसके बाद सेना ने फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की ओर लौट गए थे। वहीं 11 जनवरी को नौशेरा सेक्टर, धरमसाल सेक्टर, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एक साथ कुल पांच ड्रोन स्पॉट किए गए थे। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए एलओसी पर निगरानी और चौकसी और बढ़ा दी गई है।

### मासूम से रेप, हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**शहडोल।** शहडोल जिले की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने मानवता को शर्मसार करने वाले एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। बुढ़ार विशेष न्यायालय ने तीन साल की मासूम बच्ची के साथ रेप और उसकी हत्या के मुख्य आरोपी भानू उर्फ रामनारायण ढीमर को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई है। आरोपी की पत्नी और उसके दोस्त को भी चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई है। जज सुशील कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को अपनी टिप्पणी में इस केस की तुलना निर्भया केस से करते हुए इसे “रेयरेस्ट ऑफ रेयर” केस बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों को समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं है। घटना खैरहा थाना क्षेत्र में हुई थी, जहां एक तीन वर्षीय बच्ची के साथ रेप कर उसकी हत्या कर दी गई थी।

डेनमार्क के विदेश मंत्री का बड़ा बयान

## ग्रीनलैंड पर ट्रंप के साथ, लेकिन डेनमार्क की सीमा का सम्मान हो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों के बीच डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने वॉशिंगटन में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ बातचीत की। दोनों पक्ष मतभेदों को दूर करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक कार्य समूह बनाने पर सहमत हुए। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमारे विचार में समूह को अमेरिकी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही डेनमार्क साम्राज्य की सीमा रेखाओं का भी सम्मान करना चाहिए।



लार्स लोके रासमुसेन, विवियन मोट्ज़फेल्ड

### *गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड जरूरी*

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। इसका मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है।*

***हम गुलाम नहीं होना चाहते:*** *बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है।*

सेना दिवस पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## भविष्य के लिए तैयार सेना के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है केंद्र



सैनिकों से मिलते राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के वीर जवानों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र भारतीय सेना के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और देश की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है। सरकार एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार सेना के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना सीमाओं पर हमेशा सतर्क रहती है और संकट के समय पूरी दृढ़ता के साथ डटी रहती है।

सेना ने अपनी व्यावसायिकता, अनुशासन और मानवीय सेवा के माध्यम से वैश्विक स्तर पर सम्मान अर्जित किया है। सेना का अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और अटूट प्रतिबद्धता ही देश की संप्रभुता और अखंडता की सुरक्षा की मजबूत आधारशिला है।

बंगाल के बाद झारखंड में भी विवाद

## ईडी पर लगा मारपीट का आरोप एजेंसी के दफ्तर पहुंची रांची पुलिस

**रांची (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के साथ कथित मारपीट की शिकायत की जांच के सिलसिले में गुरुवार सुबह रांची पुलिस की एक टीम यहां स्थित ईडी के जोनल कार्यालय पहुंची। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई दर्ज शिकायत के आधार पर की जा रही है। जानकारी के अनुसार, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक पूर्व कर्मचारी ने 12 जनवरी को रांची के एयरपोर्ट थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कथित जलापूर्ति घोटाले से जुड़े एक मामले में पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उसके साथ मारपीट की। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है,




■ राजनीतिक आरोपों के बीच बढ़ी हलचल, पूर्व कर्मचारी ने दर्ज कराई मारपीट की शिकायत

जब हाल ही में पश्चिम बंगाल पुलिस और ईडी अधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी थी। उस दौरान ईडी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर छापामारी की थी, जिसमें जबरन प्रवेश और दस्तावेज चोरी के आरोप लगे थे।

### अधिकारी कर रहे हैं जांच

सूत्रों ने बताया कि जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम में डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ एयरपोर्ट थाना प्रभारी भी शामिल हैं। पुलिस टीम ईडी कार्यालय में मौजूद तथ्यों की जांच कर रही है। हालांकि, इस पूरे मामले पर रांची पुलिस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। रांची पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मारपीट के आरोपों के मद्देनजर ईडी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों की पुष्टि की जा सके।

सनातन संस्कृति का गौरव वैश्विक स्तर पर स्थापित : आचार्य बालकृष्ण

## पतंजलि विवि में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण पर दिया गया जोर

### पतंजलि में गुणवत्ता व मानकों का शीर्ष प्राधिकरण : सचिन चौधरी

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के तत्वावधान में, अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से अमेरिका की शैक्षणिक शाखा ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड ईस्टर्न शोर के बिजनेस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग विभाग की संयुक्त पहल में ‘स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण’ पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-17 जनवरी को पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय के सहयोग से सभागार में आयोजित की गई। संगोष्ठी का आयोजन स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण के माध्यम से प्रौद्योगिकी-प्रेरित, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर जन-स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर किया।



शुभारंभ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरि वंदना और श्री चंद्रमोहन व उनकी टीम के समूहगान से हुआ। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन कुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने दिया, तत्पश्चात आचार्य श्री एवं अतिथियों ने सार पुस्तक का लोकार्पण किया। अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. देव शर्मा ने कबीर के दोहे के माध्यम से सेवा और लोककल्याण पर जोर दिया, डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और एआई-सहायित स्मार्ट प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित, प्रभावी और उन्नत चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता रेखांकित की।

जयपुर में 78वां सेना परेड दिवस का आयोजन

## टैंक, रोबोटिक डॉग्स और जगुआर फाइटर जेट ने दिखाया दमखम




ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों का भी हुआ सम्मान

**जयपुर।** जयपुर, राजस्थान में 78वें सेना दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस परेड में भव्य और आधुनिक झांकियां निकाली गई, इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को भी सम्मानित किया गया। आर्मी-डे परेड गुरुवार को जयपुर में आयोजित कि गई, जहां जगतपुरा के महल रोड पर हजारों लोग कार्यक्रम के साक्षी बने। इस परेड में जवानों ने अपने अनुशासन, शक्ति और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। परेड की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित करने के साथ हुई थी।



### हेलीकॉप्टर अपाचे ने दिखाए करतब

आर्मी-डे परेड के दौरान जयपुर की सड़कों पर ब्रह्मोस मिसाइल, पिनाका लॉन्चर, भीष्म, अर्जुन टैंक, धनुष तोप, रोबोटिक डॉग्स का प्रदर्शन किया गया। अटैक हेलीकॉप्टर अपाचे ने आसमान में दुश्मनों के होश उड़ाने वाले करतब दिखाए। इसके अलावा, पाकिस्तान सीमा के पास नाल (बीकानेर) एयरबेस से उड़ान भरकर आए जगुआर फाइटर जेट की खासियतों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई।

### जवान की मां मेडल लेते हुए हो गई बेहोश

ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 1 पैरा स्पेशल फोर्स के जवान लांस नायक प्रदीप कुमार की मां सेना मेडल लेते मंच पर बेहोश हो गई। सैन्य अधिकारियों ने उन्हें संभाला और तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद वीरता पुरस्कार से सम्मानित सेना के अधिकारियों ने परेड कमांडर को सलामी दी। अशोक चक्र, परमवीर चक्र और महावीर चक्र से सम्मानित अधिकारी परेड का नेतृत्व कर रहे थे।